# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-06-2022

# कड़ी निगहबानी में शांतिपूर्वक पढ़ी गई नमाज

## एडीजी समेत सभी पुलिस अफसर लेते रहे पल-पल की जानकारी, मस्जिदों के पास तैनात रहे जवान



मदद के हाथ : शुक्रवार को पुलिस के जवान सुरक्षा के साथ मानवीयता के लिए भी तत्पर दिखे। शहर के घंटाघर स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद बाहर निकलते एक नमाजी के पैर में दिक्कत थी। इसे देख एक पुलिसकर्मी ने उनकी मदद के लिए अपना हाथ बढ़ा दिया। उन्हें सहारा देते हुए घर तक पहुंचाने की बात कही। पुलिसकर्मी के इस व्यवहार की सबने प्रशंसा की ● अभिनव राजन चतुर्वेदी



मुबारक खां शहीद दरगाह में जुमे की नमाज अदा करते मुस्लिमजन। जागरण

### दोपहर में सड़कों पर छाया रहा सन्नाटा

जुमे की नमाज को लेकर चौकस सुरक्षा व्यवस्था के चलते नखास, रेती चौक, पांडेयहाता, घंटाघर के मुख्य मार्गों पर दोपहर 12 से दो बजे के बीच सन्नाटे जैसी स्थिति रही। आमतौर पर यहां दोपहर के समय भारी भीड़ देखी जाती है।

जुमे की नमाज को लेकर पुलिसकर्मी पूरी तरह सतर्क रहे। लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा की। जिले में जुमे की नमाज को लेकर कहीं पर अशांति की स्थिति नहीं है। इसके लिए पुलिसकर्मी ही नहीं, बल्कि यहां के लोग भी बधाई के पात्र हैं।

**अखिल कुमार**, अपर पुलिस महानिदेशक

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार सहित जिले के सभी अधिकारी भ्रमणशील रहे। इसका नतीजा रहा कि जिले में कहीं से कोई अप्रिय समाचार नहीं सुनने को मिला। शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज पढ़ी गई। शाम पांच बजे तक जिले में सबकुछ सामान्य रहा। उसके बाद अधिकारियों समेत सभी पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

पुलिस ने जुमे की नमाज को लेकर पहले ही सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। नमाज के दौरान पुलिस ड्रोन से घरों की छतों की निगरानी करती रही। पुलिसकर्मी भी छतों पर दूरबीन लेकर जमे रहे।

इसके अलावा घंटाघर के पास स्थित जामा मस्जिद, रेती रोड स्थित मदीना मस्जिद, नार्मल स्थित दरगाह मुबारक खां शहीद के पास सर्वाधिक फोर्स रही। घंटाघर की जामा मस्जिद व दरगाह मुबारक खां शहीद में करीब दो-दो हजार लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। शहर में छोटी-बड़ी मिलाकर 100 से अधिक मस्जिदें हैं। यहां शुक्रवार के दिन दोपहर 12 बजे से ढाई बजे के बीच अलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाती है। ऐसे में पुलिस तीन बजे तक पूरी तरह से चौकन्नी रही।

अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार स्वयं घंटाघर, शाहमारुफ, मदीना मस्जिद के पास सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया। उप पुलिस महानिरीक्षक जे रविंदर गौड भी तिवारीपुर, रेती, नखास, खूनीपुर, इलाहीबाग, गोरखनाथ आदि क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. विपिन ताडा व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई लगातार गश्त करके एक-एक गतिविधियों की जानकारी लेते रहे। एडीएम सिटी, एसपी सिटी के साथ लगातार पैदल गश्त करके निगरानी करते रहे। जब हर तरफ स्थिति शांतिपूर्ण रही तो पुलिस अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली।

# प्रदीप शर्मा चिलुआताल के नए थानेदार

गोरखपुर। एसएसपी ने तीन नए थानेदारों की तैनाती की है। जनसुनवाई के दौरान लापरवाही पाए जाने पर हटाए गए दो थानेदारों की जगह रिक्त थी। स्वाट प्रभारी प्रदीप को चिलुआताल का थानेदार बनाया गया है। बेलीपार में रहे सत्य प्रकाश सिंह को बांसगांव का थानेदार बनाया गया है। ट्रेनी सीओ प्रशाली गंगवार को बेलीपार की थानेदारी दी गई। ब्यूरो

# राहत : आशंकाओं के बीच सुकून से गुजरा शुक्रवार

## पुलिस-प्रशासनिक अफसर सड़कों पर रहे, आमजनों ने किया सहयोग, बाजारों में एहतियातन तैनात रही पुलिस फोर्स

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पुलिस की तैयारियों के बीच शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। मस्जिदों में आए लोग नमाज अदा करने के बाद सीधे घर गए। वहीं, एडीजी अखिल कुमार, डीआईजी जे. रविंद्र, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा सड़कों पर भ्रमण करते रहे। इस दौरान आमजनों से मुलाकात कर अफसरों ने सौहार्द पर बातचीत भी की। सभी वर्ग ने शांति कायम रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग किया।

जानकारी के मुताबिक, पिछले जुमे की नमाज के दौरान प्रदेश के दूसरे जिलों में हुई हिंसा को देखते हुए गोरखपुर में भी जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट था। बुधवार से ही पुलिस ने तैयारी कर ली थी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने हर थाने में पीस कमेटी सहित धार्मिक गुरुओं से बातचीत की थी। खुद एसएसपी भी जाकर धर्मगुरुओं से मिले थे। शुक्रवार सुबह से ही गोरखपुर के प्रमुख मस्जिद शाहमारुफ के मदीना मस्जिद और जामा मस्जिद के बाहर फोर्स तैनात कर दी गई। दोपहर करीब एक बजे मदीना मस्जिद में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा कराई गई। इसके बाद जामा मस्जिद में भी करीब 1.40 बजे नमाज अदा हुई। शहर में पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा हुई। पिछली बार शाहमारुफ के दुकानदारों ने अपनी दुकानें सुबह से ही बंद रखी थीं, लेकिन इस बार किसी ने सांकेतिक विरोध भी नहीं जताया।



शाहमारुफ की कुछ दुकानें खुली रहीं जबकि कई बंद थीं। संवाद



जुमे की नमाज के दौरान घंटाघर बड़ी मस्जिद के पास तैनात रही पुलिस। संवाद

### आग लगाने वाली बुर्का पहने महिला का पता नहीं

पिछले शुक्रवार 10 जून की रात कैंट इलाके में डॉक्टर की क्लीनिक के बाहर कार में आग लगा दी गई थी। हालांकि, स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था। कैंट पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से पहचान करने में जुटी। इस दौरान सामने आया कि महिला ने बेतियाहाता चौराहे पर बुर्का पहना और फिर आगजनी की, लेकिन वह कौन थी और उसने ऐसा क्यों किया? यह राज अभी बरकरार है। पुलिस केस दर्ज करने के बाद जांच तो कर रही है, लेकिन महिला एक सप्ताह बीतने के बाद भी पकड़ी नहीं जा सकी।

### बैठक में ले लिए थे ज्ञापन

धर्मगुरुओं से मुलाकात के दौरान ही एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने खुद आगे बढ़कर ज्ञापन लिया था। साथ ही साफ कह दिया था कि उन्हें जो बातें कहनी हैं, उसे शांतिपूर्ण तरीके से कह सकते हैं। पुलिस के इस पहल का ही असर था कि शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा की गई।

*पुलिस-प्रशासनिक अफसर भी सक्रिय थे। सभी वर्ग का सहयोग मिला और शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा हुई है। एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात थी।*

**- डॉ. विपिन ताडा,**
एसएसपी

# मरम्मत के लिए आई कार दोस्त को बेच दी, गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

### मैकेनिक ने मरम्मत के नाम पर लिए 60 हजार रुपये भी हड़प लिए

**गोरखपुर।** मरम्मत के लिए आई कार दोस्त को बेचने के आरोपी मैकेनिक को कैंट पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। मैकेनिक ने मरम्मत के लिए दिए गए 60 हजार रुपये भी हड़प लिए थे। कार मालिक की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस कार खरीदने वाले की तलाश में जुटी है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान तिवारीपुर के बड़े काजीपुर निवासी अज्जू उर्फ दिलशाद के रूप में हुई है। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि कुशीनगर के हाटा निवासी बलराम शर्मा ने अपनी कार गोरखपुर शहर के बेतियाहाता में गैराज चलाने वाले अज्जू उर्फ दिलशाद को मरम्मत के लिए 26 मार्च 2018 को दी थी। गाड़ी बनाने के एवज में एडवांस के रूप में उन्होंने 60 हजार रुपये भी दिए थे। एक साल से मकैनिक अज्जू उन्हें न तो गाड़ी वापस कर रहा था और न ही उनके रुपये। वह गाड़ी चोरी होने समेत तरह-तरह के बहाने बना रहा था। इधर, गाड़ी मांगने पर अज्जू उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। परेशान गाड़ी मालिक बलराम ने कैंट पुलिस को 16 जून 2022 को तहरीर दी थी, पुलिस ने केस दर्ज कर मकैनिक को ट्रांसपोर्ट नगर से गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि गाड़ी को बेच दी थी।

# गोरखपुर में 404 बेटियों का हुआ सामूहिक विवाह

## पुजारी ने मंत्रोच्चार के बीच शादी कराई तो मौलवी ने निकाह पढ़ा, सामाजिक सद्भाव का गवाह बना महंत दिग्विजयनाथ पार्क

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल किनारे महंत दिग्विजयनाथ पार्क का नजारा शुक्रवार को सामाजिक सद्भाव का गवाह बना। समाज कल्याण विभाग ने 404 बेटियों का सामूहिक विवाह कराया। एक ही मंडप में पुजारी ने शादी के मंत्र पढ़े तो मौलवी ने निकाह कराया।

विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 393 बेटियों की शादी हुई है। जुमे को 11 मुस्लिम लड़कियों का निकाह हुआ। जनप्रतिनिधि, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कन्यादान करके विदाई की है।

कोरोना संकट की वजह से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन लंबे समय बाद किया गया। पहले मई में विवाह होना था, फिर जून हो गया। आखिरकार वह घड़ी आ ही गई, जब वर-वधू एक दूजे के हो गए। सामूहिक वैवाहिक के गवाह पुलिस, प्रशासनिक अफसर व जनप्रतिनिधि बने हैं। महराजगंज से आए छह ब्राह्मण पुरोहितों ने सामूहिक रूप से सनातन धर्म के मुताबिक वैवाहिक अनुष्ठान को पूर्ण कराया।

निकाह की प्रक्रिया मौलाना रियाजुद्दीन, मुफ्ती अजहर शम्सी, मुफ्ती मेराज अहमद ने पूरी कराई। निकाहनामा भी तत्काल तैयार कराया। वैवाहिक समारोह की ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी कराई गई। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई। सेल्फी प्वाइंट भी बना था। सहभोज भी हुआ।



रामगढ़ताल किनारे महंत दिग्विजयनाथ पार्क में समाज कल्याण विभाग की ओर से 404 बेटियों का सामूहिक विवाह कराया गया। अमर उजाला

### ये मिले उपहार

*कढ़ाई वाली साड़ी-ब्लाउज, डेलीयूज साड़ी, पेटीकोट, चुनरी, कुर्ता पैजामा, दूल्हे की पगड़ी, माला, फेटा, चांदी के पायल (35 ग्राम), चांदी की बिछिया (6ग्राम), कुकर तीन लीटर, लोटा, थाली, कटोरी, चम्मच, गिलास, बक्सा, कुंवर दानी सौंदर्य प्रसाधन के साथ।*

### कन्या के बैंक खाते में भेजे गए रुपये

*योजना के तहत प्रति लाभार्थी पर 51 हजार रुपये खर्च किए गए। 35 हजार लाभार्थी कन्या के खाते में सीधे भेजी गए। 10 हजार का सामान और 6 हजार रुपये प्रति लाभार्थी आयोजन पर खर्च किया गया।*



महंत दिग्विजय नाथ पार्क में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह संपन्न होने के बाद दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देते मेयर सीताराम जायसवाल। विधायक महेंद्र पाल सिंह, डॉ.विमलेश पासवान और विपिन सिंह भी मौजूद रहे। अमर उजाला

### पंजीकरण कराकर नहीं आए 28 जोड़े

शादी के लिए 432 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन ऐन वक्त पर 28 जोड़े नदारद हो गए। बताया जा रहा है कि एक युवक निकाह के लिए तैयार हुआ था, लेकिन शादी स्थल पर नहीं पहुंच सका। लड़की व उसके परिजन इंतजार करते रहे। इसी तरह और भी जोड़े नहीं आए हैं। कई जोड़े ऐसे भी थे, जिनके पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं थे। अनुदान राशि प्राप्त करने के चक्कर में एक दूसरे से शादी रचाना चाह रहे थे, लेकिन सत्यापन में फंसने के डर से नहीं आए।

**इनकी रही मौजूदगी**

**विधायक** विपिन सिंह, विमलेश पासवान, महेंद्र पाल सिंह, मेयर सीताराम जायसवाल, ऋषि मोहन वर्मा,ब्लॉक प्रमुख शिव प्रसाद जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि समरेंद्र विक्रम सिंह, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ विपिन ताडा, सीडीओ इंद्रजीत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी आशुतोष पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी संदीप मौर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास वेद प्रकाश मिश्र।

### सीएम की इस अनूठी मुहिम की सराहना

**जिन** लोगों ने सामूहिक शादी में अपने जीवन साथी के मांग में सिंदूर भरा, वह खुश हैं। उनका कहना है कि शादी धूमधाम से हुई है। विधायक, एसएसपी और डीएम सीडीओ शादी में आए। आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस अनूठी मुहिम से गरीब जनता का कल्याण हुआ है। हर जरूरतमंद की आसानी से शादी हो जा रही है।

### लाल रंग ओढ़ी के चुनरिया जाली रे बिटिया

विवाह कार्यक्रम स्थल पर हर जोड़े के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था थी। ब्राहमणों के निर्देश के अनुसार, दुल्हा-दुल्हन अनुष्ठान कर रहे थे। महिलाएं समूहों में बैठकर वैवाहिक गीत भी गा रही थीं। मंच से जब लोक गायक प्रमोद यादव ने गीत गाए तो आयोजन में चार चांद लग गए। लाल रंग ओढ़ी के चुनरियां जाली रे बिटिया तो लोगों ने खूब तालियां बजाईं।



हमारी शादी लंबे समय से तय थी पर आर्थिक तंगी की वजह से नहीं हो पा रही थी। ऐसे में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हम जैसे असहायों के लिए एक वरदान की तरह है।
– **सुरेश और आशा**, संतकबीरनगर



मुख्यमंत्री की सोच बहुत सराहनीय है। समाज के गरीब तबके के लोग इस प्रकार से अपने बेटे और बेटियों की शादी विवाह नहीं कर पाते थे। ऐसे में सामूहिक विवाह समारोह काफी राहत दी है।
– **दिनेश और निशा**, खजनी



विवाह के बाद भविष्य के लिए मुफ्त राशि भी दी जा रही है। दैनिक उपयोग के बर्तन, गैस, चूल्हा सहित आभूषण भेंट किया गया है। अब किसी माता पिता को उनकी बेटी बोझ नहीं लगेगी। – **रियाजुद्दीन और सामना खातून**, महाराजगंज



अगर, किसी युवती के पति की मृत्यु हो जाती है तो उसमें उसका कोई दोष नहीं है। इस सोच को बदलने को बीड़ा उठाया है। प्रतिमा के तीन बच्चे है। पत्नी के साथ तीनों बच्चों को भी अपना रहा हूं। – **दिनेश कुमार और प्रतिमा**, पीपीगंज

# छात्र आंदोलन के चलते वैशाली समेत 52 ट्रेनें निरस्त

गोरखपुर (एसएनबी)। केंद्र सरकार की सेना भर्ती को लेकर नई नीति अग्निपथ के खिलाफ छात्रों के धरनाप्रदर्शन/ आंदोलन के कारण 17 जून को पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र में अनेक गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन एवं नियंत्रण किया गया है जो इस प्रकार है।

**निरस्तीकरण:** 52 गाड़ियाँ निरस्त की गई जो निम्नवत हैं05446 वाराणसी सिटी-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05135 छपरा-औड़िहार अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05169 बलिया-वाराणसी सिटी अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05427 आजमगढ़-वाराणसी सिटी अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05138 प्रयागराज रामबाग-मऊ अनारक्षित विशेष गाड़ी , 05137 मऊ-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित विशेष गाड़ी , 05121 थावे-छपरा कचहरी अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05445 छपरा-वाराणसी सिटी अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05440 थावे-मसरख अनारक्षित विशेष गाड़ी , 05441 मसरख-थावे अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05170 वाराणसी सिटी-बलिया अनारक्षित विशेष गाड़ी, 15125 बनारस-पटना एक्सप्रेस, 05165 थावे-कप्तानगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी . 05166 कप्तानगंज-थावे अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05428 वाराणसी सिटी-आजमगढ़ अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05148 वाराणसी सिटी-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05136 औड़िहार-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05124 छपरा कचहरी-थावे अनारक्षित विशेष गाड़ी , 05123 थावे-छपरा कचहरी अनारक्षित विशेष गाड़ी , 05151 भटनी-बरहज बाजार अनारक्षित विशेष गाड़ी , 05152 बरहज बाजार-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05431 सलेमपुर-बरहज बाजार अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05432 बरहज बाजार-सलेमपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05143 औड़िहार-जौनपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05144 जौनपुर-औड़िहार अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05155 छपरा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05156 गोरखपुर-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05450 गोरखपुर-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी , 05142 गोरखपुर-सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05498 गोरखपुर-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी, 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस, 15048 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस, 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस, 12529 पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस, 05497 नरकटियागंज-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी, 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 15273 रक्सौल-आनन्दविहार टर्मिनस एक्सप्रेस, 02563 सहरसा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी, 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस,05164 थावे-छपरा कचहरी अनारक्षित विशेष गाड़ी, 13507 आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस , 12792 दानापुर-सिकन्दराबाद एक्सप्रेस, 15126 पटना-बनारस एक्सप्रेस, 15079 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस, 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस, 12791 सिकन्दराबाद-दानापुर एक्सप्रेस , 15051 कोलकाता-गोरखपुर, 15232 गोंडिया-बरौनी एक्सप्रेस , 12353 हावड़ा-लालकुआं एक्सप्रेस, 12354 लालकुआं-हावड़ा एक्सप्रेस 18 जून, 2022।

**शार्ट टर्मिनेशन:-** 10 गाड़ियाँ शार्ट टर्मिनेट की गई जो निम्नवत हैं-15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, 05096 गोरखपुर-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी.12530 लखनऊ-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, 15097 भागलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 16 जून समस्तीपुर, 04651 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी 17 जून समस्तीपुर, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी 17 जून समस्तीपुर, 12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस 17 जून सिमरी बख्तियारपुर, 12558 नई दिल्ली-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 16 जून, 2022 कुमारबाग, 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस 16 जून समस्तीपुर, 12522 एर्नाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस 17 जून इरोड

**रि-शिड्यूलिंग :-** 3 गाड़ियाँ रिशिड्यूल कर चलाई गई जो निम्नवत हैं-। 15231 बरौनी-गोंडिया एक्सप्रेस 17 जून, 2022 बरौनी से 300 मिनट, 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 17 जून बरौनी से 450 मिनट,12557 मुजफ्फरपुर-आनन्दविहार टर्मिनस एक्सप्रेस 17 जून मुजफ्फरपुर से 200 मिनट। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## हेल्पलाइन नम्बर जारी

गाड़ियों की जानकारी देने हेतु हेल्पलाइन नम्बर निम्नवत हैं-वाणिज्य कन्ट्रोल, वाराणसी 0542-2550999, सीवान 9026624251, छपरा 9262399207, बलिया 8303989210, मऊ 8303983376, आजमगढ़ 8303984527, गाजीपुर सिटी 8303986909, बनारस 8303994245, गोरखपुर 0551-2208169, वाणिज्य कन्ट्रोल, लखनऊ 9794846989, लखनऊ 9794846979, बस्ती 8957407587,कासगंज 9389809493, वाणिज्य कन्ट्रोल, इज्जतनगर 0581-2518129।

## आज निरस्त होने वाली ट्रेनें

गोरखपुर (एसएनबी)। राजनीतिक दल द्वारा 18 जून, 2022 को बिहार बन्द के आह्वन के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण निम्नवत रहेगा- **निरस्तीकरण :** 05138/05137 प्रयागराज रामबाग-मऊ-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05169/05170 बलिया-वाराणसी सिटी-बलिया अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून,05427/05428 आजमगढ़-वाराणसी सिटी-आजमगढ़ अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून,05147/05148 भटनी-वाराणसी सिटी-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 2022। 05446/05445 वाराणसी सिटी-छपरा-वाराणसी सिटी अनारक्षित विशेष गाड़ी18 जून, 05444/05443 मऊ-छपरा-मऊ अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05124/05123 छपरा कचहरी-थावे-छपरा कचहरी अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून,05163/05164 छपरा कचहरी-थावे-छपरा कचहरी अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05165/05166 थावे-कप्तानगंज-थावे अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05122/05121 छपरा कचहरी-थावे-छपरा कचहरी अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05440/05441 थावे-मसरख-थावे अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05439/05442 सीवान-थावे-सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05135/05136 छपरा-औड़िहार-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05145/05146 छपरा-सीवान-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05156/05155 गोरखपुर-छपरा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 15111/15112 छपरा-वाराणसी सिटी-छपरा एक्सप्रेस 18 जून, 05242 पंचदेवरी-सोनपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05247/05248 सोनपुर-छपरा-सोनपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून, 05154 गोरखपुर-सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी 17 जून, 05153 सीवान-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 18 जून। उक्त जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## आरक्षित काउंटरों पर टिकट कैंसिल कराने वालों की लगी भारी भीड़

गोरखपुर (एसएनबी)। छात्र आंदोलन के चलते अनेक ट्रेनें निरस्त होने के कारण आरक्षण कार्यालय पर आरक्षित टिकट कैंसिल कराने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए जारी किये गये अग्निपथ योजना के विरोध में छात्रों ने आंदोलन तेज कर दिया है। जगह-जगह रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनें रोक कर आगजनी की घटनाएं की जा रही हैं जिसको लेकर रेल प्रशासन परेशान है। इस दौरान यात्री अपना टिकट कैंसिल कराने के लिए आरक्षण काउंटरों पर लगातार दबाव बनाये हुए हैं। आज शुक्रवार को गोरखपुर रेलवे आरक्षण केंद्र पर लोगों का भारी हुजूम देखा गया जहां टिकट कैंसिल कराने को लेकर तू-तू, मैं-मैं होता रहा। भीड़ को देखते हुए टिकट कैंसिल कर रहे बाबू भी परेशान रहे। देर शाम तक आरक्षित टिकट कैंसिल कराने के लिए यात्रियों की भीड़ लगी रही।

## न पर फ्लैग मार्च

र्ं को आता देख खिसक लिए। इसके अलावा ी स्टेशन, सहजनवा, जगतबेला, नकहा, गोरखपुर शनों पर विशेष फोर्स लगाकर चौकसी बरती जा रही है। अफसरों ने यहां तैनात फोर्स के जवानों को विशेष हिदायत दी है कि कोई भी व्यक्ति यदि संदिग्ध दिखता है तो उससे पूछताछ और करें। अलर्ट रहे जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। आंदोलन को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ के अफसरों, जवानों की छुट्टियां अगले आदेश तक निरस्त कर दी गयी हैं। इसके अलावा बिना अनुमति कोई भी मुख्यालय छोड़कर बाहर नहीं जा सकता। ड्यूटी पर मुस्तैद सभी जवानों को दंगा नियंत्रण उपकरणों से



ही विशेष चौकसी

ट्टियां निरस्त

। इसके अलावा स्थानीय जीआरपी और आरपीएफ ने आलाअफसरान के संपर्क में हैं और उन्हें पल पल गत करा रहे हैं।

## राजस्व निरीक्षक 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ धराया

गोरखपुर/ हर्रैया (एसएनबी)। तहसील परिसर में गुरूवार को उस समय अफरातफरी मच गयी जब एक राजस्व निरीक्षक को जमीन की पैमाइश के नाम कर घूस लेते एंटी करप्सन गोरखपुर एवं फैजाबाद की संयुक्त टीम ने रंगे हाथ पकड़ा। कप्तानगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराने के बाद राजस्व निरीक्षक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। रात भर वे हवालात में रहेंगे। शनिवार को कप्तानगंज पुलिस उन्हे गोरखपुर ले जाएगी। इस कार्रवाई से तहसील के कर्मचारियों मे हडकम्प मचा हुआ है। खबर लिखे जाने तक टीम तहसील मे नायब तहसीलदार से शिकायत कर्ता के आरोपो की जांच पडताल कर रही थी।



गिरफ्तार राजस्व निरीक्षक के साथ एंटी करप्सन टीम।

जानकारी के अनुसार खेमराजपुर निवासी मनोज कुमार श्रीवास्तव की पत्नी रेखा श्रीवास्तव के नाम कृषि योग्य जमीन थी। जमीन की पैमाइश के लिए 09/07/2021 को एसडीएम हर्रैया ने आदेश किया। मनोज कुमार श्रीवास्तव का आरोप है कि जमीन की पैमाइश के लिए राजस्व निरीक्षक घनश्याम चौधरी द्वारा रूपये 10 हजार की मांग की जा रही थी। इसकी शिकायत उन्होने एंटी करप्सन कार्यालय गोरखपुर में किया। शुक्रवार को अपराह्न 3:35 मिनट पर तहसील परिसर मे मनोज कुमार श्रीवास्तव से 10 हजार घुस लेते हुए एंटी करप्सन टीम ने राजस्व निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को कप्तानगंज पुलिस उन्हे बरामद रूपये के साथ गोरखपुर ले जाएगी। कार्रवाई का नेतृत्व एंटी करप्सन गोरखपुर के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित कर रहे थे। उनके साथ निरीक्षक शिव मनोहर यादव, एसआई नरेंद्र कुमार सिंह, हेका. चंद्रभान मिश्रा, नीरज कुमार सिंह और फैजाबाद एंटी करप्सन टीम के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, एसआई राघवेंद्र सिंह, एचसी रविंद्र कुमार और एचसी दिलीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक एंटी करप्शन गोरखपुर संतोष कुमार दीक्षित ने कहा कि एक सूचना पर गोरखपुर और फैजाबाद की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। जिसमें राजस्व निरीक्षक तहसील हर्रैया घनश्याम चौधरी को गिरफ्तार कर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों को कराया परेड

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे थाने के समस्त पुलिसकर्मियों को प्रेड कराते हुए दौड़ लगाया। इंस्पेक्टर ने खुद प्रेड कराते हुए पुलिसकर्मियों के साथ ग्राउंड में दौड़ लगाया और पुलिस कर्मियों को फिटनेस टिप्स भी दिया है। इस अवसर पर दारोगा विनय कुमार, आलोक सिंह, केशव प्रसाद, विपिन कुमार, जितेन्द्र यादव, चंदन राय, हेड कांस्टेबल पीयूष कुमार सिंह, राम कृष्ण यादव, यशवंत, रामचन्द्र, राकेश कुमार यादव, प्रवीण कुमार, महिला आरक्षी प्रेमशीला पाल, सोनी गुप्ता,आरती वर्मा, अंजली सिंह, गीतांजली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 5 ब्लैक स्पाट का आरटीओपीडब्ल्यूडी व यातायात पुलिस ने किया निरीक्षण

गोरखपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी के निर्देश पर आरटीओ, पीडव्ल्यूडी व यातायात विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को 5 व्लैक स्पाट (नौसढ़, कालेसर, वोक्टा, दानापानी व कसरौल ) का निरीक्षण किया। इस दौरान व्लैक पर की जाने वाली सुधारात्मक कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। यह रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप जाएगी। निरीक्षण के दौरान एआरटीओ (प्रवर्तन) वीके सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय, सव इंस्पेक्टर आरवी यादव, ई. जय प्रताप सिंह, वावर अली, प्रवीण कुमार रोनित सिंह आदि मौजूद रहे।



ब्लैक स्पाट का निरीक्षण करते पीडब्लूडी, आरटीओ व यातायात पुलिस के अधिकारी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 404 जोड़ों की शादी







रामगढ़ताल स्थित दिग्विजयनाथ पार्क में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ करते महापौर सीताराम जायसवाल साथ में है विधायक विपिन सिंह, विधायक विमलेश पासवान विधायक महेन्द्र पाल सिंह, सीडीओ इन्द्रजीत सिंह, एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा तथा मंडप में सामूहिक विवाह कराते दुल्हा-दुल्हन व निकाह कराते मौलवी। फोटो : एसएनबी

गोरखपुर (एसएनबी)। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद में गरीबी व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु महन्त दिग्विजयनाथ पार्क में शुक्रवार को सामूहिक विवाह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत 404 जोड़ों की शादियां सम्पन्न हुई, जिसमें 11 अल्पसंख्यक वर्ग, 276 अनुसूचित जाति, 113 अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 4 सामान्य वर्ग के जोड़ों की शादियां हुई। सामूहिक विवाह समारोह में महापौर सीताराम जायसवाल, विधायक ग्रामीण विपिन सिंह, वासगांव विमलेश पासवान, चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी, पिपराइच महेन्द्र पाल सिंह तथा जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन टाडा, मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद देकर सुखमय जीवन की कामना की।

# पेट्रोल पम्प पर चोरी करते एक गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल क्षेत्र के किसान सेवा केन्द्र दहला पेट्रोल पम्प पर शुक्रवार की भोर में चोरी की कोशिश करते एक शातिर बदमाश को कर्मचारियों ने पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने उसके पास से चोरी में इस्तेमाल होने वाला उपकरण भी बरामद किया। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। चिलुआताल थानेदार प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि चोर की पहचान पीपीगंज क्षेत्र के राजावारी गांव निवासी कर्मवीर प्रसाद के रूप में हुई। उसके पास से 3090 रुपये नकदी और दो सब्बल बरामद किए गए हैं।

# जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। नाबालिग को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोपित सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलहर निवासी दीपक कुमार की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धीरेंद्र जायसवाल एवं रविंद्र यादव का कहना था कि 2 मई 2022 को सुबह सात बजे आरोपित वादी की नाबालिग बच्ची को भगा ले गया। वादी को जब इसकी सूचना हुई तो वह अपने घर वालो के साथ आरोपित के घर गया और उसके पिता सुभाष और मां तारा देवी से अपनी लड़की के बारे में पूछा। जिसपर आरोपित के पिता और मां नाराज हो गए और गाली गुप्ता देते हुए वादी की पत्नी और उसकी दूसरी पुत्री को मारे पीटे।

# ट्रिपल मर्डर के आरोपी ने भाई को दी धमकी, गिरफ्तार

बड़हलगंज (एसएनबी)। बड़हलगंज पुलिस ने ट्रिपल मर्डर के आरोपी अरूण राय उर्फ विक्कू को पुलिस ने एक युवक को धमकी देने के मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वह जमानत पर छूट कर बाहर आया था। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी अरूण राय उर्फ विक्कू 2014 में ट्रिपल मर्डर के बाद जेल गया था। 2017 में वह जमानत पर बाहर आया। जिसके बाद वह सूरत चला गया। सूरत से वह 2021 में मुकदमें के अभियोजन से बचने के लिए बैंकाक चला गया। बैंकाक जाने के लिए उसने 2004 में यानि हत्या से पहले बने पासपोर्ट का प्रयोग किया था। बीते 9 जून, 2022 को वह गोरखपुर स्थित अपने गांव आया था और अपने पट्टीदार आशीष राय के पिता अरविंद राय को जान से मारने की धमकी दे रहा था।

**मुकदमे से बचने को भाग गया था बैंकाक, 2014 में महिला, उसकी बेटी और नाती की गोली मारकर हुई थी हत्या**



### दलित महिला, उसकी शादीशुदा बेटी और नाती की हुई थी हत्या

बड़हलगंज के तीहामुहम्मदपुर गांव में 9 नवंबर, 2014 की रात को दलित महिला 55 वर्षीय केसरी देवी, केसरी की शादीशुदा बेटी 30 वर्षीय सीमा और सीमा के 12 वर्षीय बेटे लालू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने प्रधान काशीनाथ राय की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या, साजिश सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि हत्या हीरा राय और उनके दो बेटों अरूण राय उर्फ विक्कू और अरविंद ने किया है। जिसके बाद पुलिस ने 13 नवंबर 2014 को हत्यारोपी हीरा राय, बेटों अरूण और अरविंद को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने हीरा राय की लाइसेंसी बंदूक की बरामद किया था।

### नाजायज बेटे को न देना पड़े हक इसलिए कर दी हत्या

उस समय पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए बताया था कि हत्या की साजिश हीरा राय और उसके तीसरे बेटे बैंकाक में रहने वाले नवीन उर्फ टुनटुन ने रची थी। पुलिस ने बताया था कि चूंकि नवीन की संबंध मृतका सीमा से था। दोनों का एक बच्चा लालू पैदा हुआ था। अवैध संबंध की जानकारी होने पर सीमा के पति दीपचंद ने उसे अपनाने से इंकार कर दिया था। इसी से नवीन को लग रहा था कि बड़ा होकर ये उनके संपत्ति से हिस्सा ले लेगा। जिसके बाद प्लान बनाकर नवीन ने अपने पिता हीरा और भाइयों अरविंद, अरूण से हत्या करा दी थी।

### तारीख पर जाने की बात कहने पर दी धमकी

ट्रिपल मर्डर के आरोप में अरूण के साथ उसका भाई अरविंद भी जेल गया था। इस समय अरविंद मुकदमे की तारीख पर जाने को कह रहा था ताकि केस का जल्दी से निस्तारण हो जाए। यह बात अरूण को नागवार गुजर रही थी। इसलिए बैंकाक से आने के बाद बीते एक सप्ताह से आए दिन अरूण अपने ही भाई अरविंद को जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिसके बाद अरविंद के बेटे आशीष ने अपने चाचा के खिलाफ धमकी देने का केस दर्ज कराया था।

# बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। चौकी प्रभारी हड़हवा फाटक एसआई राजकुमारी शुक्ला ने हमराही एसआई अमजद अली व कांस्टेबल मिथलेश व कमलेश के साथ मुखबिर की सूचना पर एक वाहन लिफ्टर को धर्मशाला बाजार से पकड़ा। पुलिस ने उसके कब्जे से दो बाइक बरामद की। आरोपित ने अपना नाम आलमीन पुत्र अब्दुल अंसारी निवासी रामकोला कुसम्हा सूरज पट्टी थाना रामकोला कुशीनगर बताया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं में कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

## चोरी की मोबाइल बेचते एक गिरफ्तार

पीपीगंज। पीपीगंज पुलिस ने चोरी की मोबाइल को बेचने का प्रयास करते समय एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से मोबाइल बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम कमलेश बताया। उसने यह भी बताया कि मोबाइल कैम्पियरगंज बाजार के शनि का है जो उसने चुराया है। कमलेश इस मोबाइल को अपने ससुराल पीपीगंज के रहने वाले आजाद के हाथ बेच रहा था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। मोबाइल मालिक ने पीपीगंज थाने पहुंचकर मोबाइल की तस्दीक कर ली है। जिसके बाद पुलिस आरोपित के विरूद्ध विधिक कार्रवाई कर रही है।





जुमे की नमाज पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसएसपी तथा घंटाघर जामा मस्जिद से नमाज अदाकर बाहर निकलते नमाजी ।। फोटो : एसएनबी

# कड़े पहरे के बीच शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज संपन्न

गोरखपुर (एसएनबी)। पुलिस एवं प्रशासन के आलाअफसरों का प्रयास रंग ले आया। जिसका नतीजा रहा कि जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गयी। पुलिस का फोकस पूरी तरह से जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर था लिहाजा कुछ जगहों पर अग्निपथ का विरोध करने वाले अपने मंसूबे में कामयाब रहे और उपद्रव किया। हालांकि कि पुलिस और प्रशासन की सक्रियता ने उन्हें कुछ ही पल में बैकफुट पर जाने का विवश कर दिया।

तमाम तैयारियों के बीच जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज सकुशल संपन्न हुई। जिले के 242 मस्जिदों पर पुलिस के कड़े पहरे के बीच शांतिपूर्ण नमाज अदा की गई। हालांकि शहर की 48 मस्जिदों को संवेदनशील मानते हुए यहां बड़ी संख्खा में पुलिस और पीएसी बल के जवानों की तैनाती की गयी थी। बाजार खुले रहे और आमजन खरीददारी भी करते नजर आए। नमाजी नमाज अदा कर घर लौट रहे थे जकि सुरक्षा का जायजा लेने

**एडीजी जोन, डीआईजी रेंज, डीएम, एसएसपी करते रहे चक्रमण**

**ड्रोन कैमरे से की जा रही थी निगरानी**

पुलिस और प्रशासन के आला अफसर भी सड़कों पर चक्रमण करते देखे गए। पूरे शहरी क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। एडीजी जोन अखिल कुमार, डीआईजी जे रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. विपिन टाडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई समेत जिला प्रशासन और पुलिस के अन्य अफसर लगातार शहर के संवेदनशील इलाके कोतवाली, तिवारीपुर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व कस्बों इलाहीबाग, निजामपुर, घासीकटरा, अलीनगर, रेती चौराहा, घण्टाघर, जाफरा बाजार का भ्रमण किया। इसके अलावा राजघाट और गोरखनाथ इलाकों में पुलिस अधिकरियों ने दौरा कर सुरक्षा का जायजा लिया।

डीएम एवं एसएसपी ने बताया कि हर स्थिति से निपटने और किसी भी तरह की साजिश को नाकाम करने में में पुलिस पूरी तरह सक्षम है। अगर किसी ने अराजगता फैलाने या माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# मरम्मत को आई कार मैकेनिक ने बेची

## कार मालिक से 60 हजार रुपये भी हड़पे, शिकायत पर दबोचा गया आरोपित

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कैंट थाना क्षेत्र में एक मैकेनिक ने मरम्मत के लिए आई कार को अपने मित्र को बेच दी। कार मालिक से कार ठीक कराने के नाम पर मिले 60 हजार रुपये भी हड़प लिया। कार मालिक की सूचना पर कैंट पुलिस ने मैकेनिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस अब कार खरीदने वाले की तलाश कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि कुशीनगर के हाटा निवासी बलराम शर्मा ने अपनी कार गोरखपुर शहर के बेतियाहाता में गैराज चलाने वाले अज्जू उर्फ दिलशाद को 26 मार्च 2018 को मरम्मत के लिए दी थी। गाड़ी बनाने के एवज में उन्होंने एडवांस 60 हजार रुपये भी दिए थे। दो साल से अज्जू उन्हें न तो गाड़ी वापस कर रहा था और न ही उनके रुपये। वह गाड़ी चोरी होने समेत तरह-तरह के बहाने बना रहा था। इधर गाड़ी मांगने पर अज्जू उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस के अनुसार गाड़ी मालिक बलराम ने कैंट पुलिस को गुरुवार को तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी मैकेनिक अज्जू को ट्रांसपोर्ट नगर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि कार उसने अपने एक मित्र को बेच दी है। पुलिस के अनुसार तिवारीपुर के बड़े काजीपुर निवासी अज्जू उर्फ दिलशाद ने गाड़ी को अपना बताकर अपने ही दोस्त गाजीरौला निवासी राशिद अली को बेचा है।अब पुलिस कार खरीदने वाले की तलाश कर रही है। वहीं पुलिस अज्जू के आपराधिक विवरण भी तलाश रही है।

**पेट्रोल पंप पर चोरी के आरोप में गिरफ्तार :** पीपीगंज थाने के राजाबारी निवासी कर्मवीर प्रसाद शुक्रवार सुबह चिलुआताल के दहला पेट्रोल पंप पर चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके पास से तीन हजार 90 रुपये व एक सब्बल बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

**चोर गिरफ्तार, चोरी की दो बाइक बरामद**

शाहपुर थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में गुरुवार को धर्मशाला पुल के नीचे से आलमीन अंसारी को गिरफ्तार किया है। वह कुशीनगर जिले के रामकोला कुसम्हा सूरज पट्टी का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो बाइक बरामद किया है।

## सिपाही से लेकर एडीजी तक सड़क पर उतरे, पैदल गश्त की

# जुमे की नमाज पर शांति प्रशासन रहा मुस्तैद

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जुमे की नमाज पर एक बार फिर गोरखपुर पुलिस और प्रशासन ने शांति कायम रखने में कामयाबी हासिल की। पिछले एक सप्ताह से अलर्ट रहे पुलिस अफसरों ने शांति व्यवस्था के लिए हर स्तर पर काम किया। ड्रोन से निगरानी की तो वहीं खुफियातंत्र मजबूत कर किसी भी तरह की सूचना पर तुरंत काम किया। धर्मगुरुओं से सम्पर्क कर शांति की अपील कराई। संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात कर मुस्तैदी दिखाई। अफसरों ने फ्लैग मार्च कर अमन में खलल डालने वालों को हिदायत दी। सभी के प्रयास से गोरखपुर में पूर्ण शांति रही।

दरअसल, नुपूर शर्मा के बयान को लेकर पूरे देश में चल रहे विवाद के बाद इस जुमे को भी पुलिस प्रशासन को अलर्ट रखा गया था। पिछले जुमे को प्रयागराज सहित कई शहरों में प्रदर्शन और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं लिहाजा गोरखपुर पुलिस और प्रशासन सबसे ज्यादा सतर्क था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने ड्रोन से निगरानी बढ़ाने के साथ ही सीएए के दौरान बवाल करने वालों की फाइल खोली तो वहीं एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने धर्मगुरुओं से बात की, जामा मस्जिद जाकर इमाम से मिले।

पीस कमेटी की बैठक कर शांति कायम रखने के काम में लगाया। शहर के संवेदनशील इलाकों में चौराहों पर फोर्स तैनात की गई। इसका असर जुमा के दिन साफ तौर पर दिखा। पिछले जुमे को शाहमारूफ बाजार बंद रहा था जबकि इस बार शाहमारूफ के साथ ही अन्य बाजार पूरी तरह से खुले रहे। बाजार खुले देखकर ही मान लिया गया कि इस बार पूरी तरह से शांति रहने वाली है।

एडीजी अखिल कुमार, डीआईजी जे रवीन्द्र गौड़, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा सहित अन्य अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त कर लोगों से बात की। अधिकारियों ने शहर क्षेत्र के कोतवाली, तिवारीपुर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व बाजारों इलाहीबाग, निजामपुर, घासीकटरा, अलीनगर, रेती चौराहा, घण्टाघर, जाफरा बाजार आदि का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस के अलर्ट होने और समझाने का असर यह रहा है कि नमाज अदा करने के बाद लोग अपने घर और दुकानों पर चले गए।



हजरत मुबारक खां शहीद मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते नमाजी। • हिन्दुस्तान

## जुमा पर शांति के बाद अब रविवार को लेकर अलर्ट

गोरखपुर। जुमे पर शांतिपूर्ण नमाज सम्पन्न होने के बाद अब रविवार को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। इंटेलीजेंस की रिपोर्ट के मुताबिक नूपुर शर्मा के बयान पर यूपी में विरोध की साजिश बरेली से रची जा रही है। खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के मुताबिक पिछले शुक्रवार को भारत बंद का एलान बरेली आईएमएस चीफ तौकीर रजा ने किया था, लेकिन बाद में फिर उसे वापस ले लिया था। इसके बाद गफलत में आकर प्रदेश के कई शहरों में बवाल हुआ था। राम अभिलाष त्रिपाठी ने बताया कि एक बार फिर तौकीर रजा ने रविवार 19 जून को विरोध-प्रदर्शन का एलान किया है। विरोध-प्रदर्शन के लिए बकायदा प्रशासन ने अनुमति भी मांगी है। इसे लेकर खुफिया एजेंसिया और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

# पेट्रोल पम्प पर चोरी करते एक गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल क्षेत्र के किसान सेवा केन्द्र दहला पेट्रोल पम्प पर शुक्रवार की भोर में चोरी की कोशिश करते एक शातिर बदमाश को कर्मियों ने पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया गया।

पुलिस ने उसके पास से चोरी में इस्तेमाल होने वाला उपकरण भी बरामद किया। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। चिलुआताल थानेदार प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि चोर की पहचान पीपीगंज क्षेत्र के राजाबारी गांव निवासी कर्मवीर प्रसाद के रूप में हुई। उसके पास से 3090 रुपये बरामद किए गए हैं।

### अचानक ट्रेनों के निरस्त हो जाने से गर्मी में उबले यात्री, कई लोग मजबूरन घर लौटे

# वैशाली समेत 12 ट्रेनें निरस्त, कई रोकी गईं

**840** यात्रियों ने निरस्त कराए टिकट

- शाम को टिकट निरस्त कराने को उमड़ी भीड़
- रेल प्रशासन ने नहीं ली यात्रियों की खोज खबर

## अग्निपथ बवाल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बिहार में अग्निपथ योजना के खिलाफ दूसरे दिन शुक्रवार को भी जबरदस्त बवाल हुआ। बवाल के चलते बिहार की तरफ से गोरखपुर आने वाली वैशाली एक्सप्रेस समेत एक दर्जन से अधिक ट्रेनें रास्ते में ही निरस्त कर दी गईं। इसके साथ ही गोरखपुर से छपरा-नरकटियागंज जाने वाली एक दर्जन से अधिक पैसेंजर ट्रेनें भी बवाल को देखते निरस्त करनी पड़ीं।

अचानक से ट्रेनों के निरस्त होने से बिहार जाने वाले और गोरखपुर से दिल्ली की तरफ जाने वाली यात्री काफी परेशान हुए। तपिश भरी गर्मी में यात्री उबल गए। ट्रेनों के निरस्त होने से स्टेशन आ चुके यात्रियों को काफी परेशानी हुई और उन्हें मजबूरन घर लौटना पड़ा।

प्लेटफार्म नम्बर एक पर वैशाली एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे यात्रियों को काफी कठिनाई हुई। पहले तो कुछ देर तक इंतजार करते रहे फिर अचानक से ट्रेन के निरस्त होने की घोषणा होने लगी। ट्रेन को बीच रास्ते में ही निरस्त किए जाने की सूचना पाकर यात्रियों ने काफी नाराजगी जताई और कहा कि अब कहां से कंफर्म टिकट लेकर आएं।

गोरखपुर से गाजियाबाद तक जाने के लिए प्लेटफार्म नम्बर एक पर खड़े शुभम शुक्ला ने बताया कि बहुत मुश्किल से तत्काल कोटे से बर्थ मिली थी। अचानक से ट्रेन ही निरस्त हो गई। इसी ट्रेन से दिल्ली जाने वाले दीपक यादव बताते हैं कि उन्होंने तीन महीने टिकट बुक कराई थी। जब जाना हुआ तो ट्रेन ही निरस्त हो गई। यात्रियों का कहना था कि भीड़ के चलते न तो बैठने की जगह मिल रही है और ही खाने-पीने का कोई इंतजाम है।



रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को गश्त करते आरपीएफ व जीआरपी के अधिकारी व जवान।

## ये ट्रेनें हुईं निरस्त



• 05155 छपरा-गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल • 05156 गोरखपुर-छपरा अनारक्षित स्पेशल • 05450 गोरखपुर-नरकटियागंज अनारक्षित स्पेशल • 05142 गोरखपुर-सीवान अनारक्षित स्पेशल • 05498 गोरखपुर-नरकटियागंज अनारक्षित स्पेशल • 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस • 15048 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस • 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस • 12529 पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस • 05497 नरकटियागंज-गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल • 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस • 15273 रक्सौल-आनन्दविहार टर्मिनस एक्सप्रेस • 02563 सहरसा-नई दिल्ली स्पेशल

# 18 किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया

गोरखपुर। भारत की आजादी के 75 वीं वार्षिक महोत्सव बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारियों एवं संबंधित की संयुक्त टीम ने 15 प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर 18 किशोर श्रमिको मुक्त कराया। इस मामले में 15 नियोजकों के खिलाफ कारवाई की गई है। निरीक्षण टीम में चकधारी ओझा श्रम प्रवर्तन अधिकारी, राधेश्याम गुप्ता, धीरज सिंह श्रम प्रवर्तन अधिकारी गोरखपुर एवं जेएन शुक्ला प्रभारी एएचटीयू की टीम रहे। यह जानकारी सहायक श्रम आयुक्त स्कंद कुमार ने दी।

# नाबालिग को भगाने के आरोपित का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

जासं, गोरखपुर : अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोपित सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम बेलहर निवासी दीपक कुमार का जमानत प्रार्थना पत्र अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल व सतीश यादव का कहना था कि दो मई 2022 को सुबह सात बजे आरोपित वादी की नाबालिग बच्ची को फुसलाकर कर भगा ले गया। वादी को जब इसकी सूचना हुई तो वह अपने घर वालों के साथ आरोपित के घर गया और उसके पिता सुभाष और मां से लड़की के बारे में पूछा।

# 40 लोगों से 30 लाख की ठगी, हंगामा

- दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने के बाद पीड़ितों को जालसाजी की हुई जानकारी
- विदेश भेजने के नाम पर ठगे गए युवक, रुपये लेकर दे दिया नकली वीजा व टिकट

जागरण संवाददाता, पादरी बाजार : विदेश भेजने के नाम पर एक जालसाज ने 40 लोगों से 30 लाख रुपये ठग लिया है। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के के एचएन सिंह चौराहे का है। जालसाज ने पासपोर्ट कार्यालय के पास अपनी आफिस खोल रखा है। उसने 40 लोगों से करीब 30 लाख रुपये लेकर फर्जी वीजा और फ्लाइट का टिकट थमा दिया था। दिल्ली पहुंचने पर लोगों को पता चला उनका टिकट व वीजा फर्जी है। शुक्रवार को वह गोरखपुर पहुंचे तो जालसाज का कार्यालय बंद था। पीड़ितों ने इसे लेकर जालसाज के कार्यालय पर हंगामा किया। शाहपुर पुलिस उनकी तहरीर पर मामले की जांच कर रही है।

पीड़ितों के मुताबिक जालसाज ने कुवैत, सिंगापुर समेत कई खाड़ी देशों में विभिन्न पदों के लिये इंटरनेट मीडिया पर विज्ञापन निकाला। मोबाइल पर विज्ञापन देखकर गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया से करीब 40 लोग उसके पास पहुंचे। पीड़ित कृष्णदेव, सुनील साहनी, रामकुमार, गुड्डू, विंध्याचल पाल ने बताया कि खाड़ी देशों में अच्छी सैलरी व नौकरी दिलाने के नाम पर मई माह में उनसे जालसाज ने पासपोर्ट व 40-40 हजार रुपये जमा करा लिए। रुपये जमा कराने के बाद सभी को ट्रेनिंग दिया। ट्रेनिंग पूरा होने के बाद बुधवार को ट्रेन से दिल्ली ले गया और उन्हें बताया कि गुरुवार को उनकी विदेश की फ्लाइट है। सुबह आठ बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर उसने सभी से 35-35 हजार रुपये फिर वसूले। फिर पासपोर्ट, वीजा व फ्लाइट का टिकट दिया। एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश करने के बाद टिकट चेकिंग में सभी लोगों का टिकट फर्जी निकला। इसके बाद उन्हें लगा कि उनके साथ जालसाजी हुई है। उसके बाद उन्होंने जालसाज से संपर्क किया तो उसका मोबाइल स्विच आफ मिला। किसी तरह से वह गोरखपुर पहुंचे तो यहां उसका कार्यालय बंद मिला।



शाहपुर थाने के बाहर फर्जी टिकट के साथ मौजूद जालसाजी के शिकार युवक • जागरण

> कुछ लोगों के द्वारा थाने के बाहर भीड़ लगाई गई थी। लेकिन अभी उन्हें तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही वह मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे।
>
> **रणधीर मिश्रा**
> प्रभारी निरीक्षक शाहपुर

# विवाह बंधन में बंधे 404 जोड़े, गूंजे मांगलिक गीत

## महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम, वर व वधू को दिए गए उपहार

- 393 जोड़ों ने लिया सात फेरा, 11 का हुआ निकाह
- ऐतिहासिक क्षण का गवाह बने जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रामगढ़ताल के किनारे महंत दिग्विजयनाथ पार्क का दृश्य शुक्रवार को रोज से कुछ अलग था। पार्क के भव्य मंच के सामने सजे पंडाल में एक साथ 404 जोड़ों ने जीवन की नई पारी शुरू की। मंत्रों की गूंज एवं अग्नि को साक्षी मानकर एक-दूसरे का हाथ पकड़े 393 जोड़ों ने सात फेरे लिए तो 11 जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया। इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए मंच पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

सुबह नौ बजे से ही वर एवं वधू अपने-अपने पक्ष के लोगों के साथ कार्यक्रम में पहुंचने लगे थे। एक मंडप में चार जोड़ों को बैठाया गया था। पंडाल में अलग-अलग स्थानों पर पुरोहित बैठे थे। दोपहर 12 बजे से वैवाहिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गया और मंत्रोच्चार के बीच एक-एक रस्म पूरी करते हुए शादी संपन्न हुई। जोड़ों ने अग्नि के सात फेरे लिए तो पुरोहित ने उन्हें सात वचन भी याद दिलाए। पंडाल में दूसरे छोर पर मुस्लिम जोड़ों के निकाह की व्यवस्था की गई थी। वहां मौलवी ने 11 जोड़ों को निकाह पढ़ाया। पूरा पंडाल वैवाहिक माहौल में रंगा नजर आ रहा था। कई जोड़ों के साथ आयी महिलाएं वैवाहिक गीत गाते हुए पंडाल में पहुंचीं और अलग-अलग रस्मों के समय भी गीत गाए। लोक गायक प्रमोद कुमार यादव ने मंच से भी वैवाहिक गीत की प्रस्तुति हुई। बैंडबाजे के साथ सभी के लिए भोजन का इंतजाम भी किया गया था। विवाह बंधन में बंधने वाले जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए महापौर सीताराम जायसवाल, विधायक विपिन सिंह, विमलेश पासवान, महेंद्र पाल सिंह, नगर निगम के उपसभापति ऋषि मोहन वर्मा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. विपिन ताडा, मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी आशुतोष पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।



बेटी के हाथ पीले करने का सपना हर मां बाप का होता है। बेटी खुश रहें इसके लिए बाप अपनी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई दान दहेज में खर्च कर देता था। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब बच्चियों के चेहरे पर न सिर्फ मुस्कान आयी है बल्कि उनका आत्म सम्मान और विश्वास भी बढ़ा है। शुक्रवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में बड़ी संख्या में जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे जिसकी खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी ● संगम दूबे

### यह मिले उपहार

सरकार की ओर से एक जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च किए गए। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में भेजे गए तो छह हजार रुपये आयोजन पर खर्च हुए। 10 हजार रुपये का सामान वर व वधू को दिया गया। वधू को कढ़ाई वाली साड़ी, प्रतिदिन प्रयोग वाली साड़ी, चुनरी, वर के लिए कुर्ता पैजामा, पगड़ी, माला, फेटा, वधू के लिए चांदी की पायल व बिछिया, प्रेशर कुकर व अन्य बर्तन दिया गया। वधू के लिए बक्सा एवं श्रृंगारदानी भी दी गई।

**हर वर्ग से आए वर वधू:** कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग से वर एवं वधू शामिल हुए। सामान्य वर्ग से चार, पिछड़ी जाति से 113, अनुसूचित जाति से 276 जोड़े व मुस्लिम समाज से 11 जोड़े शादी के लिए पंडाल में पहुंचे थे।

**सेल्फी लेने का क्रेज:** शादी के लिए बैठे जोड़ों व उनके स्वजन सेल्फी लेना भी नहीं भूले। मंडप के पास तो सेल्फी लेकर इस समय को यादगार बनाया ही, प्रशासन की ओर से बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर भी जाकर फोटो खिंचवाई। कई जोड़ों ने वीडियो काल के जरिए उन रिश्तेदारों से बात भी की, जो शादी में नहीं पहुंच पाए थे।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत निकाह में शामिल जोड़े ● जागरण



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में शामिल जोड़ों पर फूल बरसाते सांसद कमलेश पासवान व विधायक महेन्द्र पाल सिंह ● जागरण

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-06-2022

हिन्दुस्तान दि-18-06-22

### जिले को पांच जोन और 20 सेक्टर में बांटकर मुस्तैद रहा प्रशासन, कहीं प्रदर्शन नहीं

# कड़ी सुरक्षा में हुई जुमे की नमाज

## सतर्कता

देवरिया, निज संवाददाता। जिले में जुमे की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी गई। कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। नमाज पढ़ने के बाद लोग गंतव्य को चले गए। पूरे समय डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा जिले की हर गतिविधि की पल पल खोज खबर लेते रहे।

शहर के जामा मस्जिद अबूबकर नगर में करीब 1:30 बजे जुमे की नमाज अदा की गई। शहर के विभिन्न मोहल्लों से लोग नमाज अदा करने मस्जिद पहुंचे। इसमें युवा और बड़े लोग भी शामिल रहे। तय समय पर मुफ्ती अशफाक अहमद कासमी ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। किसी प्रकार बहकावे में न आने का आग्रह किया गया। साथ ही मुल्क में अमन चैन कायम रहने की दुआ अल्लाह से किया गया। लोग नमाज पढ़कर शांतिपूर्वक निकले और जो जिस दिशा से आया था, वापस उधर की ओर चला गया। जो अपनी ड्यूटी से आए थे वे वापस अपने दफ्तरों को चले गए। घर से आने वाले अपने घरों की ओर रुख कर लिए। इसके अलावा अबूबकर नगर की छोटी मस्जिद, मदीना मस्जिद, बांस देवरिया मस्जिद, नई कालोनी मस्जिद, खरजरवा, अलीनगर, देवरही टोला, रामनाथ देवरिया समेत अन्य मस्जिदों में भी रुटीन के अनुसार नमाज पढ़ी गई। सब जगह शांतिपूर्ण माहौल रहा।

**जामा मस्जिद के पास नहीं रहा पुलिस बल:** जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन आश्वस्त रहा। जामा मस्जिद और ईदगाह के आसपास कोई पुलिस बल नहीं दिखाई दिया। यह लोगों के प्रति प्रशासन के भरोसे को दर्शा रहा था। एहतियातन रेलवे पुलिस चौकी पर जरूर कुछ पुलिसकर्मी टिन शेड में बैठे दिखाई दिए।

निगरानी को जिले को पांच जोन व 20 सेक्टर में बांटा गया था: जुमे की नमाज के दौरान कोई अप्रिय स्थिति न हो इसकी पूरी तैयारी प्रशासन ने पहले से कर ली थी। शांतिपूर्व नमाज सम्पन्न कराने के लिए जिले को पांच जोन और 20 सेक्टर में बांटा गया था। लार, मदनपुर समेत जिले के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। सभी सेक्टर की निगरानी के लिए एक-एक मजिस्ट्रेट तैनात किए



शुक्रवार को शहर के अबूबकर नगर स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते मुसलमान भाई। • हिन्दुस्तान

- नमाज संपन्न होने पर अधिकारियों ने ली राहत की सांस
- मस्जिदों के आसपास शांतिपूर्ण माहौल से पुलिस भी रही निश्चिन्त

## शांतिपूर्वक अदा की नमाज अमन-चैन की मांगी दुआ

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। रामपुर कारखाना बड़ी मस्जिद, मदीना मस्जिद, नई मस्जिद, मस्जिद ए अक्सा समेत कोटवां, मथुरा छापर, स्वामी पट्टी, डुमरी, कौलाछापर, शामपुर, बरवां मीरछापर, देसही देवरिया बुढ्ढ खां, बैजनाथपुर आदि मस्जिदों में मुस्लिम भाई नमाज पढ़ने पहुंचे।

नमाज के बाद पेश इमाम के साथ मुस्लिम भाइयों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान मस्जिदों पर सिपाही तैनात रहे। बघौचघाट की जामा मस्जिद में अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा हुई। इसी तरह तरकुलवा जामा मस्जिद पर नमाज के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स की तैनाती की गई।

**जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट दिखा प्रशासन:** बरहज। नगर के जामा मस्जिद, मुख्य मार्ग स्थित नाका मस्जिद, रसिदिया मस्जिद, पटेल नगर के रजा मस्जिद, पुराना बरहज मस्जिद सहित पैना, गौरा, कपरवार समेत ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच अकीदतमंदों ने जुमे की नमाज अता की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम डॉ. गजेन्द्र कुमार, सीओ देव आनंद व एसओ जयशंकर मिश्र काफी अलर्ट दिखे। यहां कारी वसीउल्लाह, मौलाना नुरूल इस्लाम, हाफिज शाकिर रजा, फैय्याज अहमद अंसारी, डॉ. एएच लारी, चांद आलम, मुजफ्फर हुसैन मसूरी, जावेद अख्तर बबलू राईन, अब्दुल , खुर्शेद आलम, डॉ. सेराज आदि ने शान्ति की दुआ मांगी।

हिन्दुस्तान दि०-18-6-22



आंदोलन को देखते हुए शुक्रवार को भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल के साथ अधिकारी मुस्तैद रहे।

# भाटपाररानी स्टेशन पर तैनात रही पुलिस

भाटपाररानी। अग्निपथ स्कीम को लेकर चल रहे विरोध व जुमा की नमाज को लेकर शुक्रवार को सर्किल क्षेत्र की पुलिस फोर्स अलर्ट रही। एसडीएम अरुण कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी पंचम लाल के नेतृत्व में सुबह से ही पुलिस प्रशासन रेलवे स्टेशन पर अलर्ट रहे। वही रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की पुलिस बल भी काफी सक्रिय रहा।

# सलेमपुर में भी मुस्तैद रही फोर्स

सलेमपुर। अग्निपथ स्कीम के विरोध में हो रहे आंदोलन को देखते हुए सलेमपुर में भी पुलिस अलर्ट रही। रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही जीआरपी, आरपीएफ, कोतवाली पुलिस जमी रही। इस दौरान सीओ विनय यादव, तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार, कोतवाल नवीन कुमार मिश्र आदि आरपीएफ, जीआरपीएफ के अलावा कोतवाली पुलिस मौजूद रही।



शुक्रवार को हाथों में तिरंगा लेकर ताली बजाते हुए युवाओं ने अग्निपथ योजना का विरोध किया।

अमर उजाला दि० 19.6.22

# पीड़िता के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एनसीआर

**बघौचघाट।** एक सप्ताह पूर्व घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने पीड़िता के खिलाफ ही एनसीआर दर्ज कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 जून की शाम एक व्यक्ति बगल के घर में घुस गया और युवती से दुष्कर्म का प्रयास किया। उसी समय उसका छोटा भाई घर आ गया। वह बहन को बचाने लगा तभी आरोपी व्यक्ति ने उसके ऊपर कुर्सी से हमला कर दिया। भाई का सर फट गया। दोनों भाई बहन अपने मां के साथ थाने पहुंचे और लिखित शिकायत की। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि पीड़िता के साथ न्याय होगा। अगर घटना सही होगी तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। संवाद

अमर उजाला' दि०-18-6-2[illegible]

# पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष का शांतिभंग में किया गया चालान

**गौरी बाजार।** जमीन संबंधी मामले में उद्योग व्यापार मंडल नगर पंचायत गौरी बाजार के पूर्व अध्यक्ष का पुलिस ने शुक्रवार को शांतिभंग में चालान कर दिया। विवाद के संबंध में दोनों के बीच बातचीत का एक आडियो भी वायरल हो रहा है।

गौरीबाजार स्थित औद्योगिक क्षेत्र में पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर जायसवाल तथा ग्राम पथरहट निवासी बसपा नेता ज्ञानप्रकाश सिंह की अगल-बगल जमीन है। विद्यासागर शुक्रवार को अपनी जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे। इस बात की जानकारी जब बसपा नेता को हुई तो उन्होंने आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि बिना सूचना दिए निर्माण क्यों प्रारंभ कराया गया, जब बगल में मेरी भी जमीन है। इसी बात पर दोनों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। इस आशय का एक आडियो भी वायरल होने लगा। मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने विद्यासागर जायसवाल उपजिलाधिकारी के न्यायालय में पेश किया। उन्हें जमानत नहीं मिली और जेल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विपिन मलिक ने बताया कि भूमि विवाद में विद्यासागर जायसवाल का शांति भंग में चालान किया गया। संवाद

अमर उजाला दि०-18-6-22

# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

चनुकी। लार पुलिस ने गश्त के दौरान युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बबलू कुमार निवासी ग्राम चौमुखा थाना लार के रूप में हुई। लार इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गश्त में निकले थे कि चौमुखा गांव निवासी युवक संदिग्ध हालत में दिखा। पुलिस को देख वह भागने लगा। पुलिस ने पीछाकर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा मिला है। संवाद

राष्ट्रीय सहारा दि०-18-6-22

# तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

लार। शुक्रवार को लार पुलिस ने एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान बब्लू कुमार पुत्र इन्द्रजीत ग्राम चौमुखा थाना लार जनपद देवरिया के रूप में हुई। उसे बीती आधीरात को चौमुखा गाँव के सिवान पर गस्त कर रही पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास 315 बोर का तमंचा मिला। उसे मु0अ0सं0- 126घ22 धारा-3घ25 आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-18-6-22

# एक माह से अपहृत किशोरी बरामद

तरकुलवा(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी को करीब एक माह पूर्व उसी गांव के एक युवक द्वारा बहला- फुसला कर अपहृत कर लिया गया था। जिसमें अपहृता के मां की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में तरकुलवा थाने के एसआई संजीव कुमार राय, कां. कृष्ण गोपाल, महिला कां. कविता अवस्थी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार की शाम को अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया। बताते हैं कि अपहर्ता किशोरी को कही अन्यत्र लेकर भागने की फिराक में था। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता से कर्रवाई करते हुए उसे कंचनपुर तिराहे से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-18-6-22

# शांतिभंग में सात का चालान

**तरकुलवा (एसएनबी )।** तरकुलवा पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सात लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि आपसी विवाद और शांतिभंग के आरोप में सागर पुत्र राम हित, इजलास पुत्र वृक्षा, धनंजय पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम पिपरा, राजाराम पुत्र मोती राजभर, श्रीकांत यादव पुत्र स्व. बाबू लाल यादव, कृष्ण मोहन यादव पुत्र श्रीकांत यादव निवासी ग्राम सिधावें, रामदेव चौहान पुत्र रामदास चौहान निवासी ग्राम रामपुर शुक्ल को धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-18-6-22

# दो युवकों को पुलिस ने भेजा जेल

**बरहज (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के पिपराबेनी गांव में 14 जून की रात गांव के भरत खरवार के दरवाजे पर लगा टुल्लू पम्प चोरी हो गयी थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को टुल्लू पम्प के चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि पिपराबेनी गांव में टुल्लू पम्प चोरी हुई थी। पुलिस ने टुल्लू पम्प को बरामद करते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाले युवकों के विरूद्ध 379 के विरूद्ध मुकद्मा दर्ज कर जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि० 18-6-22

# प्रशासन की चौकसी में शान्तिपूर्ण तरीके से अता की गयी नमाज

बरहज (एसएनबी)। शुक्रवार को जुमे की नमाज पुलिस की निगहबानी में सभी मस्जिदों में अता की गयी। प्रशासन शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद रहा। नमाज अता करने के बाद



मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस फोर्स।

लोग अपने घरों की तरफ चले गये। नगर के नाका मस्जिद में वशीउल्लाह ने जुमे की तकरीर में मोमिनों से समाज में शान्ति एवं सद्भावना बनाये रखने की अपील की। मौलाना कारी वशीउल्लाह ने कहा कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने सब्र सादगी और शराफत का रास्ता सिखाया। सभी को इसी रास्ते पर चलना चाहिए। इस्लाम सब्र शान्ति और सौहार्द्र का पैगाम देता है। कपरवार, पैना, गौरा आदि मस्जिदों में भी जुमे की नमाज शान्तिपूर्ण तरीके से अता की गयी। नमाज को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये थे। उपजिलाधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी देव आनन्द, तहसीलदार अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह, एसओ जयशंकर मिश्र, भलुअनी मुकेश मिश्र व मईल पुलिस अधिकारियों के साथ पूरी मुस्तैद रही। कहीं पर भी किसी प्रकार की अशान्ति नहीं हुई। लोगों ने शान्तिपूर्ण तरीके से नमाज अता कर अमन शान्ति एवं साम्प्रदायिक एकता की दुआ मांगी।

रुद्रपुर प्रतिनिधि के अनुसार बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद प्रदेश में हुई हिंसक झड़प को लेकर सरकार जुमे की नमाज को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु अधिकारियों को आदेशित किया था। इसके पूर्व धर्मगुरूओं से पीस कमेटी की बैठक कर अमन चैन व शांति बनाने की अपील की गयी थी। रुद्रपुर एकौना मदनपुर के मस्जिदों पर शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। उल्लेखनीय है कि विवादित बयान पर बीते शुक्रवार को नमाज के बाद कई शहरों में हिंसक झड़प हुई थी। जिसको लेकर सरकार पूरे प्रदेश में मुस्तैद थी। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी जिलाजीत सिंह मदनपुर थानाध्यक्ष बींबी राजभर, मदनपुर के बड़ी मस्जिद पर मुस्तैद रहे। रुद्रपुर मस्जिद पर कोतवाली प्रभारी विजय सिंह व थानाध्यक्ष गौरीबाजार विपिन मलिक व एकौना में दीपक कुमार मुस्तैद रहे। जहां ईद की नमाज सकुल सम्पन्न हुई।

हिन्दुस्तान दि०-18-6-22

# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

लार। लार पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुरुवार की देर रात प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह रात्रि गश्त के दौरान सूचना मिली की एक युवक कट्टा व कारतूस के साथ सड़क पर घूम रहा है। उसी दौरान लार थाना के चौमुखा गांव निवासी एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम बबलू कुमार चौमुखा थाना बताया।

हिन्दुस्तान दि०-18-6-22

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तरकुलवा। पुलिस ने शुक्रवार को गैंगेस्टर एक्ट के वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी सत्येन्द्र कन्नौजिया पुत्र नंदलाल कन्नौजिया गैंगेस्टर एक्ट में वांछित था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया।

हिन्दुस्तान दि०-18-6-22

# मस्जिदों के आसपास तैनात थी फोर्स, दिनभर भ्रमण करते रहे अधिकारी

रुद्रपुर। जुमा के नमाज पर प्रशासन और पुलिस विभाग के लोग चौकन्ना रहे। हर छोटी बड़ी मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रही। जबकि अधिकारी भी नजर रखे हुए थे।

पिछले सप्ताह जुमे के नमाज के बाद कानपुर में हुए बवाल को लेकर शुक्रवार को जुमे की नमाज पर प्रशासन चौकन्ना रहा। ऐसे में दोपहर 12 बजे से ही एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय मस्जिदों पर घूम-घूमकर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। इसके बाद से नगर के मस्जिद वार्ड स्थित बड़ी मस्जिद पर तरकुलवा थाना क्षेत्र के द्वारिका गांव स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ.पुष्कर यादव बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जबकि प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मयफोर्स जमे हुए थे। इसके बाद से शुक्रवार को जो नमाजी नमाज अदा करने के बाद नमाजियों के वापस लौट जाने के बाद ही पुलिस कर्मी वापस हुए।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-06-2022




शुक्रवार को पडरौना रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी धवल जायसवाल। ● हिन्दुस्तान

# एसपी ने रेलवे स्टेशनों पर तैनात किए पुलिसकर्मी

- कप्तानगंज-थावे रेलखंड के रेलवे स्टेशनों पर फोर्स तैनात
- पडरौना रेलवे स्टेशन पर एसपी धवल जायसवाल ने जाना सुरक्षा का हाल

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। 'अग्निवीर' प्रकरण को लेकर शुक्रवार को कुशीनगर जिले के कप्तानगंज-थावे व गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुबह से ही पुलिसकर्मी रेलवे स्टेशनों पर तैनात होकर हर किसी की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। तरयासुजान रेलवे स्टेशन पर डेमू ट्रेन को करीब 45 मिनट तक रोके जाने की सूचना के बाद से ही पुलिस महकमा और अलर्ट हो गया।

एसपी धवल जायसवाल ने खुद मातहतों के साथ पडरौना रेलवे स्टेशन पर पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि किसी भी तरह की गतिविधियां हों तो तत्काल इसकी सूचना अफसरों को दें। कुशीनगर जिला प्रशासन भी शुक्रवार को सुबह से ही अलर्ट मोड पर रहा। चौक-चौराहों के अलावा रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। कप्तानगंज-थावे रेलखंड पर कप्तानगंज, रामकोला, पडरौना, दुदही, तमकुहीरोड समेत अन्य रेलवे स्टेशनों पर सुबह से ही पुलिस के जवान तैनात रहे। दिन के करीब 11 बजे एसपी धवल जायसवाल, सीओ सदर कुंदन सिंह, कोतवाल निर्भय कुमार सिंह के साथ पडरौना रेलवे स्टेशन पर पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां एसपी ने जीआरपी चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों से भी जरूरी जानकारी ली और निर्देश दिया कि किसी भी तरह की कोई गतिविधि हों तो उसकी तत्काल सूचना अफसरों को दें। इसके बाद एसपी शहर में भ्रमण पर निकल गए।

पनियहवा संवाद के अनुसार 'अग्निवीर' प्रकरण के विरोध में बिहार के बगहा व बेतिया में गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए शुक्रवार की दोपहर गोरखपुर-नरकटियागंज पैसेंजर ट्रेन पनियहवा रेलवे स्टेशन से वापस लौट गई। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुरक्षा के मद्देनजर पनियहवा रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल के साथ हनुमानगंज एसओ संतोष यादव, आरपीएफ व जीआरपी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। एसओ संतोष यादव ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। बिहार में रेलवे लाइन पर प्रदर्शन को देखते हुए रेल प्रशासन ने पनियहवा रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन को वापस कर दिया है।

**खड्डा संवाद के अनुसार** 'अग्निपथ' प्रकरण के विरोध में देश के कई हिस्सों में उपद्रव समेत ट्रेनों में तोड़फोड़ के साथ ही आगजनी के मामले सामने आने के बाद शुक्रवार को खड्डा रेलवे स्टेशन पर भारी फोर्स तैनात की गयी थी। वहीं, खड्डा पुलिस भी पूरी तरह सर्तक रही। शुक्रवार को थाने के सामने स्थित रेलवे स्टेशन पर एसएसआई संजय कुमार, एसआई रमाशंकर यादव भारी पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। जिले में सतर्कता रखी गई।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने शुक्रवार को चोरी की बाइक के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पट्टन निवासी गौरव दुबे ऊर्फ देवमुकुल दुबे पुत्र दीन बन्धु दुबे के खिलाफ अहिरौली बाजार थाने में बाइक चोरी का मुकदमा पंजीकृत था, जिसमें पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को जरिये मुखबिर पुलिस को सूचना मिली कि अभियुक्त पट्टन गोदाम के पास मौजूद है। इसके बाद पुलिस सक्रिय होकर पट्टन गोदाम के पास थाने के पुलिस उपनिरीक्षक राजेश कुमार के साथ पहुंची और उसे चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# लूट के प्रयास के आरोपी को भेजा जेल

**पनियहवा।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के बोधिछपरा सरेह में गुरूवार को दोपहर एक मनबढ़ युवक दवा कराने जा रही एक महिला व उसके पति के साथ मारपीट कर पर्स लूट लेने का प्रयास करने लगा।

महिला के पिता की तहरीर पर हनुमानगंज पुलिस ने युवक पर केस दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। बोधिछपरा निवासी उमेश गोंड ने तहरीर कर बताया कि गुरूवार दोपहर उनकी बेटी काजल व दामाद सोनू दवा कराने के लिये खड्डा जा रहे थे। गांव के कब्रिस्तान के समीप पहुंचे थे की गांव के भकोल उर्फ कन्हैया हाथ से मोबाइल व पर्स को लूटने का प्रयास करने लगा।

# थाना बनाने की मंजूरी पर खुशी

तमकुहीराज। तमकुहीराज को तहसील घोषित होने के साथ ही कस्बा में पुलिस कोतवाली बनाए जाने की मांग उठनी शुरू हो गई थी। समय-समय पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता इसके लिए आवाज उठाते रहे हैं।

थाना की आवश्यकता को देखते हुए शासन ने इसकी मंजूरी दे दी है। थाना बनने की मंजूरी मिलने की जानकारी होते ही लोगों ने खुशी जाहिर की है। नयामतुल्लाह, केशव पांडेय, संजय मद्धेशिया, विनोद सिंह, दिनेश पटेल, जेपी गुप्ता, हरिकेश यादव, डॉ. मुन्ना गुप्ता, भीम गुप्ता, त्रिवेणी गुप्ता, हरेंद्र तिवारी आदि ने खुशी जाहिर की है।

# पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़ बेहतर टर्न आउट के निर्देश

**जासं, पडरौना:** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर शुक्रवार को परेड ग्रांउड का निरीक्षण कर सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली। मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों की दौड़ लगवाई। बेहतर टर्न आउट के निर्देश दिए। डायल 112 के वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित उपकरण के साथ सुव्यवस्थित रहने को कहा गया।

पुलिसकर्मियों ने सीओ सदर को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहे, इसलिए सीओ ने उनकी दौड़ लगवाई। सीओ ने कहा कि परेड में शामिल होने के पूर्व प्रशिक्षु पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो। अनुशासन पुलिस विभाग की रीढ़ है। इसे बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परेड के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को शाबासी दी। सीओ ने डायल 112 का निरीक्षण किया। कहा कि मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखें।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक पूरी हुई जुमे की नमाज

**जासं, पडरौना:** जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। संवेदनशीलता को देखते हुए मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी गई। पुलिस प्रशासन ने माहौल शांतिपूर्वक बनाए रखने के लिए मुस्लिम धर्मगुरुओं से सहयोग मांगा था। इसका असर भी दिखा। दोपहर डेढ़ बजे जामा मस्जिद पर नमाज अदा की गई। साथ ही अन्य मस्जिदों में भी शांतिपूर्वक नमाज अदा हुई। नमाज के बाद नमाजी अपने-अपने घर चले गए। कहीं भी कोई प्रदर्शन जैसी स्थिति नहीं बनी। इससे प्रशासन ने राहत की सांस ली।

नगर स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से पढ़ी गई। वहीं प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। इमाम मुफ्ती रजाउल मुस्तफा बरकाती ने कहा कि नमाज के पश्चात सभी नमाजियों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। सबने आपसी भाईचारा बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। इसी तरह छावनी स्थिति जामा मस्जिद में भी नमाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। एहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। भीड़ वाले इलाकों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी गई। डीएम एस राजलिंगम, एसपी धवल जायसवाल ने कसया व हाटा क्षेत्र में भ्रमण कर जुमे की नमाज को लेकर बरती जा रही चौकसी की जानकारी ली। मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। कसया में जामा मस्जिद, पुरानी मस्जिद तथा हाटा में मदनी मस्जिद, रहमानिया मस्जिद, उस्मानिया मस्जिद, जामा मस्जिद पहुंच कर अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मुस्लिम धर्मगुरुओं से सहयोग मांगा। डीएम ने कहा कि समाज में शांति बनी रहे इसे लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना है। आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए धर्मगुरु आगे आएं। एसपी ने कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। अफवाह पर ध्यान न दें। ऐसा करने वालों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी जा रही है।

# चोरी की बाइक बरामद आरोपित गिरफ्तार

अहिरौली बाजार : पट्टन गांव के गौरव दूबे उर्फ देव मुकुल दूबे के विरुद्ध अहिरौली बाजार थाने में बाइक चोरी का मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित पट्टन गोदाम के समीप खड़ा है। एसआई राजेश कुमार के साथ पुलिस टीम पहुंची और चोरी की बाइक बरामद करने के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पंकज गुप्त ने बताया कि आरोपित को न्यायालय ले जाया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। (जासं.)

# पुलिस की मौजूदगी में पढ़ी गई नमाज

**पिपरा कनक** : तमकुही विकास खंड के पिपराकनक गांव की मस्जिद में शुक्रवार को दोपहर जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई। थानाध्यक्ष पटहेरवा अखिलेश सिंह पुलिस टीम के साथ भ्रमण पर रहे। इस दौरान प्रधान मजीबुल होदा, खुर्शीद आलम, कांस्टेबल दीपक सिंह, मनीष सिंह, सूबेदार यादव, लक्षण सिंह, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे। (जासं.)

# जिले के थानों में जब्त पड़ी थी करोड़ों की शराब

**जागरण संवाददाता, पडरौना कुशीनगर:** थानों के मालखाने में रखी गई शराब को नष्ट करने के साथ साथ लावारिस तथा विभिन्न मामलों से संबंधित वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया अब तेज हो गई है। एसपी ने 100 दिन की कार्ययोजना के तहत अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने के साथ साथ इस आशय के निर्देश थानेदारों को दिए थे। तरयासुजान, जटहाबाजार व पटहेरवा सहित पांच थानों में बीते दिनों में तीन करोड़ 88 लाख रुपये की जब्त शराब नष्ट की गई। वहीं लावारिस वाहनों की नीलामी कर पुलिस ने 15 लाख से अधिक का राजस्व अर्जित किया।

जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ एसपी का थानों की सफाई व सुदंरीकरण पर विशेष जोर है। एसपी ने थानेदारों को रूटीन कार्य के अलावा नियमित सफाई तथा फूल-पौधे लगाकर थानों को आकर्षित बनाना और मालखाने में पड़ी वस्तुओं व वाहनों का नियमानुसार निस्तारण कराने की बात कही है। अब तक तरयासुजान थाने में जब्त ढाई करोड़ की शराब नष्ट की गई है। वहीं जटहाबाजार, पटहेरवा, तुर्कपट्टी व कोतवाली हाटा में भी लाखों रुपये मूल्य की शराब नष्ट की गई। कोतवाली पडरौना सहित कई थानों में 127 वाहनों की नीलामी की गई। इससे पुलिस को लाखों रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। दूसरे थानों में भी इसे लेकर प्रक्रिया चल रही है।

## थानावार नष्ट किए गए शराब की कीमत

- तरयासुजान-ढाई करोड़
- जटहाबाजार-7,50,000
- -पटहेरवा-1,10,00000
- तुर्कपट्टी-2,30,000
- कोतवाली हाटा-18,30,000

## थानों में नीलामी किए गए वाहनों की संख्या

- कोतवाली पडरौना-25
- पटहेरवा-63
- कुबेरस्थान-10
- तुर्कपट्टी-11
- कोतवाली हाटा-18 इन वाहनों की नीलामी से 15 लाख 42 हजार सात सौ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

> 100 दिनों की कार्ययोजना के तहत जनपद में तीन करोड़ 88 लाख रुपये मूल्य की जब्त शराब नष्ट की गई है। 127 वाहन नीलाम कर 15 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। यह प्रक्रिया अभी जारी है। कानून-व्यवस्था में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास जारी है।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

# जितेंद्र सिंह कालरा बने सीओ तमकुहीराज

**जासं, पडरौना:** एसपी धवल जायसवाल ने जितेंद्र सिंह कालरा को तमकुहीराज का सीओ बनाया है। सीओ तमकुहीराज रहे फूलचंद कन्नौजिया का बीते दिनों गैर जनपद स्थानांतरण हो गया था। एसपी कार्यालय के अनुसार देर रात किए गए बदलाव में जितेंद्र सिंह कालरा सीओ तमकुहीराज होंगे, जबकि उमेश चंद्र भट्ट को सीओ क्राइम, आफिस, यातायात, आंकिक व भवन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीओ तमकुहीराज रहे फूलचंद कन्नौजिया का शासन द्वारा बीते दिनों गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया गया। उनके स्थानांतरण के बाद से पद रिक्त चल रहा था।

# बालिका से दुष्कर्म आरोपित हिरासत में

**जासं, खिरकिया बाजार :** जटहाबाजार के एक गांव में छह वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर पर पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना गुरुवार देर शाम की है। खबर लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ था।

बताया जा रहा कि घटना के समय बालिका दरवाजे पर खेल रही थी। तभी पड़ोस का एक युवक उसे अकेले देख नजदीक केले के खेत में खींच ले गया और दुष्कर्म किया। घटना के बाद बिलखते हुए घर पहुंची पीड़िता ने जब आपबीती बताई तो स्वजन अवाक रह गए। बदहवास बालिका को तुरंत अस्पताल लेकर भागे। जहां उसका उपचार कराया और देर रात घर लेकर वापसलौटे। शुक्रवार की सुबह थाने पहुंच पीड़िता के पिता ने नामजद तहरीर दते हुए घटना के बारे में बताया। एसएचओ रामचंद्र राम ने बताया कि आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। जांच के पश्चात मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म, मुकदमा

**जासं, कुबेरस्थान :** क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने शुक्रवार को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित की तलाश में लगी है। घटना गुरुवार दोपहर की है।

बताया जा रहा कि घटना के समय किशोरी दोपहर दो बजे घर में अकेले थी। घर के लोग खेत में काम करने गए थे। इस बीच गांव का ही एक युवक घर में घुस कर किशोरी से दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर किशोरी को जान की धमकी दी। शाम को स्वजन जब घर आए तो पीड़िता ने आपबीती बताई। जिसे सुनकर सभी अवाक रह गए।

# अनुष्का अस्पताल के संचालक समेत दो के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, सुकरौली बाजार :** हाटा कोतवाली क्षेत्र के पिपरा उर्फ तीतिला स्थित अनुष्का अस्पताल के संचालक व एक अज्ञात के विरुद्ध गर्भवती महिला का आपरेशन करने के दौरान लापरवाही के आरोप में अस्पताल संचालक डा.अजय कुमार गौतम व आपरेशन करने वाले अज्ञात डाक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गोरखपुर के चौरीचौरा के गगड़ा निवासी चंद्रकेश सिंह ने तहरीर में लिखा है कि 20 अगस्त 2021 को अपनी पत्नी अदिति देवी का प्रसव कराने को उपनगर के पिपरा उर्फ तितिला में अनुष्का हास्पिटल में भर्ती कराया। अस्पताल में आपरेशन से बच्ची पैदा हुई। कुछ दिन बाद अस्पताल से छुट्टी होने के बाद घर चला गया। बाद में पत्नी की हालत गंभीर होने पर 29 अगस्त 2021 को अस्पताल लाया, जहां अस्पताल संचालक ने मेडिकल कालेज भेज दिया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि रोगी के पेट मे आपरेशन के दौरान काटन छूट जाने से आंत क्षतिग्रस्त हो गया है। वहां से केजीएमयू लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। वहां भी इलाज के बावजूद उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाल प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज

**कुबेरस्थान।** थानाक्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी बेटी बृहस्पतिवार की शाम घर में अकेली थी। उसी बीच गांव के युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। संवाद

# युवाओं ने डेमू ट्रेन रोकी, हाईवे जाम करने की कोशिश, पुलिस ने समझाकर हटाया

## अग्निपथ योजना के विरोध में किया प्रदर्शन, बवाल की आशंका में दिनभर भागदौड़ करती रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना (कुशीनगर)।** सेना भर्ती के लिए केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई अग्निपथ योजना के विरोध में शुक्रवार को जिले में जमकर प्रदर्शन हुआ। कई क्षेत्रों में लोगों ने इसके विरोध में नारेबारी की। शुक्रवार सुबह 10 बजे थावे-कप्तानगंज रेल मार्ग के तरयासुजान रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों ने डेमू पैंसेजर ट्रेन रोक दी। डेमू के रोके जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची। किसी तरह से युवाओं को समझाबुझाकर शांत कराया गया।

ट्रेन रोके जाने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। उन्हें दूसरे साधनों की मदद लेनी पड़ी। इस दौरान छपरा-कचहरी सीवान होते हुए कप्तानगंज जाने वाली ट्रेन को निरस्त कर दिया गया। पटहेरवा थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित लवनिया चौराहे पर करीब सौ की संख्या में युवकों ने अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए जाम लगाने का प्रयास किया। सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

जाम लगाने की कोशिश से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस ने युवकों को समझा-बुझाकर किसी तरह से हाईवे से हटाया। देर शाम तक पुलिस सक्रिय रही। जिले के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर पुलिस ने गश्त की।

**स्टेशन पर 10 घंटे फंसे रहे यात्री : युवाओं** की ओर से जगह-जगह प्रदर्शन कर ट्रेन रोकने से कुशीनगर के कई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को आठ से दस घंटे तक इंतजार करना पड़ा। गर्मी में यात्री परेशान दिखे।

तमकुहीरोड स्टेशन पर इंतजार कर रहे यात्री रामनरेश, कमलेश, रीता, अनमोल, कोमल, आशीष का कहना था कि ट्रेन को रोके जाने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। इसी किसी को नौकरी ज्वाइन करनी है तो किसी को कार्यक्रम में पहुंचना है। ट्रेन विलंब से पहुंचने से यात्रियों को ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ी।

**ट्रेन निरस्त होने से निराश लौटे यात्री :** छात्रों के इस उग्र प्रदर्शन से कप्तानगंज-थावे रेलमार्ग भी प्रभावित हुआ।

बृहस्पतिवार को सुबह गोरखपुर से पाटलीपुत्र जा रही 15080 ट्रेन की एक बोगी को उपद्रवियों ने गोपालगंज जिले के सिधवलिया रेलवे स्टेशन पर जला दिया। इस वजह से रेलवे प्रशासन ने ट्रेन को निरस्त कर दिया।

इसी तरह छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए छपरा कचहरी से वाया मशरख होकर कप्तानगंज तक नियमित चलने वाली छपरा कचहरी-कप्तानगंज ट्रेन को भी निरस्त कर दिया गया था। इन दोनों ट्रेनों के निरस्त कर दिए जाने से इस रूट पर रेल यातायात प्रभावित हुआ। इससे कप्तानगंज स्टेशन पर पहुंचे यात्री ट्रेन की इंतजार में वापस घर के लिए लौट गए।



तरयासुजान में अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे युवाओं को समझाती पुलिस। संवाद





लवनिया चौराहे पर अग्निपथ योजना का विरोध करने के लिए जुटे युवा। तमकुहीरोड स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। संवाद

### कुछ जगहों पर युवाओं ने केंद्र सरकार की योजना के विरोध में की नारेबाजी


*तरयासुजान में नाबालिगों ने ट्रेन रोक दी थी। उनको समझाकर-बुझाकर ट्रेन की पटरी से हटाया गया। जिले में अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस सक्रिय रही। पूरे जनपद में शांति व्यवस्था बनी हुई है। - **धवल जायसवाल,** एसपी*

### गलत सूचना देकर पुलिस को किया परेशान

**गंगुआ बाजार।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के बलुआ चौराहे पर बवाल होने की सूचना पर पुलिस एक घंटे तक हलकान रही। बवाल की जानकारी मिलने पर भारी पुलिस जमा हो गई। जांच में सूचना झूठी निकलने पर लोगों ने राहत महसूस की। शुक्रवार की सुबह किसी ने पुलिस को बताया कि बलुआ चौराहे पर बवाल हो रहा है। थाना प्रभारी पटहेरवा अखिलेश सिंह, चौकी इंचार्ज समउर प्रमोद कुमार, एएसआई शशांक राय सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी चौराहे पर पहुंच गए। पुलिस के पहुंचने पर चौराहे पर सन्नाटा पसर गया। एसओ पटहेरवा अखिलेश सिंह ने बताया कि बलुआ में अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। संवाद

# नमाज अदा कर मुल्क की सलामती के लिए की दुआ

## मस्जिदों के आसपास ड्रोन कैमरे से हुई निगरानी, डीएम, एसपी सहित 76 मजिस्ट्रेट ने की गश्त





मदीना मस्जिद छावनी में नमाज अदा करते लोग। दूसरी ओर, पिपरा कनक में मस्जिद के बाहर मुस्तैद पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शुक्रवार को नगर समेत जनपद की सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। पेश इमाम की ओर से खुतबा व नमाज के बाद मजहब और मुल्क की सलामती के लिए दुआ मांगी गई। एहतियात के तौर पर पुलिस व प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस बीच ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। वहीं, जिले में शांति व्यवस्था बनाने के लिए 76 मजिस्ट्रेट मस्जिदों के आसपास गश्त करते रहे। नमाज के सकुशल संपन्न हो जाने के बाद प्रशासन ने चैन की सांस ली।

शुक्रवार को सुबह से ही डीएम एस राजलिंगम, एसपी धवल जायसवाल सहित जिले में कई अधिकारी गश्त करते रहे। हाटा

*जुमा की नमाज शांति की व्यवस्था के साथ अदा की गई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र की मस्जिदों के आसपास गश्त करते रहे। वहीं जिले भर में 76 मजिस्ट्रेट ने गश्त की। ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई है।*
*- **धवल जायसवाल**, एसपी*

कस्बा स्थित मस्जिद पर पहुंचकर डीएम और एसपी ने मस्जिद के पेश इमाम व लोगों से वार्ता भी की। इसी क्रम में पडरौना की जामा मस्जिद, छावनी, नौका टोला, हथीसार मुहल्ला, दाल मंडी व ग्रामीण क्षेत्र के छितौनी, मस्जिदिया टोला, डोमन छपरा, केशव छपरा, जोगी छपरा, सोहनपुर, मंशा छपरा, बलकुड़िया, जरार सहित जिले की अन्य मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क की सलामती के लिए दुआ मांगी गई।



*इंसानियत से बढ़ा कोई धर्म नहीं। हम सभी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे किसी को तकलीफ पहुंचे। आपसी सद्भाव और समरसता से किए गए प्रयास ही देश की तरक्की के मार्ग खोलेंगे। - **सलाहुद्दीन हिंदल**, छावनी*



*सभी धर्म का मूलमंत्र प्रेम है। हम सभी को चाहिए कि अन्य धर्मों की उतनी ही इज्जत करें, जितनी अपने धर्मों की करते हैं। आज के दौर में भाईचारे को बढ़ावा देने की जरूरत है। - **तौहिद अली**, अंबे चौक*



*राजनैतिक लोगों के विचार छोड़ दें तो आज भी हिंदू- मुस्लिम की एकता की मिसाल अन्य देश देते हैं। इसे आगे भी देते रहेंगे। हमें किसी की बातों में न आकर अपनी एकता मजबूत रखनी चाहिए। - **सैफ लारी**, छावनी*



*शुक्रवार को जुमे की नमाज में अल्लाह पाक से अपने देश में अमन की दुआ मांगी गई। सभी तरक्की करें और देश के विकास में अपना योगदान दें। - **मो. जहीरुद्दीन**, बलोचहा*

इस दौरान बड़ी मस्जिद पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे गए थे, जहां से पुलिसकर्मी अपने उच्चाधिकारियों को पल-पल की जानकारी दे रहे थे। नमाज के सकुशल संपन्न हो जाने के बाद पुलिस-प्रशासन ने राहत महसूस की।

# भाड़ा दिलाने के बदले मांगा कमीशन, दर्ज होगा केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसडीएम ने एसएमआई पर केस दर्ज कराने के लिए कहा

## डीएम के आदेश पर एसडीएम ने की जांच, मिली गड़बड़ी

**खड्डा।** एसएमआई (विपणन निरीक्षक) पर कोटेदारों से बकाया भाड़ा दिलाने के बदले कमीशन मांगने का आरोप लगा था। इसकी जानकारी होने पर एसडीएम ने मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है। इस मामले में अन्य लोग भी शामिल पाए गए हैं।

खड्डा क्षेत्र के कोटेदारों का एसएमआई गोदाम से घर तक अनाज ले जाने का भाड़ा बाकी था। पुराना भाड़ा दिलाने की मांग काफी दिनों से कोटेदार कर रहे थे।

कुछ माह पहले इस मद में वर्ष 2001 से 2014 तक कुल लगभग एक करोड़ का बजट जारी हुआ। इसकी जानकारी जब विपणन निरीक्षक को हुई तो कोटेदारों का बकाया दिलाने के बदलने में कमीशन मांगना शुरू कर दिया। यह भी कहा कि कमीशन नहीं दिया तो खाते में पैसा नहीं आएगा। वर्तमान और कुछ पूर्व कोटेदारों से सादे चेक पर हस्ताक्षर बनवाकर ले लिया गया। कोटेदारों को बकाया देने के बदले विपणन निरीक्षण कमीशन खा गए। इसकी जानकारी किसी ने डीएम को दे दी। डीएम एस राजलिंगम ने मामले की जांच एसडीएम उपमा पांडेय को दी। एसडीएम की जांच में गड़बड़ी पकड़ी गई।

*कोटेदारों को देने के लिए आई रकम में से कमीशन के नाम पर एसएमआई व अन्य लोगों ने चेक के जरिए लेनदेन किया है। बैंक खातों की जांच में इसकी पुष्टि भी हुई है। इसकी रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है।* **- उपमा पांडेय,** *एसडीएम*

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-06-2022

परतावल से साइकिल रैली लेकर आ रहे युवाओं को भिटौली में रोका गया, सेना की तैयारी कर रहे युवाओं का जत्था पहुंचा कलक्ट्रेट

# अग्निपथ के विरोध में प्रदर्शन, जुलूस को रोका

**आक्रोश**

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना के विरोध की चिनगारी शुक्रवार को देश के अंतिम छोर पर बसे महराजगंज जिले में भी पहुंच गई।

शुक्रवार को परतावल से युवाओं की टोली विरोध करते हुए जिला मुख्यालय की तरफ बढ़ी, तो उन्हें भिटौली में प्रशासन व पुलिस ने रोक लिया। उन्हें समझाकर वापस किया गया। वहीं दूसरी ओर सेना की तैयारी कर रहे करीब तीन दर्जन युवाओं का जत्था कलक्ट्रेट पहुंच गया। ये युवा अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग कर रहे थे। डीएम को ज्ञापन देकर सरकार तक मांग पहुंचाकर इस योजना को वापस करने की अपील की। डीएम ने इन युवाओं को समझाकर वापस भेजा। शुक्रवार को अग्निपथ को लेकर युवाओं के विरोध को देखते हुए कलक्ट्रेट पर भारी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। अफसर पल-पल की मानिटरिंग कर रहे थे। युवाओं के मुख्यालय की ओर कूच करने की खबर कलक्ट्रेट पर पहले से ही लग गई थी। पीजी कालेज सहित अन्य संस्थानों के जिम्मेदारों से अफसर फीडबैक ले रहे थे। पुलिस के साथ खुफिया एजेंसियां भी चौकस थीं।



सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं ने शुक्रवार को अग्निपथ के विरोध में कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करने के बाद डीएम को ज्ञापन दिया। • हिन्दुस्तान

कलक्ट्रेट में डीएम के पास पहुंचे युवाओं का कहना रहा कि वे सात-आठ साल से सेना की तैयारी कर रहे हैं। एनसीसी सी सर्टिफिकेट हासिल करने में पांच साल का समय लग गया, लेकिन इसी बीच सरकार ने चार साल के लिए संविदा पर भर्ती करने का निर्णय ले लिया। इस निर्णय से युवा बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं। उनकी मांग है कि पहले की तरह भर्ती की व्यवस्था को लागू किया जाए। वहीं कोरोना काल में भर्ती न आने की वजह से युवाओं के उम्र में छूट भी दी जाए। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने युवाओं को समझा-बुझाकर वापस भेजा। इस दौरान आशीष, किशन चौहान, अमन, संदीप, राकेश, रामसज्जन, अली मुहम्मद, सराफद्दीन, संजीव, संदीप, अमरनाथ गुप्ता व शिवभोले यादव सहित करीब तीन दर्जन युवा मौजूद थे। दूसरी ओर सुबह परतावल में जुटे युवा अग्निपथ का विरोध करते हुए साइकिल रैली निकाल महराजगंज की निकले। इस रैली में युवाओं की संख्या बढ़ती गई। लेकिन भिटौली में भारी पुलिस लगाकर उन्हें रोक लिया गया।



शुक्रवार को परतावल से साइकिल रैली लेकर मुख्यालय की ओर निकले युवाओं को भिटौली बाजार में रोक दिया गया। • हिन्दुस्तान

## विरोध का एक और वीडियो वायरल

युवाओं के विरोध का एक वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ। यह वीडियो एक दिन पहले गुरुवार की शाम का बताया जा रहा है। इसमें अग्निपथ के विरोध में बैनर व पोस्टर लिए युवा इस योजना का विरोध कर रहे थे। इस वीडियो को लेकर प्रशासन चौकन्ना रहा।

## युवाओं के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

नौतनवा। केंद्र की भाजपा सरकार नौकरी के नाम पर भी युवाओं को धोखा देने का काम कर रही है। अग्निपथ योजना लाकर संविदा पर युवाओं को सेना में भर्ती कर कहीं ना कहीं सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है।

युवाओं का भविष्य खतरे में अलग से डाला जा रहा है। ये बातें पूर्व सांसद कुंवर अखिलेश सिंह ने शुक्रवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में कही। पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार को चाहिए कि वह देश व प्रदेश की प्रशासनिक व्यय में हो रहे फिजूल खर्च में सिर्फ 10 फीसदी की कटौती कर जवानों के नियमित भर्ती जारी रखे। युवाओं को सेना में संविदा पर भर्ती करना कहीं से भी उचित नहीं है। यह सीधे-सीधे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। इस तरह की भर्ती प्रक्रिया से देश की सुरक्षा को खतरे में डालना है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच पढ़ी गई जुमे की नमाज

## मस्जिदों के पास तैनात रही पुलिस, एडीएम व एसपी ने संवेदनशील स्थलों का किया निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** जिले में शहर से लेकर गांव तक कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज पढ़ी गई। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने अमन चैन की दुआ मांगी। सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों पर पुलिस फोर्स तैनात रही। अपर जिलाधिकारी डा.पंकज कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने संवेदनशील स्थलों निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

नमाज को लेकर प्रशासन पहले से ही अलर्ट रहा। एक दिन पूर्व गुरुवार को फ्लैग मार्च निकालकर दंगा नियंत्रण के लिए पूर्वाभ्यास भी किया गया। शुक्रवार की सुबह से ही पुलिस सुरक्षा के तहत जगह-जगह तैनात हो गई। नगर के नूरी जामा मस्जिद बस स्टैंड, रजा जामा मस्जिद सक्सेना चौक, छोटी मस्जिद हमीदनगर, भटहिया मस्जिद बिस्मिल नगर पर निर्धारित समय पर पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज पढ़ी। मौलाना मोइनुद्दीन, शमसुल होदा, असलम, कारी इरशाद समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। घुघली, परतावल, पनियरा, श्यामदेउरवा, आनंदनगर, निचलौल, नौतनवा में भी लोगों ने कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज पढ़ी।



नगर मे जुमे की नमाज पढ़ते लोग ● जागरण

सिसवा संवाददाता के अनुसार कई शहरों में हुई हिंसा, विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर सिसवा कस्बे में मस्जिदों के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुबह से उपजिलाधिकारी सत्य प्रकाश मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे, प्रभारी निरीक्षक रमाशीष यादव, चौकी प्रभारी अमित सिंह, हिमांशु राय, प्रमोद खरवार, अमरेज यादव, राम पाल सिंह मौजूद रहे।



सिसवा कस्बे मे जुमे के नमाज के दौरान मिस्कारी मोहल्ले मे निरीक्षण करते एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ● जागरण





बस स्टेशन के पास स्थित मस्जिद में नमाज अदा करने जाते अल्पसंख्यक समुदाय के लोग। नगर के सक्सेना चौक मस्जिद में नमाज खत्म होने के बाद बाहर निकलते लोग। संवाद

# जनपद में शांति पूर्वक गुजरा शुक्रवार

## जुमे की नमाज के दौरान सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई थी, सतर्क रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले में शुक्रवार शांतिपूर्ण ढंग गुजर गया। जुमे की नमाज अदा कर अमन की दुआ मांगी गई। इस बीच पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा। शहर से लेकर गांव तक मस्जिदों पर पुलिस की नजर रही। उच्चाधिकारी प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखे रहे।

शहर में बस स्टेशन के पीछे मस्जिद में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। परतावल, चौक बाजार, कोल्हुई, सिसवा, फरेंदा, नौतनवां, सोनौली समेत अन्य स्थानों पर जुमे की नमाज के दौरान देश में खुशहाली की दुआ की गई। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के सिंदुरिया, परसामीर, परसाचक गोबरही, लेदवा, नरायनपुर, मोहनापुर, मिठौरा सेमरा आदि ग्राम सभाओं की मस्जिदों के बाहर पुलिस कर पहरा रहा। थाना प्रभारी सिंदुरिया रामकृष्ण यादव ने कहा कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटी रही। सभी क्षेत्राधिकारी एवं थानेदार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण किए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रही।

इस्लाम हमेशा शांति और अमन का पैगाम देता है। हमें किसी भी प्रकार के विवाद से बचते हुए शासन प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।
**- मोइनुद्दीन कादरी,** नूरी मस्जिद, महराजगंज

अल्लाह और उसके भेजे हुए रसूल के बताए रास्ते पर चलें। मस्जिद में नमाज के बाद सीधे अपने घर जाएं। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं।
**- हाजी मोहम्मद हुसैन** हुसैनिया मस्जिद, सिंदुरिया



नगर के सक्सेना चौक स्थित मस्जिद में नमाज अदा करते अल्पसंख्यक समुदाय के लोग। संवाद

जुमे की नमाज के बाद सभी लोग अपने घर या दुकान पर चले जाएं। जनहित के लिए जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। जिले में धारा 144 लागू है, इसलिए कहीं भी भीड़ न लगाएं। **- लालमन प्रसाद,** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

# सोनौली सीमा पर अक्सर पकड़े जाते हैं विदेशी नागरिक

## सुरक्षाकर्मियों की पैनी नजर से नहीं बच पाते घुसपैठ करने वाले

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भारत-नेपाल से लगी सीमा सोनौली से विदेशी नागरिक, घुसपैठ करने के दौरान अक्सर पकड़ में आ जाते हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों की पैनी नजर से इनका बच पाना मुश्किल होता है। विदेशी नागरिकों के गिरफ्तारी के आंकड़े बयां कर रहे हैं कि सुरक्षा कर्मियों की विशेष चौकसी है। बीते 16 जून शाम को अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार उसे चालान कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, नौ जुलाई 2020 को रोमानिया के नागरिक मुंटीनू आयोनट ड्राइबोस को सोनौली कोतवाली क्षेत्र के तिलहवा गांव के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 22 अगस्त 2020 को चीनी नागरिक शेन ली हुबेई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। 18 अक्तूबर 2020 को फिलिस्तीन के नागरिक अवनी मोहम्मद हसन को गिरफ्तार किया गया। 17 जनवरी 2020 को आस्ट्रिया के नागरिक गरनोट केटजर को फर्जी कागजात के आधार पर प्रवेश करते गिरफ्तार किया गया।

*पुलिस समय-समय पर एसएसबी के साथ संयुक्त गश्त कर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष नजर रखती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क है।*

***-डीके उपाध्याय,** क्षेत्राधिकारी, नौतनवां*

11 दिसंबर 2021 को भारत में प्रवेश कर रहे चीनी नागरिक जी यांग शी को आव्रजन अधिकारियों ने बिना वीजा भारत प्रवेश करने से रोका और नेपाल वापस कर दिया। 20 फरवरी 2022 को फर्जी वीजा के साथ रूसी दंपती स्वेटलाना फैडेरोवा व रुसाना सुल्तानोवा को नेपाल प्रवेश करने से पहले पकड़ लिया गया। 16 जून 2022 को अमेरिकी नागरिक स्कोट बॉयड क्नॉक्स को गिरफ्तार किया गया।

# डीएम व एसपी ने लिया जायजा

**पुरैना (मह राजगंज) (एसएनबी)।** अग्निवीर भर्ती योजना के विरोध में जगह- जगह हो रहे छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने पूरी तैयारी में है।



चिह्नित स्थानों और संवेदन शील जगहों पर पुलिस की तैनाती की गयी है। डीएम और एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए मातहतों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न हो इसके लिए चेताया। जूमें की नमाज को लेकर मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। वहीं अग्निवीर भर्ती योजना के विरोध में जगह-जगह हो रहे छात्रों के उग्र प्रदर्शन की सूचना पर प्रशासन द्वारा पूरी तरह सतर्कता बरती जा रही है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही आस पास के लोगों से वार्ता कर माहौल की जानकारी लेते हुए किसी भी प्रकार के गड़बड़ी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना देने की अपील भी की। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो जिससे माहौल खराब हो इसके लिए मातहतों को चेताया भी।

# 143 वाहनों का चालान

**महराजगंज/पनियरा (एसएनबी)।** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवंअपराधियों परप्रभावी नियंत्रण बनाये रखने केलिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 143 वाहनों का चालान किया गया। **शांति भंग की आशंका में 52 गिरफ्तार** : जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखनेके लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में कुल 52व्यक्तियोंको सीआरपीसी की धारा 151 केतहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया। **10 लीटर कच्ची शराब बरामद**: पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 1 व्यक्तियों केकब्जे से10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया। **शांति व्यवस्था में खलल की आशंका में आठ का चालान : पनियरा :** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तभु के दिशा निर्देशन में इन दिनों पनियरा पुलिस पूरी तरह से सतर्क व जागरूक है। अभी दो दिनों पूर्व एक ही दिन 16 लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया था। यह अपने आप में एक बड़ी कार्रवाई थी। इसके बाद कल भी 7 लोगों को शांतिभंग की आशंका में चालान किया। इसी क्रम में शुक्रवार को भी पनियरा पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ 151,107,116 सीआरपीसी की धारा के तहत चालान न्यायालय भेजा है।

# जूमे की नमाज़ को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

**पनियरा ( एसएनबी )।** प्रदेश के कई जिलों में कानपुर व अन्य जगहों की घटनाओं के मद्देनजर मुसलमानों की साप्ताहिक विशेष नमाज़ को लेकर पूरा प्रशासनिक अमला हाई एलर्ट रहा। कल रात से ही लगातार जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा मानीटरिंग की जाती रही। एसडीएम सदर मो. जसीम भी संवेदनशील इलाकों में अपनी निगाह बनाये रखे थे। वहीं पर अपर एसडीएम सदर मदन मोहन वर्मा भी क्षेत्र में डटे रहे। इस बावत थानाध्यक्ष पनियरा सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की लगभग तीन दर्जन मस्जिदों के लिए आठ सेक्टर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। कहीं से भी किसी तरह के विरोध प्रदर्शन का मामला सामने नहीं आया। क्षेत्र में अमन व चैन कायम रहा।

# हेरोइन बरामदगी के मामले में सश्रम कारावास

**महराजगंज (एसएनबी)।** जनपद के थाना सोनौली क्षेत्रान्तर्गत सुकरौली गांव के पास वर्ष 2021 में 118 ग्राम अवैध हेरोइन बरामदगी के मामले में भेष बहादुर थापा को दोषी पाये जाने पर धारा 8/22 (बी) एवं 8/23 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पाण्डेय ने एक वर्ष दो माह के सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दं डित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वादी मु कदमा एसआई रामचरन सरोज 27 अक्टूबर 20 21 को अपने हमराहियों के साथ थाना सोनौली क्षेत्रान्तर्गत सुकरौली काली मंदिर केपास मौजूद थे। उसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस वालों को देखकर भागना चाहा जिसे पकड़ लिया गया। उसके पास से 118 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसने अपना नाम भेष बहादुर थापा निवासी सूर्यपूरा, थाना सूर्यपूरा जनपद रुपनदेही नेपाल राष्ट्रबताया। विवेचक उप निरीक्षक मनीष कुमार तिवारी द्वारा विवेचना के पश्चात न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान विशेष लोग अभियोजन राघवेन्द्र उपाध्याय द्वारा गवाहों का साक्ष्य दर्ज कराकर सजा की मांग की गयी। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त सजा सुनायी।

# पुलिसिया पहरे में सकुशल संपन्न हुई जुमे की नमाज



**ठूठीबारी (एसएनबी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सभी मस्जिदों में पुलिसिया पहरे में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गयी। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुबह से ही पुलिस का पहरा जारी रहा। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस का परहा रहा। शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज संपन्न हुई। इसी क्रम में नोडल अधिकारी सीडीपीओ मनोज शुक्ला व प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे मय हमराही ने स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ठूठीबारी, रामनगर, गडौरा समेत अन्य स्थानों पर स्थित मस्जिदों का जायजा लेते हुए धर्मगुरुओं और स्थानीय लोगो से बातचीत कर शांति और सौहार्द के साथ नमाज अदा करने की अपील की। **मस्जिदों के बाहर रहा पुलिस का पहरा:** जुमे की नमाज के दौरान शुक्रवार को कोई व्यावधान की स्थिति पैदा न हो इसके लिए गुरुवार से ही पुलिस तैयारी में जुटी थी।गुरुवार की शाम पीस कमेटी की बैठक में धर्मगुरुओं समेत सभांत नागरिकों से प्रभारी निरीक्षक ने संवाद किया। शाम को फोर्स के साथ प्रभारी निरीक्षक ने गश्त किया। जिसका असर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थानों में दिखा।

# जिले में रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण करते रहे डीएम-एसपी



तरकुलवा के पास प्रदर्शन कर रहे युवाओं को समझाते डीएम-एसपी।

## जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से पढ़ी गयी जुमे की नमाज

**महराजगंज (एसएनबी)।** जनपद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। इस दौरान जुमे की संवेदनशीलता और सेना में भर्ती की नई योजना का देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध को देखते हुए जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। सभी प्रमुख स्थलों व संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस व पीएसी बल की तैनाती की गयी थी। स्वयं जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस आधीक्षक डा. कौस्तुभ सुबह से ही विभिन्न थाना क्षेत्रों व रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण करते रहे। दोनों अधिकारियों ने परतावल, घुघली, सिसवा व निचलौल के विभिन्न स्थलों व स्थानों का निरीक्षण किया।

इस दौरान थाना श्यामदेउरवा स्थित ग्राम तरकुलवा के पास सेना भर्ती के नये नियमों का विरोध कर रहे अभ्यर्थियों-युवाओं से बात की और उन्हें समझाकर वापस भेजा। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने घुघली व सिसवा रेलवे स्टेशन का निरिक्षण किया और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए सतर्क रहने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न तहसीलों में प्रमुख व संवेदनशील स्थानों पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहे। साथ ही सचल दस्तों द्वारा भी लगातार निगरानी की जाती रही। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ मे न ले और अपनी बात को उचित माध्यम से उपयुक्त मंच पर रखे ताकि उसपर सही ढंग से विचार कर कोई हल निकाला जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि जनपद की शान्तिपूर्ण छवि को बनाये रखना सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए पुलिस व प्रशासन के साथ-साथ सभी को इसमें सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को अबतक सभी समुदायों व समूहों से पूरा सहयोग मिला है और उम्मीद है कि आगे भी यह सहयोग मिलता रहेगा।

## राजमार्ग पर उतरे युवा, अग्निपथ पर बरसे

**युवाओं की साइकिल रैली को पुलिस ने भिटौली में रोका, लगे नारे**

भिटौली /नौतनवा (महराजगंज) (एसएनबी)। सेना में अग्निपथ स्कीम को लेकर देश के कई प्रान्तों में उपजे बवाल के बीच युवा परतावल से साइकिल जुलूस निकाल विरोध जताये। युवाओं की रैली जैसे ही परतावल के लिए कूच की वैसे ही पुलिस भिटौली में बैरिकेटिंग कर मुस्तैद हो गयी। सरकार के निर्णय का विरोध करते हुए नारे लगाते हुए भिटौली मे पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से विरोध व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि सेना की भर्ती मे शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में युवा तैयारी कर रहे हैं। सरकार द्वारा सेना मे अग्निपथ स्कीम लाकर चार साल तक भर्ती करने का प्रावधान किया है। इसके बाद भी सेना में नौकरी सुरक्षित रहेगी या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं है। सरकार के इस व्यवस्था से नाराज युवक परतावल से साइकिल रैली लेकर जिला मुख्यालय पहुंचने का निर्णय लिये। युवाओं की रैली को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है और तत्काल के साथ भिटौली मे ही युवाओं को रोक लिया। पुलिस का सख्त तेवर देख कुछ साइकिल सवार यू टर्न ले लिए लेकिन बड़ी संख्या में युवक नारे लगाते हुए प्रशासन के सामने डट खड़े हो गये।




प्रदर्शन कर रहे युवाओं को रोकती पुलिस।

विरोध कर रहे युवाओं को मौके पर उपस्थित आला अफसरों ने समझाया और वापस भेजने की पुरजोर कोशिश करते रहे। हाथ में तख्तियां लेकर युवक अग्निपथ का विरोध कर सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग करते रहे । साइकिल जुलूस मे कोई अप्रिय घटना न हो इसको लेकर पुलिस अफसर सूझबूझ से युवाओं के गुस्से को शान्त करते रहे। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो युवा धक्का न देकर उनकी बात सुनने की गुहार लगाते रहे। युवाओं को जिला मुख्यालय पर जाने से रोकने के लिए भिटौली मे एसडीएम मो. जसीम, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, इंस्पेक्टर रवि राय, श्यामदेउरवा एसओ आनंद गुप्ता व भिटौली चौकी प्रभारी राजीव तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। अग्निपथ योजना के विरोध में परतावल से जनपद मुख्यालय के लिए चले युवाओं के झुंड को सदर एसडीएम के नेतृत्व में समझा बुझा कर भिटौली से वापस भेज दिया गया। इसकी सूचना मिलने पर कुछ समय बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व एसपी डा. कौस्तुभ भिटौली चौकी पहुंच कर जायजा लिए व सभी अधिकारियो को निर्देश दिए कि शांति व्यवस्था बनाये रखें।

**नौतनवा प्रतिनिधि** के अनुसार भारत सरकार द्वारा सेना में युवाओं के लिए अग्निपथ नामक योजना को लागू किये जाने के विरुद्ध को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट पर नजर आया। इसको लेकर सुबह से ही किसी भी सम्भावित विरोध को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों, चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन आदि पर सुरक्षाबलों का कड़ा पहरा देर शाम तक जारी रहा। इसके अलावा उपजिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मिश्र अपने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके उपाध्याय के साथ पूरे दिन भ्रमण पर रहे। इसके अलावा जुमे के दिन होने के चलते प्रशासन व सुरक्षाबलों द्वारा अधिकारियों के निर्देश पर मस्जिदों व ईदगाहों की सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गयी थी। सुबह से ही ईदगाहों व मस्जिदों से होकर गुजरने वाले सभी रास्तों पर प्रशासनिक व सुरक्षा निकायों के अधिकारी व जवान बड़ी सतर्कता बरतते नजर आये। इसके अलावा क्षेत्र में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की सघन गश्त जारी रही।

## आंदोलन के मद्देनजर कई रेलगाड़ियां निरस्त



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते एडीएम व एसपी।

**सिसवा बाजार/कोल्हुई बाजार (एसएनबी)।** अग्निपथ योजना के विरोध आंदोलन को देखते हुए गोरखपुर नरकटियागंज रेल मार्ग की सभी रेलगाड़ियां निरस्त हो जाने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा वहीं बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा के ब्यान से उपजे विवाद को लेकर जुमे की नमाज के दौरान सिसवा में प्रशासन पूरी तरह सतर्क और चाक चौबंद रही। इस दौरान जिले के आला अधिकारियो ने नगर में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। डीएम व एसपी ने नगर का भ्रमण करते रेलवे स्टेशन पहुंचे और सुभाष नगर मिस्करी टोला होते हुये निचलौल के तरफ निकल गये उसके बाद एडीएम पंकज वर्मा के नेतृत्व में एडीशनल एसपी निवेश कटियार, एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र, सीओ सुनील दत्त दूबे, एसओ राम आशीष सिंह, चौकी इंचार्ज अमित सिंह सहित पुलिस व पीएसी के जवानों द्वारा नगर व रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई इसके उपरांत ये टीम नगर के मस्जिदों का जायजा लेते हुये सुभाष नगर मिस्करी टोला पहुंचे और शांतिपूर्वक नमाज अदा करने के अपील के साथ लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान मस्जिदों और रेलवे स्टेशन पर पुलिस और पीएसी के जवान भारी संख्या मे तैनात रहे। **कोल्हुई बाजार प्रतिनिधि** के अनुसार थाना कोल्हुई क्षेत्र के गांव व चौराहे पर अग्निपथ योजना व जुमे की नमाज को लेकर शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही। इस दौरान उपजिलाधिकारी फरेन्दा व सीओ फरेन्दा समय-समय पर निरीक्षण करते देखे गये। मिली जानकारी के अनुसार अग्निपथ योजना का घोषणा होने के बाद जहां कई जगहों पर विवाद शुरु हो गया है वही आज कोल्हुई पुलिस अपने क्षेत्रों मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए अग्नि पथ व जुमे की नमाज को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रही। क्षेत्र में पूरी तरह से शान्ति बनी रही। इस सम्बन्ध में एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह ने बताया कि पूरे क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर ड्यूटी लगायी गयी थी जिसके चलते शान्ति व्यवस्था कायम रही।

# सोहगीबरवा में भी मुस्तैद रही पुलिस

**महराजगंज।** नेपाल व बिहार बार्डर से सटे सोहगीबरवा में शुक्रवार की नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चौकस रही। पनियरा क्षेत्र में नहर चौराहे के समीप स्थित जामा मस्जिद के पास पुलिस तैनात रही। डिगुरी, गिरगिटियां, मौलागंज, कौवाठोर, जंगल बडहरा, गेहुंअना आदि स्थानों पर अपर एसडीएम मदन मोहन वर्मा व थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह गश्त करते रहे। **हरपुर संवाद** के अनुसार बड़हरा जामा मस्जिद के आसपास पुलिस इंस्पेक्टर व सदर एसडीएम मौजूद रहे।

ठूठीबारी संवाद के अनुसार क्षेत्र के सभी मस्जिद के आसपास सुरक्षा कड़ी रही। निचलौल कस्बे के मदरसा परिसर स्थित मस्जिद, छितौना, बहरौली, मिश्रौलिया, ढेसो आदि स्थानों पर जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। एसडीएम निचलौल सत्यप्रकाश मिश्र, सीओ सुनील दत्त दुबे व एसओ रामाज्ञा सिंह फोर्स के साथ सभी मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते रहे। सोहगीबरवां में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। प्रदीप शर्मा खण्ड शिक्षा अधिकारी निचलौल हल्का लेखपाल संदीप व थानाध्यक्ष देवेन्द्र लाल मौके पर मौजूद रहे।

## मस्जिदों के पास सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम, डीएम-एसपी जिले का लेते रहे जायजा

# शांतिपूर्वक हुई जुमे की नमाज

### राहत

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। महराजगंज जिले में जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को शांति पूर्वक अदा की गई। शांति सुरक्षा को लेकर एक दिन पहले से ही प्रशासन व पुलिस अलर्ट रही। शांतिपूर्वक नमाज होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जुमे की नमाज को लेकर डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ जिले का जायजा लेते रहे। नमाज पढ़ने के लिए सिविल लाइन स्थित जामिया रिजविया नुरुल उलूम में भारी भीड़ देखी गई। एडीएम डॉ. पंकज वर्मा और एएसपी निवेश कटियार ने सिविल लाइन में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फरेंदा, नौतनवा, श्यामदेउरवा, पनियरा आदि क्षेत्रों में भी शान्ति पूर्वक नमाज अदा की गई।

**शांति की अपील करते रहे अफसर**

पुलिस व प्रशासन के अधिकारी शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर शांतिपूर्वक तरीके से नमाज अदा करने की अपील करते रहे। जिसका नतीजा हुआ है कि हर जगह शांतिपूर्वक तरीके से जुमे की नमाज सम्पन्न हो गई। नगरपालिका क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित नूरी जामा मस्जिद में शुक्रवार को मुस्लिम भाइयों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान मो. जावेद अहमद ने लोगों को जुमे की नमाज पढ़ाई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एडीएम पंकज वर्मा, एएसपी निवेश कटियार, शहर कोतवाल रवि कुमार राय ने भी मस्जिद में पहुंच कर लोगों से शांतिपूर्वक तरीके जुमे की नमाज पढ़ने की अपील की। इसके बाद मदरसा जामिया रिजविया नुरुल उलूम के पूर्व प्रधानाचार्य मु. मोईनुद्दीन कादरी ने तकरीर की। कहा कि यहां हमेशा शांति बनी रहती है। ऐसे में हर समय हिन्दुओं का काफी सहयोग मिलता है। इस अवसर पर शमशुल हुदा खां, आफताब आलम, हाजी सैफुदोजा, मास्टर सदरे आलम, हाफिज सेराउद्दीन, मजीद अहमद, सराफत अली, आफताब आलम, अमजद अली आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में नगर के सक्सेना चौक स्थित रजा जामा मस्जिद में मुस्लिम भाइयों ने शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा की।



महराजगंज शहर के सक्सेना चौक स्थित रजा जामा मस्जिद में शुक्रवार को मुस्लिम भाइयों ने शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा की।

### नगरपलिका के चेयरमैन ने शांति की अपील की

नौतनवा। नौतनवा पुलिस प्रशासन शुक्रवार की सुबह से ही पूरे क्षेत्र में लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करती रही। जिसका असर हुआ कि जुमे की नमाज पढ़कर लोग अमन का पैगाम लेकर निकले। थाना निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, नगर पालिका चेयरमैन गुड्डू खान एवं शमीम अशरफी आदि संभ्रांत नागरिकों ने अलग-अलग मस्जिदों में पहुंचे और लोगों से शांति की अपील की। एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने भी तहसील क्षेत्र के कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे तहसील क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रही है।

# एडीएम व एडिशनल एसपी ने सिसवा में संभाली थी कमान

शुक्रवार की नमाज को लेकर सिसवा में प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। अपर एडीएम डॉ. पंकज वर्मा व एएसपी निवेश कटियार के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी के जवान सिसवा में तैनात थे। मिसकारी टोला, मस्जिदिया ढाला सहित नगर के सभी मस्ज़िदों में नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था थी। अधिशासी अधिकारी राम आशीष सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिले को 18 सेक्टर में बांट हुई निगरानी

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में पूरी हो गई। इस दौरान सुरक्षा का अभूतपूर्व सुरक्षा का इंतजाम किया गया था। जिले को 18 सेक्टर में बांट कर कानून व्यवस्था की व्यूह रचना की गई थी। पुलिस की सोशल मीडिया टीम ने निगरानी बढ़ा दी थी। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ भ्रमण पर रह कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के बीच धर्म गुरूओं के अमन के पैगाम ने असर दिखाया। नमाज के बाद अकीदतमंद अपने-अपने घर चले। इसका असर यह रखा कि जिले में कहीं से भी छिटपुट तनाव की कोई भी सूचना नहीं मिली।



शुक्रवार को महराजगंज शहर के सिविल लाइंस स्थित नूरी जामा मस्जिद में सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस फोर्स।

शुक्रवार की नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले को 18 सेक्टर में बांट कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन के अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके अलावा आठ उप सेक्टर बनाए गए थे। क्यूआरटी को भी तैनात किया गया था। जिन-जिन गांवों में शुक्रवार की नमाज पढ़ी गई वहां के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था।

# किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित को भेजा गया जेल

पुरन्दरपुर। पुरंदरपुर क्षेत्र के एक गांव में भाई-बहन को नशीला पदार्थ पिलाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। प्रकरण में पुरन्दरपुर पुलिस गुरुवार की रात में आरोपित को फरेंदा उत्तरी बाइपास से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया।

घटना के समय भाई-बहन घर में अकेले थे। उनके माता-पिता कहीं गए हुए थे। उसी दौरान गांव का ही एक आरोपित उनके घर पहुंचा। भाई-बहन को नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया। इससे दोनों नशे की हालत में अचेत हो गए। इसके बाद किशोरी के साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया। मामला संज्ञान में आने के बाद पुरन्दरपुर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार रॉय, चौकी इंचार्ज अंकित सिंह ने गुरूवार की रात आरोपित को फरेंदा उत्तरी बाइपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-06-2022

# व्यापार मंडल ने थाने पर प्याऊ लगाया

रुधौली। भीषण गर्मी तथा तपती धूप को लेकर जय पूर्वांचल व्यापार मण्डल भानपुर के तहसील अध्यक्ष सुरेश अग्रहरि के द्वारा रुधौली एवं सोनहा थाना पर प्याऊ की व्यवस्था की गई। उद्घाटन प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा ने किया। इस मौके पर एसएसआई मिथिलेश कुमार मिश्रा, आनन्द बहादुर सिंह, सुभाष चन्द्र सोनी, भगवत गुप्ता, रमेश चन्द्र गुप्ता, श्रीराम, जय प्रकाश, रविशंकर गुप्ता, महिला कां. नेहा जायसवाल, प्रियांशी यादव आदि मौजूद रहीं।

# बकरी चोरी करते चार गिरफ्तार

परसरामपुर। बकरी चोरी के आरोप में ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। परसरामपुर के रिधौरा के साबिर अली ने तहरीर में बताया है 16 जून की भोर में चार लोग घर के सामने बंधी दो बकरियों को खोल ई- रिक्शा में लाद रहे थे।

# मारपीट में कोर्ट ने सुनाई सजा

बस्ती। ऑपरेशन शिकंजा में चयनित अभियोग का पैरवी सेल जिला बस्ती व थाना पुरानी बस्ती पुलिस की प्रभावी पैरवी से एक आरोपी को छह माह परिवीक्षा के कारावास की सजा सुनाई गई है।

पुलिस कार्यालय के अनुसार पुरानी बस्ती थाने पर 2012 में आईपीसी की धारा 308, 323, 504, 506 में केस दर्ज कर आरोपी मुहम्मद सुयेब पुत्र कयामुद्दीन निवासी माली टोला थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। ऑपरेशन शिकंजा मे मॉनिटरिंग सेल ने प्राथमिकता पर रखते हुए इसकी निरन्तर प्रभावी पैरवी की।

# दीवार गिराकर दी धमकी, मुकदमा

बस्ती। शहर कोतवाली की पिकौरा शिवगुलाम निवासी डॉ. बीना मिश्रा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गदहाखोर उर्फ सन्तपुर रोड पर स्थित उनके भूखंड पर हरिप्रसाद, मयंक चौरसिया व अन्य जेसीबी मशीन लगाकर कब्जा करने की नीयत से दीवार को गिरा दिया। मना करने पर मारपीट की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# फिर से होगी हत्या के मामले की जांच

बस्ती। सीजेएम कोर्ट ने मुंडेरवाके कुम्हिया मिश्रौलिया गांव में हुई युवक की मौत में मुंडेरवा पुलिस की तरफ से लगी फाइनल रिपोर्ट को नकार दिया है। सीजेएम ने मुंडेरवा के थानाध्यक्ष को अग्रिम विवेचना करने व एक पखवारे में अगली कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

बाल किशुन चतुर्वेदी निवासी कुम्हिया मिश्रौलिया ने कोर्ट को बताया त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उनकी पत्नी प्रत्याशी थी। 25 अप्रैल 2021 को मेरी पत्नी बेटी के साथ मायके चली गई। आरोप है विपक्षी उम्मीदवार को चुनाव लड़ा रहे गांव के 11 लोगों ने घर में पुत्र को अकेला पाकर हत्या कर दिए और शव को घर के पंखे से लटका दिया।

# दुकानों में बालश्रम की जांच, एक बच्चा मिला

कुदरहा, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत गायघाट में शुक्रवार शाम श्रम प्रवर्तन अधिकारी व एएचटीयू की संयुक्त टीम ने राम जानकी मार्ग पर स्थित दुकानों पर छापा मारा। संयुक्त टीम के अधिकारियों ने बताया कि गायघाट, पाऊं, कलवारी, कुदरहा, कुसौरा, नगर सहित अन्य स्थानों पर छापामारी में गायघाट में एक दुकान पर श्रम करते हुए मौके पर एक बच्चा मिला। इस दौरान प्रतिष्ठानों में संयुक्त टीम द्वारा की गई छापामारी की कार्रवाई को लेकर व्यवसाईयों में हड़कंप मचा रहा।

श्रम विभाग के अधिकारी विनय दूबे और एएचटीयू विभाग की प्रभारी विभा पांडेय की संयुक्त टीम ने गायघाट बाजार पहुंचकर दुकानों की जांच शुरू कर दी। टीम ने गायघाट में कपड़े की दुकान, मिष्ठान की दुकान, मेडिकल स्टोर सहित



शुक्रवार को गायघाट में दुकानों की जांच करती श्रम विभाग की टीम। • हिन्दुस्तान

अन्य दुकान पर छापा मारा। एक कपड़ा सिलाई वाली दुकान पर एक बच्चा काम करते हुए मिला। टीम ने दुकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की। दुकान मालिक पर टीम द्वारा की गई कार्रवाई से बाजार में हलचल मच गई। कई लोगों को तो कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री दूबे ने बताया कि शासन के आदेश पर 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को मुक्ति दिलाने के लिए संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। एएचटीयू की प्रभारी विभा पांडेय, हेड कांस्टेबल अनिल यादव, अरुण यादव, महिला कांस्टेबल संध्या आदि शामिल थे।

# पूर्व बीडीसी सदस्य हत्याकांड के आरोपी समेत 16 पर गैंगस्टर

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। लालगंज, दुबौलिया व छावनी पुलिस ने कुल सोलह आरोपितों को गैंगस्टर एक्ट में पाबंद किया है। लालगंज में पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति एवं पूर्व बीडीसी जीतेन्द्र सिंह की हत्या में आरोपी आठ पर कार्रवाई हुई है। दो जनवरी 2022 को हुए हमले के दूसरे दिन जितेंद्र सिंह के भतीजे रामायण सिंह की तहरीर पर सात आरोपियों को नामजद व अज्ञात पर बलवा, हत्या प्रयास, छिनैती व कई धाराओं में केस दर्ज किया था। विवेचना पर पुलिस ने बाद में नामजदगी बढ़ाई थी।

थानाध्यक्ष लालगंज दिलीप कुमार सिंह ने बताया आरोपी पियूष पाल उर्फ आशुतोष पाल, सत्येन्द्र पाल उर्फ गब्बर पाल, बिरेन्द्र बहादुर पाल उर्फ बब्बू पाल, आकाश पाल, शनि उर्फ विवेक पाल, विवेक पाल उर्फ विक्की पाल, पुनीत पाल व विशाल पाल निवासीगण भरवलिया थाना लालगंज के खिलाफ 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है। इन पर आर्थिक व भौतिक लाभ को अपराध का आरोप है।

थाना प्रभारी दुबौलिया विनोद कुमार ने बताया मेराज पुत्र बल्लन, साफियाबाद दुधारा सन्तकबीरनगर, यूसूफ अली, पिपरा कनक वेदा टोला, पटहेरवा कुशीनगर व सिराज उर्फ फैयाज अली, रिखाई टोला थाना थावे जिला गोपालगंज बिहार को गैंगस्टर में पाबंद किया गया है। वहीं छावनी पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपी रामनेवाज यादव निवासी मरवटिया, चन्द्रशेखर मिश्रा निवासी इटवा मिश्र, राम सुभावन निवासी करमी पट्टी समेत पांच पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

# 1.40 लाख गायब करने में केस

दुबौलिया। जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र में एक बिल्डिग मैटेरियल की दुकान से काउंटर की दराज में रखा रुपया उठा ले जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

विशुनदासपुर गांव निवासी अश्वनी सिंह की रामजानकी मार्ग धर्मूपुर मे बजरंग ट्रेडर्स नाम से बिल्डिग मैटेरियल की दुकान है। उनके अनुसार गुरुवार की सुबह दस बजे अपने काउंटर की दराज में 1.40 लाख रखकर बैंक में चेक जमा करने चले गए थे। आरोप है कि इसी बीच दुकान पर दो लोग आए और मौजूद मजदूर से पानी मांगा था। इसी बीच उच्चक्कों ने काउंटर के दराज को तोड़कर उस में रखा करीब 1.40 लाख रुपया निकाल लिया और भाग गए थे।

# बीईओ व दरोगा भी पकड़े गए थे

बस्ती, निज संवाददाता। घूस मांगने के मामलों में पिछले तीन सालों में राजस्व निरीक्षक को दबोचने का तीसरा मामला है। 2020 में उप निरीक्षक को तथा 2021 में खंड शिक्षा अधिकारी को भी एंटी करप्शन टीम दबोच चुकी है। दोनों को विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा था।

- सितम्बर 20 में दरोगा तो सितम्बर 21 में पकड़े गए थे दरोगा
- तीन साल में राजस्व निरीक्षक को दबोचने का तीसरा मामला

लालगंज थाने में तैनात दारोगा विजय प्रकाश यादव को गोरखपुर से आई एंटी करप्शन टीम ने 20 सितम्बर 2020 को रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा था। दरोगा पर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही एसपी स्तर से निलंबित कर दिया गया था। लालगंज थाने के बानपुर बाजार जुलाई 2020 को धर्मेन्द्र चौधरी का शव पंखे से लटकता मिला था। इस घटना में मृतक के परिजनों ने भूमि विवाद को लेकर मारपीट को वजह बताते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में बानपुर निवासी उमेश समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इस मुकदमें की विवेचना एसआई विजय प्रकाश यादव को सौंपी गई थी। शिकायतकर्ता उमेश चौधरी ने बताया कि मुकदमे में उसने कोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे ले लिया था। आरोप लगाया कि पहले नाम निकालने के लिए दो लाख रुपये की डिमांड की। बाद में एक लाख रुपये पर आए अंत में 70 हजार रुपये पर बात फाइनल हो गई थी। शिकायत विजिलेंस से किया तो टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया। सल्टौआ ब्लॉक के परिषदीय स्कूल बरहुआ में कार्यरत सहायक अध्यापक गौरव त्रिपाठी की सूचना पर गोरखपुर से पहुंची टीम कोतवाली क्षेत्र के मड़वानगर टोल प्लाजा के पास स्थित आवास पर धरपकड़ के बाद सीधे आरोपी बीईओ को साथ लेकर गोरखपुर रवाना हो गई थी।



बदमाशों द्वारा छोड़ी गई बाइक की जांच करते पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

# दुकानदार से दिनदहाड़े छिनैती

कप्तानगंज। हरैया थाना क्षेत्र के नारायणपुर तिवारी गांव में बाइक सवार दो युवक चंद्रभान तिवारी की परचून की दुकान पर दोपहर बाद पहुंचे। सामान खरीदने की बात कहकर एक युवक ने 500 रुपए की नोट दी। दुकानदार गल्ला खोलकर वापस करने के लिए पैसा निकाल रहे थे कि युवक करीब पांच हजार रुपए छीन कर बाइक स्टार्ट किए साथी के साथ बैठकर भागने लगा। लोगों घिरा देख पकड़े की आशंका में दोनों युवक बाइक खेत के किनारे छोड़कर फरार हो गए।

# गोकशी करने का आरोप, मुकदमा

दुबौलिया। थाना क्षेत्र के बरदिया लोहार निवासी मेवाती देवी ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गुरुवार को उनकी गाय बरदिया लोहार सोती के उस पार चरने गई थी। काफी खोजबीन के बाद गाय का कुछ पता नहीं चल सका। मुकामी पुलिस ने महिला की तहरीर पर पेठिया लश्करी गांव निवासी सफरूत, कलीम व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अग्निपथ योजना को लेकर प्रशासन रहा हाई अलर्ट

- रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे डीएम और एसपी
- आला अफसरों ने भ्रमण कर लोगों से की सहयोग की अपील

बस्ती, निज संवाददाता। अग्निपथ योजना को लेकर विभिन्न राज्यों में हुए बवाल व शुक्रवार को बलिया में ट्रेन में आगजनी की घटना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे स्टेशन और शहर के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण किया। मंगल बाजार का भ्रमण करते हुए आला अफसरों ने युवाओं से अपील किया कि वे धैर्य एवं संयम का परिचय दें।

डीएम व एसपी ने लोगों से बात की और उन्हें शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। भारत सरकार स्तर से घोषित सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के लिए युवाओं ने यूपी समेत अन्य राज्यों में प्रदर्शन किया था, इसके मद्देनजर प्रशासन सतर्क नजर आया। शुक्रवार को डीएम व एसपी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कंट्रोल रूम में जाकर देखा। रेलवे के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कप्तानगंज थाने में दर्ज किया गया भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा

# 10 हजार रुपये घूस लेते कानूनगो गिरफ्तार

**कलंक के खिलाफ**

कप्तानगंज/ हर्रैया, हिन्दुस्तान संवाद। हर्रैया तहसील के प्रभारी कानूनगो घनश्याम वर्मा को गोरखपुर-फैजाबाद की संयुक्त एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कानूनगो एक जमीन की पैमाइश करने के नाम पर शिकायतकर्ता से घूस की रकम ले रहा था। कप्तानगंज थाने में उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर टीम उसे लेकर गोरखपुर चली गई। घूसखोर कानूनगो के पकड़े जाने की सूचना आम होते ही तहसील में हड़कंप मच गया।

हर्रैया तहसील में तैनात प्रभारी कानूनगो घनश्याम चौधरी के विरुद्ध कप्तानगंज के खेमराजपुर गांव निवासी मनोज श्रीवास्तव ने जमीन की पैमाइश करने के नाम पर रिश्वत मांगने की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। मामले में गोरखपुर और फैजाबाद जोन की संयुक्त टीम को गिरफ्तारी के लिए लगाई गई थी।

शुक्रवार की सुबह ही हर्रैया पहुंची टीम के सदस्य सादी वर्दी में तहसील में और बाहर टहल रहे थे। लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। शिकायतकर्ता ने काम के बदले रिश्वत देने के लिए कानूनगो घनश्याम वर्मा को तहसील के गेट के पास बाहर बुलाया। बाहर एक चाय की दुकान पर 10 हजार रुपए हाथ में पकड़ते ही एंटी करप्शन गोरखपुर के प्रभारी निरीक्षक संतोष दीक्षित, इंस्पेक्टर शिव मनोहर यादव, एसआई नरेंद्र सिंह, एसआई राघवेंद्र सिंह, हेकां. चन्द्रभान मिश्र, कर्णधार, दिलीप कुमार, नीरज सिंह ने कानूनगो को दबोच लिया। और गाड़ी में बैठाकर सीधे कप्तानगंज थाने ले आई। आरोपी के पास से रिश्वत का 10 हजार रुपए बरामद हुआ। टीम प्रभारी ने घनश्याम वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कप्तानगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। गिरफ्तारी के दौरान डीएम बस्ती के निर्देश पर लोकसेवक गवाह के रुप में बेसिक शिक्षा कार्यालय में तैनात लिपिक अनिल चौधरी और पीडब्ल्यूडी बस्ती में तैनात प्रशासनिक अधिकारी जोखू यादव मौजूद रहे। टीम कानूनगो को लेकर गोरखपुर रवाना हो गई।



शुक्रवार को घूस लेते हुए पकड़ा गया आरोपी कानूनगो घनश्याम वर्मा (बीच में फुल बाजू की सफेद शर्ट पहने हुए)।

## एक साल से दौड़ा रहा था कानूनगो

हर्रैया तहसील के प्रभारी कानूनगो घनश्याम चौधरी को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़वाने वाले शिकायतकर्ता मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि एक बीघा जमीन की पैमाइश करने के लिए आरोपी उसे एक साल से दौड़ा रहा था। पक्की पैमाइश के लिए 6 जुलाई 21 को ही आदेश जारी हुआ था लेकिन प्रभारी कानूनगो घनश्याम पैसों के लालच में उन्हें दौड़ा रहा था। बताया कि आधा दर्जन बार डीएम, एसडीएम, तहसील दिवस पर शिकायत पत्र भी दिया लेकिन कानूनगो के अड़ियल रवैए के चलते पैमाइश नहीं की गई। एक साल तक तहसील व जिम्मेदारों का चक्कर लगाने के बाद भी काम नहीं हुआ तो उन्होंने एंटी करप्शन गोरखपुर और लखनऊ में शिकायत की।

# बजरंग दल व विहिप नेताओं पर केस

## कार्रवाई

- धारा 144 के उल्लंघन का आरोप, 13 नामजद व अन्य अज्ञात पर केस
- एपीएन पीजी कॉलेज के पास गुरुवार को किया था प्रदर्शन

**बस्ती, निज संवाददाता।** कोतवाली पुलिस ने विहिप व बजरंग दल पदाधिकारियों के खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज किया है। इन पर आरोप है कि बिना अनुमति के शहर में धरना-प्रदर्शन किया। शुक्रवार को विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता देश में लगातार हो रहे हिन्दुओं पर हमले, देवी-देवताओं के अपमान व जुमे की नमाज बाद पथराव का विरोध कर रहे थे।

विहिप ने शास्त्री चौक तक मार्च कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देने का गुरुवार को एलान किया था। इस मार्च के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। जैसे ही विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता एपीएन के सामने मार्च के लिए एकत्र हुए तो एसडीएम सदर सूरज यादव के नेतृत्व में पहुंची कोतवाली पुलिस व भारी संख्या में पुलिस बलों ने उन्हें घेर लिया और आगे जाने से रोक दिया। इसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने वहीं पर धरना दिया। हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए जमकर नारे लगाए।

राष्ट्रभक्ति गीत गाते हुए देश में लगातार हो रहे हिन्दुओं पर हमले की निंदा की। इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रशासन का कहना था कि यह धरना-प्रदर्शन बिना अनुमति के किया गया, जबकि जिले में धारा 144 लागू है।

इस पर एसआई व चौकी प्रभारी गांधीनगर मनीष कुमार जायसवाल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गोरक्ष प्रांत मंत्री बजरंग दल नागेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष गोपेश पाल, जिलाध्यक्ष विहिप हरैया दिनेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विहिप विवेक सिंह सोनू, जिला मंत्री प्रदीप पाण्डेय, श्रद्धेय पाल जिला मंत्री विहिप, नीरज गुप्ता नगर अध्यक्ष विहिप, सत्यप्रकाश सिंह प्रांत उपाध्यक्ष विहिप, रवीन्द्र कश्यप प्रचार प्रमुख विहिप, संतोष शुक्ल जिला उपाध्यक्ष विहिप, धर्मेन्द्र चौरसिया कार्याध्यक्ष विहिप, मनमोहन त्रिपाठी पूर्व जिला संयोजक बजरंग दल व विराट भट्ट व अन्य 15 अज्ञात के खिलाफ धारा 188 भादवि के तहत अभियोग दर्ज किया है।

# मारपीट में घायल युवक की मौत मामले में दो गिरफ्तार

- नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार देर शाम को हुआ था विवाद
- गुरुवार को मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले जाते वक्त हुई थी मौत

नगर बाजार (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की देर शाम दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

शुक्रवार को पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौंपा गया। इधर गांव में एडीएम अभय कुमार मिश्रा, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, एसडीएम सूरज यादव समेत अन्य अधिकारी व तीन थानों की फोर्स मौजूद रही। एएसपी ने बताया कि प्राणघातक हमले समेत अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में गैरइरादतन हत्या की धारा बढ़ा दी गई है। पुलिस टीम ने शुक्रवार को दिन में करीब डेढ़ बजे आरोपी राहुल शर्मा और सुरेंद्र चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।नगर थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम करीब सात बजे पड़ोसी दो गांवों के दो पक्ष आमने सामने आ गए थे। एक पक्ष के व्यक्ति का आरोप है कि राहुल, सुरेन्द्र चौधरी, सचिन, विशाल व मनीष ने आम तोड़ने की बात को लेकर एक राय होकर घर पर चढ़कर लाठी-डंडे से मारापीटा और अपशब्द कहा। मारपीट में उनके बेटे तकदीर अली व पड़ोसी नियाज अहमद को चोट आई। तकदीर अली के सिर में गंभीर चोट आई। गुरुवार को दिन में उसे गोरखपुर से चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ जाते वक्त गुरुवार की शाम तकदीर अली (22) की मौत हो गई थी। दूसरे पक्ष की तहरीर पर विपक्षी शेरअली, नियाजअली, झिनकू, तकदीर व नाजिम के खिलाफ आईपीसी 147, 337, 504, 506 व 354 के तहत केस दर्ज किया गया था।

कानपुर, प्रयागराज में हुए उपद्रव को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट, मस्जिदों पर तैनात रहे पुलिसकर्मी, अधिकारी भी रहे मुस्तैद

# शांतिपूर्ण बीता जुमा, मस्जिदों से अमन की दुआ

## सतर्कता

बस्ती, निज संवाददाता। शांति व सद्भाव की जिले की रिवायत इस शुक्रवार को भी कायम रही। शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान मस्जिदों व प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। आला प्रशासनिक अधिकारियों ने भ्रमण कर लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कानपुर, प्रयागराज में जुमे की नमाज के बाद हुए उपद्रव को लेकर प्रशासन अलर्ट पर था।

शहर की मुख्य मस्जिदों जामा मस्जिद पक्का बाजार, खैर मस्जिद, कटरा मस्जिद, जामिया हनफिया, दारूल उलूम, हुसैनी मस्जिद, दक्षिण दरवाजा, पठान टोला, रेलवे स्टेशन रोड सहित अन्य मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। लोगों ने अमन व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। संवेदनशील समझे जाने वाले पुरानी बस्ती क्षेत्र में आईजी राजेश मोदक, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया। अहिरौली, खिरौहुआ, बजहा, डेल्हापार, पंखोबारी, मथौली आदि जगहों पर नमाज अदा की गई। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के जमदाशाही की जामा मस्जिद अहले सुन्नत कादिरिया पहुंचकर थानाध्यक्ष योगेश सिंह, तहसीलदार भानपुर केशरी नंदन तिवारी ने सुरक्षा का जायजा लिया। पुरैना, सिसवारी, मझौआमीर, पैड़ा खरहरा, गंधरिया फैज आदि जगहों पर शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। हर्रैया क्षेत्र में रजा जामा मस्जिद अमारी बाजार अन्य जगहों पर नमाज अदा की गई।



शुक्रवार को नमाज के समय भ्रमण करती डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव।



जामिया मस्जिद अहले सुन्नत कादिरिया जमदाशाही में नमाज पढ़ते लोग। • हिन्दुस्तान

## गुस्से पर भारी पड़ी शांति की अपील

पैगम्बरे इस्लाम पर भाजपा प्रवक्ता की ओर से की गई अपमानजनक टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई न होने से आम मुसलमानों में गम व गुस्सा है। प्रयागराज में हुए विवाद के बाद प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई की निष्पक्षता को भी लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इन सबके बीच धर्म गुरुओं व प्रशासन की ओर से की गई अमन की अपील का व्यापक असर शुक्रवार को लोगों पर नजर आया। मुस्लिम धर्म गुरुओं का कहना है कि सरकार को पैगम्बर के खिलाफ गुस्ताखी करने वालों के खिलाफ जिस तरह कार्रवाई की जानी चाहिए थी, वह नहीं की गई। ईद व जुमा अलविदा की नमाज सड़क पर न होने पाए इसके लिए उन लोगों ने काफी प्रयास किए और जिसका नतीजा रहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप मस्जिदों में ही नमाज अदा की गई। सरकार को सभी की भावनाओं का आदर करते हुए हर समुदाय को साथ लेकर चलना चाहिए, तभी स्थायी शांति बरकरार रह सकती है।

## कारी ने नमाज पढ़ाई

दुबौलिया कस्बे की मुख्य मस्जिद गौसिया जामा मस्जिद में कारी इम्तियाज अहमद ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद लोग घरों को वापस हो गए।
खुशहालगंज, धर्मुपुर, विशेषरगंज, निदूरी, गोकुलपुर, बैरागल, गुलौरी बुजुर्ग, बसंतपुर, सैनिया, सेमरा, रानीपुर खुर्द, बभरौली सहित अन्य जगहों पर नमाज अदा की गई। एसओ विनोद कुमार टीम के साथ मुस्तैद रहे। बनकटी क्षेत्र में महथा गांव की जामा मस्जिद में डॉ. अतहर हुसैन ने नमाज पढ़ाई।

## नमाज को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

बस्ती। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट पर रहा। अधिकारियों ने क्षेत्र में भ्रमण कर शांति बनाए रखने की अपील लोगों से की। एसडीएम गुलाब चंद्रा एवं सीओ अम्बिका राम के नेतृत्व में रुधौली क्षेत्र में मार्च निकाला गया। संवेदनशील स्थानों पर क्यूआरटी व पुलिस बल के साथ कस्बा रुधौली, डुमरियागंज रोड, बखिरा रोड, भानपुर रोड, मुड़ियार, हनुमानगंज, पटखरिया, हटवा बाजार आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा, एसआई संतोष सिंह, कांस्टेबल अभिलाष प्रताप सिंह, हरिओम सिंह, जय प्रकाश, गोल्डी मौर्या शामिल रहीं। हर्रैया क्षेत्र में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृत पाल कौर, सीओ शेषमणि उपाध्याय के नेतृत्व में परशुरामपुर, सहित अन्य कस्बों में फ्लैग मार्च किया गया। कप्तानगंज क्षेत्र में कप्तानगंज, ओझागंज, हरदी सहित अन्य जगहों पर पुलिस बल की मुस्तैदी रही।

# विहिप और बजरंग दल के 28 सदस्यों पर मुकदमा

**जासं, बस्ती :** निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए बिना किसी अनुमति के एपीएन पीजी कालेज के सामने धरना देना विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को महंगा पड़ा। मामले में कोतवाली पुलिस ने 13 नामजद सहित 28 के विरुद्घ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली के गांधीनगर चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को सुबह 10 बजे एपीएन कालेज के सामने स्थित गौतम पुस्तक भंडार के पास विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिना अनुमति धरना दिया। इससे शहर में लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन हुआ। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, बजरंग दल के प्रांत मंत्री नागेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष गोपेश पाल, विहिप के जिलाध्यक्ष दिनेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह सोनू, जिला मंत्री प्रदीप पांडेय, श्रद्धेय पाल, नगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता, प्रचार प्रमुख रवींद्र कश्यप, जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ल, कार्याध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरसिया, पूर्व जिला संयोजक बजरंग दल मनमोहन त्रिपाठी व विराट भट्ट के अलावा अन्य 15 कार्यकर्ता नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बकरी चोरी करते चार धराए, मुकदमा

**बस्ती :** बकरी चोरी करने के आरोप में ग्रामीणों की मदद से परशुरामपुर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। रिधौरा निवासी साबिर अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 16 जून की भोर में चार लोग उनके घर के सामने बंधी दो बकरियों को खोलकर साथ लाए ई- रिक्शा में लाद रहे थे। पुलिस ने आरोपित लाल कुरेशी निवासी हैदराबाद थाना परशुरामपुर, हरिश्चंद्र निवासी गांधी नगर नाका थाना कोतवाली नगर अयोध्या, आर्यन मौर्या निवासी दिल्ली दरवाजा थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या समेत चार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# बालिका से दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा

**जासं, बस्ती:** छावनी थाने के एक गांव में अपने ननिहाल आई एक बालिका के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। विरोध करने पर बालिका को मारने पीटने का भी आरोप है।

गोंडा जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां ने छावनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 11 वर्षीय पुत्री कक्षा चार की छात्रा है। गर्मी की छुट्टी में वह छावनी थाना क्षेत्र स्थित ननिहाल आई हुई है। बताया कि हरैया थाना क्षेत्र का रहने वाला कुलदीप इन दिनों इसी गांव में अपने एक रिश्तेदार के घर आया हुआ था। आरोप लगाया कि उनकी बेटी जब गुरुवार की सुबह शौच के लिए जा रही थी तो कुलदीप ने उसे रास्ते में उसे पकड़ लिया। इसके बाद दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर मारा पीटा। बालिका के चिल्लाने पर वह भाग निकला।

# बकरी चोरी करते चार धराए, मुकदमा

**बस्ती :** बकरी चोरी करने के आरोप में ग्रामीणों की मदद से परशुरामपुर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। रिधौरा निवासी साबिर अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 16 जून की भोर में चार लोग उनके घर के सामने बंधी दो बकरियों को खोलकर साथ लाए ई- रिक्शा में लाद रहे थे। पुलिस ने आरोपित लाल कुरेशी निवासी हैदराबाद थाना परशुरामपुर, हरिश्चंद्र निवासी गांधी नगर नाका थाना कोतवाली नगर अयोध्या, आर्यन मौर्या निवासी दिल्ली दरवाजा थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या समेत चार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# चौबीस घंटे बाद भी नहीं लगा उचक्कों का सुराग

**जासं, दुबौलिया, बस्ती:** गुरुवार को सुबह साढे. दस बजे दुबौलिया थाने से महज कुछ दूर स्थित एक बिल्डिंग मैटेरियल्स की दुकान से बाइक सवार दो लोगों ने गल्ले में रखा 1.40 लाख रुपया उड़ा दिया था। 24 घंटे बीत जाने के बाद अभी तक पुलिस उचक्कों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। दुबौलिया पुलिस चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

विशुनदासपुर गांव निवासी अश्वनी कुमार सिंह थाने से कुछ ही दूरी पर बिल्डिंग मैटेरियल्स की दुकान चलाते हैं। गुरुवार को बाइक सवार दो लोग दुकान पर आकर रुके और दुकान पर रह रहे श्रमिक से पानी मांगा। जब तक श्रमिक दुकान के पीछे लगे हैंडपंप से पानी लेकर आता तब तक उचक्कों ने गल्ले में रखा करीब एक लाख चालीस हजार रुपये लेकर भाग निकले। दुबौलिया पुलिस दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है, मगर अब तक उसके हाथ कोई महत्वपूर्ण सुराग नहीं लगा है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया राम जानकी मार्ग स्थित कुछ दुकानों पर सीसीटीवी लगी है, उनके फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस आज

**जासं.बस्ती :** जिले की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। रुधौली तहसील में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक पीड़ितों की समस्याएं सुनेंगे। उक्त जानकारी एसडीएम रुधौली गुलाब चन्द्र ने दी। भानपुर में मुख्य विकास अधिकारी, हर्रैया में अपर जिलाधिकारी एवं बस्ती सदर तहसील में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।

# सीजेएम ने दिया अग्रिम विवेचना का आदेश

**जासं, बस्ती :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश यादव ने थाना मुंडेरवा की अंतिम रिपोर्ट को खारिज करते हुए अग्रिम विवेचना का आदेश दिया है। 15 दिन के अंदर कृत कार्रवाई से अवगत कराने को कहा है।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कुम्हिया मिश्रौलिया निवासी बाल कृष्ण चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी के आदेश से कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कहा गया है कि 2021 के पंचायती चुनाव में बालकृष्ण की पत्नी रचना बीडीसी सदस्य का चुनाव लड़ रही थीं। उनके विरोध में कुसुम उम्मीदवार थी जिनके समर्थन में गांव के संतराम चौबे व उनके सहयोगी थे। 25 अप्रैल 2021 को रचना अपनी पुत्री वर्तिका के साथ मायके चली गई थी, घर पर 16 साल का आर्यन अकेला था। बालकृष्ण द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार गांव के संतराम चौबे, प्रेम चौबे, रघुराज चौबे, अवध राज चौबे, रमाकांत, राज नारायण, रामनारायण, विजय नारायण, हीरालाल यादव, चंद्रकांत उर्फ लल्लू पांडेय और सत्य नारायण ने घर में घुसकर बाल कृष्ण के पुत्र आर्यन की हत्या कर दी और शव को पंखे से लटका कर आत्महत्या का रूप दे दिया। मुंडेरवा थाना ने रिपोर्ट के समर्थन में साक्ष्य ना पाते हुए रिपोर्ट 21 नवम्बर 2021 को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। बालकृष्ण ने विवेचना के विरुद्ध कोर्ट में आपत्ति दाखिल की।

# जाति प्रमाणपत्र के लिए दिया धरना

**जासं, बस्ती :** पिछड़ी जाति का प्रमाणपत्र जारी किए जाने की मांग को लेकर कांदू कसौधन समाज का धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को शास्त्री चौक पर तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व कर रहे संपूर्ण वैश्य सेना के प्रदेश अध्यक्ष माधव प्रसाद ने कहा कि गुरुवार को धरनास्थल पर पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी ने एक सप्ताह में जाति प्रमाणपत्र जारी किए जाने की बात कहकर धरना खत्म करने की अपील की थी, लेकिन सहमति नहीं बनी। कहा कि इस बार प्रशासन के झांसे में नहीं आने वाले हैं। इस बार का धरना निर्णायक होगा। धरने की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने कहा जाति प्रमाणपत्र जारी करने में जो भी समस्याएं आ रही है उनका तत्काल निराकरण करना होगा। अन्य जिलों में प्रमाणपत्र स्थलीय पूछताछ के आधार पर जारी किये जा रहे हैं। बस्ती में यह प्रक्रिया आखिर क्यों नहीं शुरू हो रही है। अखिलेश कसौधन, डा. संजय कुमार, शिवकुमार गुप्ता, राजनारायण, शिवेन्द्र मद्धेशिया, विरेन्द्र कसौधन उर्फ बबलू, मनोज कसौधन, धीरज कसौधन, प्रदीप मद्धेशिया, मुन्ना मद्धेशिया, विवेक मद्धेशिया, कुलदीप जायसवाल, गणेश कसौधन, राजमणि, रामकुमार, सुशील, विजय कुमार, हनुमान प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।




शास्त्री चौक पर धरना देते कांदू-कसौधन समाज के लोग ● जागरण

- **शास्त्री चौक पर चल रहा कांदू कसौधन समाज का धरना-प्रदर्शन**
- **प्रमाणपत्र जारी होने तक आंदोलन लगातार चलता रहेगा**

# प्रभारी राजस्व निरीक्षक घूस लेते गिरफ्तार

## एंटी करप्शन टीम ने दर्ज कराया मुकदमा, हरैंया तहसील में भूमि पैमाइश के लिए ले रहा था रिश्वत

**जागरण संवाददाता, हर्रैया, बस्ती :** हरैंया तहसील में शुक्रवार को दोपहर बाद गोरखपुर की एंटी करप्शन टीम ने प्रभारी राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा। कप्तानगंज थाने में कानूनगो के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

भूमि की पैमाइश के लिए प्रभारी राजस्व निरीक्षक एक किसान से 10 हजार रुपये का मांग रहा था। रकम न देने पर वह दो साल से पैमाइश नहीं कर रहा था। पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम गोरखपुर के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित ने थक हार कर संपर्क किया।

हरैंया तहसील में राजस्वकर्मियों की मनमानी और भ्रष्टाचार का मामला चर्चा में है। ताजा मामला खेमराजपुर गांव से जुड़ा है। पीड़ित मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी रेखा देवी के नाम की भूमि की पैमाइश के लिए हरैंया एसडीएम न्यायालय में धारा 24 के तहत वाद दाखिल किया था। नौ जुलाई 2021 को पैमाइश के लिए लेखपाल (प्रभारी राजस्व निरीक्षक) घनश्याम चौधरी को निर्देश दिया गया था। लेखपाल पीड़ित से पैमाइश के लिए मोटी रकम की डिमांड कर रहा था। पीड़ित से रकम न मिलने पर वो उसे दौड़ा रहा था। उसने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से लेकर प्रमुख सचिव व जिलाधिकारी से कर दी। इसके बाद भी कुछ नहीं हुआ। ऐसे में पीड़ित ने एंटीकरप्शन टीम की मदद ली। योजना के अनुसार उसने तहसील गेट के बगल स्थित एक दुकान में घनश्याम चौधरी को 10 हजार रुपये की रिश्वत भेंट की। जैसे ही प्रभारी राजस्व निरीक्षक ने रकम हाथ में लिया और उसे जेब में डाला, एंटी करप्शन टीम ने उसे धर दबोचा। उसे हिरासत में लेकर टीम कप्तानगंज थाने पर पहुंची। लेखपाल घनश्याम चौधरी के पास राजस्व निरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार है। एंटी करप्शन टीम ने पीड़ित की भूमि पैमाइश से जुड़ी फाइल नायब तहसीलदार निखिलेश से पूछताछ के बाद कब्जे में ले लिया है।



एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में हरैंया तहसील में तैनात प्रभारी राजस्व निरीक्षक घनश्याम चौधरी • जागरण

### जेसीबी से दीवार गिराने व धमकी देने का आरोप

**बस्ती:** कोतवाली के पिकौरा शिवगुलाम मोहल्ले की रहने वाली डा. बीना मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गदहाखोर उर्फ संतपुर रोड पर स्थित उनके भूखंड पर हरिप्रसाद, मयंक चौरसिया व अन्य ने जेसीबी मशीन लगाकर कब्जा करने की नीयत से दीवार को गिरा दिया। इससे लाखों रुपये का उन्हें नुकसान हुआ।

# रेलवे स्टेशन पर डीएम व एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



कई जनपदों में हुए प्रदर्शन को देखते रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था देखतीं डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी अशीष श्रीवास्तव और अन्य ● जागरण

**जासं, बस्ती** : जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे स्टेशन तथा शहर के मोहल्लों का भ्रमण किया। उन्होंने लोगों से बात की तथा उन्हें शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सरकार द्वारा घोषित सेना में भर्ती होने की योजना अग्निवीर के लिए युवाओं द्वारा प्रदर्शन को देखते हुए अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रेलवे स्टेशन की निगरानी के लिए लगाए गए सीसी टीवी कैमरे की फुटेज कंट्रोल रूम में जाकर देखा तथा रेलवे के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। युवाओं से अपील किया कि वे धैर्य एवं संयम का परिचय दें। बाद में दोनों अधिकारियों ने मंगल बाजार का भ्रमण किया तथा लोगों से सहयोग करने की अपील किया।

# दुकानों से बालश्रम करने वाले बच्चों को कराया गया मुक्त



नगर पंचायत गायघाट स्थित कपड़ा सिलाई की दुकान पर छापामारी करती श्रम विभाग और एएचटीयू की संयुक्त टीम ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गायघाट, बस्ती :** नगर पंचायत गायघाट में शुक्रवार दोपहर बाद श्रम परिवर्तन अधिकारी व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की संयुक्त टीम ने राम जानकी मार्ग पर स्थित दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक दुकान पर बालश्रम करते हुए एक बच्चा मिला। दुकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की गई। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी ने बताया कि महसों और बनकटी बाजार में निरीक्षण के दौरान कुल सात बच्चों को बालश्रम से मुक्त करा कर उन्हें घर भेजा गया।

श्रम परिवर्तन विभाग के अधिकारी विनय दूबे और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू ) की प्रभारी विभा पांडेय की संयुक्त टीम ने गायघाट बाजार में स्थित दुकानों पर पहुंची। इस दौरान टीम ने कपड़े और मिठाई की दुकान, मेडिकल स्टोर सहित अन्य दुकान की जांच की। जहां एक कपड़ा सिलाई वाले दुकान पर एक बच्चा श्रम करते पाया गया। दुकान मालिक को नोटिस दी गई। पांऊ, कलवारी, कुसौरा, नगर में भी दुकानों पर टीम ने निरीक्षण किया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि शासन के आदेश पर 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। छापामारी के दौरान हेड कांस्टेबल अनिल यादव, अरुण यादव, महिला कांस्टेबल संध्या, नागेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रमुख पति के हत्यारोपित समेत 16 पर गैंगस्टर

**जासं, बस्ती:** जिले की लालगंज, दुबौलिया व छावनी पुलिस ने कुल 16 आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। लालगंज थाना क्षेत्र में पूर्व ब्लाक प्रमुख के पति जीतेंद्र सिंह की हत्या में आरोपित आठ लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। दो जनवरी 2022 को हुए हमले के दूसरे दिन जितेंद्र सिंह के भतीजे रामायण सिंह की तहरीर पर सात आरोपितों को नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के आधार पर पुलिस ने बाद में इसमें नामजदगी बढ़ाई थी।

थानाध्यक्ष लालगंज दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित पियूष पाल उर्फ आशुतोष पाल, सत्येन्द्र पाल उर्फ गब्बर पाल, विरेन्द्र बहादुर पाल उर्फ बब्बू पाल, आकाश पाल, शनि उर्फ विवेक पाल, विवेक पाल उर्फ विक्की पाल, पुनीत पाल व विशाल पाल निवासी भरवलिया के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

वहीं प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया विनोद कुमार ने बताया कि मेराज निवासी साफियाबाद थाना दुधारा संत कबीरनगर, यूसुफ अली निवासी पिपरा कनक बेदा टोला थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर व सिराज उर्फ फैयाज अली निवासी रिखाई टोला थाना थावे जिला गोपालगंज बिहार पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है। छावनी पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपित रामनेवाज यादव निवासी मरवटिया, चंद्रशेखर मिश्रा निवासी इटवा मिश्र, राम सुभावन निवासी करमी पट्टी थाना परशुरामपुर, अंजनी श्रीवास्तव निवासी माचा, थाना परशुरामपुर व धीरेंद्र श्रीवास्तव निवासी हरैया खास पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## शराब के नशे में पत्नी को पीटा, मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा सियरापार निवासी नेहा मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पति दीपक मिश्रा ने शराब के नशे में उन्हें अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# पुलिस की कड़ी चौकसी के बीच अदा की गई जुमे की नमाज

**सभी मस्जिदों के बाहर लगाए गए थे सुरक्षाकर्मी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थलों का किया भ्रमण**



गायघाट में नमाज पढ़ते लोग • जागरण



दक्षिण दरवाजा मस्जिद से नमाज पढ़ कर निकलते लोग • जागरण



रुधौली में नमाज के मद्देनजर गश्त करते एसडीएम, सीओ व अन्य • जागरण

**जागरण टीम, बस्ती :** जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव ने संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

सुरक्षा की दृष्टि से जिले को 16 जोन और 89 सेक्टर में बांटा गया था। सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने टीम के साथ लगातार अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। वहीं जोनल पुलिस अधिकारी बनाए गए सभी थानेदार अपने अपने थानाक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मी लगाए गए थे। समस्त मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी थानों की फोर्स के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। एसपी ने बताया कि इस दौरान इंटरनेट मीडिया पर नजर रखी गई।

हरैया कस्बा के जामा मस्जिद, रजा जामा मस्जिद अमारी बाजार, कसगदवा, गौहनिया, इन्दौली, पखेरवा, पखेरी, बंजरिया, सिंदुरिया, आमीन डीह, पुरे अलावल गांव में स्थित मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज संपन्न हुई। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर, हैदराबाद, जोगापुर, चौरी, में मस्जिदों के आसपास जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए हेतु मुस्तैद नजर आया। वहीं हरैया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृत पाल कौर, क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक अरविंद शाही एवं एसआइ पवन मिश्र पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते नजर आए। लालगंज थानाक्षेत्र के महथा, भानपुर, मधौली, कुल्हा, पिखौबारी, खिरहुआ, बनकटी, नेवारी, लालगंज, खड़सा व महसो के मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। लालगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहे। नगर पंचायत गायघाट में जुमा की नमाज को देखते हुए कलवारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व गायघाट चौकी इंचार्ज राम वशिष्ठ पुलिस टीम के साथ अलर्ट रहे।

# भड़काऊ पोस्ट करने के मामले में आठ का चालान

पैकोलिया। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने और शांतिभंग के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया है।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुसहा बरहपेड़ा निवासी गुणसहाय, जिलाजीत, शिव सहाय, चंद्रशेखर, ऐनपुर निवासी मोहम्मद रईस, पिकौरा निवासी राम बहादुर, चेतरा चुरिहारपुर निवासी हरिप्रसाद और गौर थानांतर्गत चकचई निवासी अमित को शांतिभंग और भड़काऊ पोस्ट करने के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। संवाद

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हरैंया।** पुलिस टीम ने छावनी थाना क्षेत्र के रहने वाले दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपी युवक पर कई आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर छावनी थाना क्षेत्र के अमोढ़ा ढोलवापुर निवासी प्रद्युम्न चौहान पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का केस दर्ज कराया था। पुलिस को महीनों से उसकी तलाश थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष शैलेश सिंह, महिला उप निरीक्षक अनीता यादव ने बड़हर खुर्द गांव के सामने युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कांस्टेबल प्रद्युम्न सिंह, हरेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

## पशु को मारने के आरोप में मुकदमा

**दुबौलिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोस के गांव के कुछ लोगों पर पशुवध करने का आरोप लगाया है। मुकामी पुलिस महिला की तहरीर के आधार पर दो नामजद एवं तीन अन्य अज्ञात के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। बरदिया लोहार गांव निवासी मेवाती ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बृहस्पतिवार को उसका दुधारु गोवंशीय पशु बरदिया लोहार सरयू नदी के सोती के उस पार चरने गई थी। काफी खोजबीन के उसका कुछ पता नहीं चल सका। बाद में सोती के पास उसके अवशेष मिले। पुलिस ने इसी थाने के पेठिया लश्करी गांव निवासी सफरूत, कलीम एवं तीन अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। संवाद

## बिना अनुमति धरना देने पर 13 नामजद

**बस्ती।** शहर में लगी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए बिना किसी अनुमति के एपीएन पीजी कालेज के सामने धरना देने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने 13 नामजद व करीब 15 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांधीनगर चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल ने तहरीर दी। नागेन्द्र सिंह गोरक्ष प्रांत मंत्री बजरंग दल, गोपेश पाल जिलाध्यक्ष बजरंग दल, दिनेश मिश्रा जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, विवेक सिंह सोनू जिला उपाध्यक्ष विहिप, प्रदीप पांडेय जिला मंत्री विहिप, श्रद्धेय पाल जिला मंत्री, नीरज गुप्ता नगर अध्यक्ष, सत्य प्रकाश सिंह प्रांत उपाध्यक्ष, रवींद्र कश्यप प्रचार प्रमुख, संतोष शुक्ल जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र चौरसिया कार्याध्यक्ष, मनमोहन त्रिपाठी पूर्व जिला संयोजक बजरंग दल, विराट भट्ट के अलावा अन्य 15 साथी नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। संवाद

# श्रम व एएचटीयू विभाग की संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा गया बाल श्रमिक

## कस्बे में टीम के छापे की सूचना से व्यवसायियों में हड़कंप

संवाद न्यूज एजेंसी

**गायघाट।** नगर पंचायत में शुक्रवार को जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) टीम ने अभियान चलाकर दुकानों पर छापा मारा। टीम के कस्बे में पहुंचने की सूचना पर व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान एक सिलाई सेंटर पर 14 वर्षीय बालक को कार्य करते हुए देखा। वहीं, उसे पकड़कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।



गायघाट में छापा के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनय दुबे व एएचटीयू प्रभारी विभा पांडेय। संवाद

जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनय दुबे ने बताया कि दुकान संचालक के विरुद्ध कोर्ट में प्राभियोजन दाखिल किया जाएगा। संबंधित के खिलाफ अदालत कार्रवाई करेगा। इसके अलावा टीम ने नगर पंचायत क्षेत्र के कपड़े, मिष्ठान, दवा और आदि प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया। एएचटीयू प्रभारी विभा पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को नगर बाजार, कुसौरा, कलवारी, पांऊ आदि कस्बों में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निरीक्षण किया गया।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर 18 साल से कम आयु वर्ग बच्चों को मजदूरी या नौकरी से मुक्ति दिलाने के लिए संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है। यदि कोई किशोर श्रम करते हुए पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। टीम में हेड कांस्टेबल अनिल यादव, अरुण यादव, महिला कांस्टेबल संध्या, नागेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## गौर-बभनान स्टेशनों पर दिखा पुलिस का पहरा

**गौर।** सेना में अग्निपथ योजना के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन को देखते हुए शुक्रवार को गौर रेलवे स्टेशन पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, एडीएम अभय मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र कुमार पटेल ने रूट मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। दोनों अधिकारियों ने बताया कि बिहार में जिस तरह से युवाओं ने उग्र प्रदर्शन कर ट्रेनों में आग लगा दी है। उसी को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर कोई अप्रिय घटना रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। संवाद

## डीएम व एसपी ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे स्टेशन व शहर भर में भ्रमण किया। अधिकारियों ने लोगों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने युवाओं से बातचीत कर कहा कि किसी के बहकावे में न आएं। स्वयं के विवेक से कार्य करें। एसपी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। संवाद

# दस हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

## खेमराजपुर की रेखा ने की थी शिकायत, पक्की पैमाइश के लिए मांग रहे थे बीस हजार रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती/हर्रैया।** गोरखपुर के अपराध निरोधक दस्ता ने शुक्रवार को हर्रैया तहसील में कार्यरत राजस्व निरीक्षक घनश्याम वर्मा को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। राजस्व निरीक्षक रिश्वत में मिले रुपये तहसील के गेट पर खड़े होकर गिन रहे थे। तभी टीम ने उन्हें धर दबोचा। टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित ने बताया कि कप्तानगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

इस संबंध में हर्रैया तहसील के खेमराजपुर निवासी रेखा श्रीवास्तव ने शिकायत की थी। जिसमें बताया गया था कि धारा-24 के तहत अपनी पैतृक संपत्ति की पक्की पैमाइश कराने के लिए वाद दाखिल किया था। एसडीएम कोर्ट ने पक्की पैमाइश का आदेश दे दिया था।



हर्रैया में एंटी करप्शन टीम ने राजस्व कानूनगो को किया गिरफ्तार। संवाद

लेखपाल का कार्यभार देख रहे राजस्व निरीक्षक घनश्याम वर्मा को जुलाई 2021 में कोर्ट से पैमाइश का आदेश मिला। आरोप है कि करीब सालभर से पैमाइश के लिए राजस्व निरीक्षक टाल-मटोल कर रहे थे। इसके लिए वह 20 हजार रुपये मांग रहे थे। मगर आवेदक रेखा 10 हजार रुपये ही देना चाहती थीं। आखिर में 15 हजार रुपये पर बात पक्की हुई। रेखा के पति मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि घूस देने से

### गोरखपुर के अपराध निरोधक दस्ते ने कप्तानगंज थाने में कराया केस दर्ज

पहले एंटी करप्शन ब्यूरो लखनऊ से संपर्क किया। वहां से मामला गोरखपुर स्थानांतरित कर दिया। गोरखपुर की टीम ने शनिवार को पत्नी रेखा के हाथों 10 हजार रुपये भेजवाया।

रुपये देकर लौटते ही आसपास मौजूद टीम ने राजस्व निरीक्षक को तहसील गेट पर रुपये गिनते समय धर लिया।

हर्रैया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम अमृतपाल कौर ने बताया कि राजस्व निरीक्षण घनश्याम वर्मा को एंटी करप्शन टीम गोरखपुर के रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध कप्तानगंज थाने में मामला दर्ज कराया गया है।





गायघाट में नमाज अदा करते अकीदतमंद। दक्षिण दरवाजा चौराहे पर मस्जिद से नमाज पढ़ कर निकलते लोग। संवाद

# जिले में जुमे पर बना रहा शांतिपूर्ण माहौल

## डीएम व एसपी ने की निगरानी, नमाज अदा होने तक अलर्ट रही फोर्स

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कानपुर व प्रयागराज सहित कई शहरों में जुमे की नमाज के बाद हुए उपद्रव के मद्देनजर इस बार कड़े प्रबंध किए गए थे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में नमाज अदा की गई। डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी नमाज संपन्न होने तक विभिन्न माध्यमों से जायजा लेते रहे।

गायघाट प्रतिनिधि के मुताबिक कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट पुलिस चौकी अंतर्गत गायघाट, जनवल, बैड़ारी, चरकैला सहित कई मस्जिदों में अमन चैन के साथ जुमे की नमाज पढ़ी गई। थानाध्यक्ष कलवारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बड़े ही तहजीब के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। सल्टौआ प्रतिनिधि के मुताबिक सोनहा थाना क्षेत्र के हसनापुर, मुडरी, सोनहा, सल्टौआ, रुद्रपुर, कोहड़ी, कोठली, रुद्रपुर, सिहबरा, कनथुई, चौकवा, छनवतिया में लोगों ने कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक नमाज अदा किया। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शशांक शेखर राय हमराहियों के साथ भ्रमण कर स्थिति की जायजा लिया। बनकटी प्रतिनिधि के मुताबिक लालगंज थानाक्षेत्र के मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा की गई। महथा, बानपुर, मथौली, बजहा, पंखोबारी, खिरहुआँ, बनकटी, नेवारी, लालगंज, खदरा, महसों, बानपुर आदि मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। पैकोलिया प्रतिनिधि के मुताबिक थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय व हरैया नायब तहसीलदार निखिलेश कुमार मय पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्र के मरवटिया, पुरैना खास, तेनुआ, मुस्लिम पैकोलिया, पेड़ार, कुर्दा ,जीतीपुर, बेलभरिया रामगुलाम आदि गांवों के नमाजियों व मौलवियों से नमाज के पहले वार्ता की ।

रुधौली प्रतिनिधि के मुताबिक प्रशासन के सख्ती के बीच जुमे की नमाज अदा की गई। उप जिलाधिकारी गुलाब चंद्रा, क्षेत्राधिकारी रुधौली अम्बिका राम के निर्देशन में क्यूआरटी टीम व पुलिस बल कस्बा रुधौली, डुमरियागंज रोड बखिरा रोड, भानपुर रोड, मुड़ियार आदि स्थानों पर मार्च किया गया व हॉटस्पॉट व संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा के साथ एसएसआई मिथिलेश मिश्रा एसआई पंकज त्यागी शेषनाथ पांडेय आदि मौजूद रहे।



रुधौली में जुमे की नमाज को लेकर ड्रोन कैमरे से निगरानी करते पुलिस अधिकारी। संवाद

# मारपीट में मौत के मामले में दो गिरफ्तार

## अन्य की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन, घंटों मशक्कत के बाद शव दफन करने को राजी हुए

**संवाद न्यूज एजेंसी**

नगर बाजार (बस्ती)। नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार देर शाम हुई मारपीट में घायल युवक की मौत के मामले में नामजद राहुल शर्मा और सुरेंद्र चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उधर, पोस्टमार्टम के बाद परिवार के लोग शव लेकर गांव में पहुंचे। जहां पहले से मौजूद भारी संख्या में ग्रामीणों व परिवार वालों ने यह कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक शव को दफन नहीं करेंगे।

सूचना मिलते ही एडीएम अभय कुमार मिश्र, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, एसडीएम सूरज यादव के अलावा नगर, कलवारी व दुबौलिया थाने की फोर्स पहुंच गई। करीब एक घंटे मान मनौवल के बाद वे लोग शव दफन करने पर राजी हुए। नगर थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम करीब सात बजे पड़ोसी दो गांवों के दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। एक पक्ष का आरोप है कि राहुल, सुरेन्द्र चौधरी, सचिन, विशाल व मनीष ने आम तोड़ने की बात को लेकर एक राय होकर घर पर चढ़कर लाठी-डंडे से मारापीटा और अपशब्द कहा। मारपीट में उनके बेटे तकदीर अली व पड़ोसी नियाज अहमद को चोट आई। तकदीर अली के सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। उधर, मारपीट में घायल तकदीर अली को जिला अस्पताल से बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया था। हालत में सुधार न होने पर बृहस्पतिवार को दिन में उसे गोरखपुर से चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ जाते वक्त बृहस्पतिवार शाम तकदीर अली (21) की मौत हो गई थी। दूसरे पक्ष की तहरीर पर विपक्षी शेरअली, नियाजअली, झिनकू, तकदीर व नाजिम के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, बलवा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

एएसपी ने बताया कि पहले से दर्ज मुकदमे में गैरइरादतन हत्या की धारा बढ़ा दी गई है। जल्द बाकी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### एक महीने पहले हुई थी शादी

मारपीट में जान गंवाने वाले तकदीर अली की एक माह पहले कलवारी थाना क्षेत्र के ग्राम चरकैला निवासी बरकतुन्निशा पुत्री जलालुद्दीन के साथ शादी हुई थी। लोगों में इस बात की चर्चा थी कि अभी बरकातुन्निशा के हाथ की मेंहदी छुटी भी नहीं थी कि उसका सुहाग उजड़ गया। तकदीर अली चार भाइयों में सबसे छोटा था। सबसे बड़े भाई अनवर अली, सरवर अली, सद्दाम हुसैन हैं। मृतक के पिता मोहम्मद मोबीन व माता जमीरून्निशा का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन व रिश्तेदार उन्हें ढांढस बंधा रहे थे।




**बुधवार को दो गांवों के दो पक्षों में मारपीट हुई थी**

# बकरी चुराते समय चार हत्थे चढ़े

**परशुरामपुर।** थानाक्षेत्र के रिधौरा गांव में ई-रिक्शा लेकर बकरी चोरी करने पहुंचे चार आरोपियों को ग्रामीणों ने धर दबोचा।

इस संबंध में रिधौरा निवासी साबिर अली ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। इस दौरान बताया है कि 16 जून की भोर में चार लोग उनके घर के सामने बंधी दो बकरियों को खोलकर अपने साथ लाए ई- रिक्शा में लाद रहे थे। तीसरी बकरी खोलते समयश उनकी नींद खुल गई। शोर मचाने पर लोग जुट गए व चारों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में लाल कुरेशी निवासी हैदराबाद थाना परशुरामपुर, हरीशचंद्र निवासी गांधी नगर नाका थाना कोतवाली नगर अयोध्या, आर्यन मौर्या निवासी दिल्ली दरवाजा थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या व एक बाल अपचारी शामिल है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-06-2022

# शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज संपन्न

**शोहरतगढ़/बांसी (एसएनबी)।** कस्बा समेत आसपास के क्षेत्रों में जुमा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

सीओ हरिश्चंद ने कहा कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए थे। नमाज के दौरान मस्जिद के आसपास ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी गई। थानाध्यक्ष जय प्रकाश दुबे ने कहा कि शोहरतगढ़ में शांति व्यवस्था बनाए रखने में लोगों ने पूरा सहयोग किया। इस दौरान तहसील धर्मवीर भारती, एसआई रविकांत मणि त्रिपाठी, मनोज, दिनेश सहित भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल तैनात रहे।

**बांसी कार्यालय के अनुसार** बांसी कोतवाली क्षेत्र में जुमे की नमाज प्रशासन की मुस्तैदी के चलते सकुशल संपन्न हो गई। जुमे की नमाज को देखते हुए एसडीएम बांसी प्रमोद कुमार, क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र लगातार गश्त करते रहे । नगर क्षेत्र के कोतवाली मस्जिद, जामा मस्जिद, मंगल बाजार, नूरी मस्जिद हरी मस्जिद, नरकटहा आदि स्थानों पर पुलिस और प्रशासन का सख्त पहरा रहा।

गोरखपुर। शनिवार • 18 जून • 2022 | सहारा | www.rashtriyasahara.com |

# कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न हुई जुमें की नमाज

सिद्धार्थनगर/ डुमरियागंज (एसएनबी)। जिले भर में जुमा की नमाज सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। जुमे की नमाज के दिन जिले भर के मस्जिदों के आस पास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, पुलिस बल को किसी भी स्थिति से निपटने के अलर्ट मोड पर रखा गया था। आईजी राजेश मोदक, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत लगातार जिले भर में भ्रमण कर हालात का जायजा लेते रहे। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल द्वारा ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी।

> जिले के लगभग 700 मस्जिदों में लाखों लोगों ने अदा की जुमे की नमाज
>
> आईजी,डीएम, एसपी, एएसपी लगातार जिले भर में भ्रमण कर लेते रहे जायजा
>
> जुमे की नमाज के दिन मस्जिदों के आस पास चप्पे चप्पे पर तैनात किया गया था फोर्स

बताते चले कि पिछले जुमा को जुमा की नमाज अदा करने के बाद देश के कई राज्य के शहरो मे उपद्रवियों द्वारा प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ व हिंसा की घटनाएं की गई थी। वैसी घटना पुनः न होने पाए, शांति व्यवस्था व अमन चैन कायम रहे, इसके लिए योगी सरकार ने प्रशासन को कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों से सख्ती के साथ निपटने की खुली छूट दे रखी है, सिद्धार्थ नगर जिले में शुक्रवार को लगभग 700 मस्जिदों में जुमा की नमाज मुस्लिम समुदाय द्वारा अदा किया गया। इस दौरान मस्जिदों के आस पास सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे, चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा था, पुलिस प्रशासन ने जुमे की नमाज के पहले ही जनपद के सभी थानो पर पीस कमेटी की बैठक कर लोगों से अपील कर लिया था कि लोग शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा करने के बाद अपने घर वापस जाएंगे, अगर किसी ने माहौल को खराब करने का प्रयास किया तो ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध इतनी बड़ी कार्यवाही की जाएगी कि उनकी आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। पुलिस प्रशासन के सख्ती का असर रहा कि जुमे की नमाज सकुशल व शांति पूर्ण माहौल मे सम्पन्न हो गया।





डुमरियागंज स्थित डाक बंगला चौराहे पर पैदल मार्च करते पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक व जिलाधिकारी संजीव रंजन, जुमे की नमाज अदा करते लोग। फोटो : एसएनबी

**डुमरियागंज कार्यालय के अनुसार** बीते शुक्रवार को पैगंबर मोहम्मद साहब पर की गई टिप्पणी के विरोध में प्रदेश के कई जगहो पर प्रदर्शन हुए थे जिसके बाद प्रदेश स्तर पर इस बार जुमा नमाज में पुलिस प्रशासन को विशेष रूप से निगरानी रखने का आदेश दिया गया था। इस बार शुक्रवार की नमाज पुलिस प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अमन व शांति के लिए दुआएं भी की गई। जानकारी के मुताबिक इस बार शुक्रवार को जुमा नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तरह चौकसी बरती गई। प्रमुख स्थानों पर लोकल पुलिस के साथ-साथ बाहरी पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी। इसके अलावा मंडल स्तर के आला अधिकारियों द्वारा डुमरियागंज पहुंचकर प्रत्येक स्थिति का जायजा लिया और सभी लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में नमाज अदा करने की अपील की गई। डुमरियागंज पहुंचे मंडलायुक्त गोविंद राजू एनएस व पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक ने जुमे की नमाज के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर आपसी सौहार्द एवं भाई चारा बनाये रखने की अपील की गयी। जुमा नमाज को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गई। इसके अलावा प्रमुख मार्गों पर पुलिसकर्मियों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। डुमरियागंज टाउन स्थित सुन्नी अकबरी मस्जिद में मौलाना नसीमुद्दीन ने उपस्थित लोगों को नमाज पढ़ाया तथा अमन-चैन के लिए दुआ मांगी। इसी प्रकार पुरानी बाजार स्थित जामा मस्जिद में मौलाना एहसानुल्लाह कासमी ने जुमे की नमाज पढ़ाई। हल्लौर स्थित मस्जिद में मौलाना महफूज हुज्जत ने जुमे की नमाज पढ़ाई। टाउन सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज विकास कश्यप, पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव, थाना कोतवाल सूर्यभान सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# 5 अदद ट्रैक्टर सीज

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)**। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के आदेश के क्रम में क्षेत्रधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव के कुशल पर्यवेक्षण में आज मोहाना पुलिस व राजस्व विभाग की टीम द्वारा रात्रि गस्त के दौरान 5 ट्रैक्टर व ट्राली मिट्टी से लदी को थाना पर लाकर कागजात नही दिखाने पर सीज की कार्यवाही की गई। पुलिस के इस कार्यवाही से मिट्टी खनन करने वालो में हड़कंप मच गया है।

# संगीनों के साए में इस बार अदा की गई जुमे की नमाज

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। पिछले दिनों जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के कई जिलों में हुए बवाल के मद्देनजर इस बार शुक्रवार को जुमे की नमाज संगीनों के साए में अदा की गई। मस्जिदों व इबादतगाहों के ईदगिर्द सुबह से ही पुलिस प्रशासन का कड़ा पहरा रहा। पुलिस की कड़ी चौकसी को देखते हुए लोग सादगी के साथ तय समय पर मस्जिदों में पहुंचे और नमाज पढ़ने के बाद घर वापस हो लिए। इस दौरान कहीं पर भी प्रदर्शन आदि नहीं हुए।

धार्मिक टिप्पणी को लेकर बीते दिनों प्रदेश के कई जिलों में जुमे की नमाज के बाद हुए उपद्रव को लेकर इस बार के जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूले हुए थे। इसको लेकर पुलिस प्रशासन गुरुवार से ही अलर्ट मोड में पर रही। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करने के साथ शुक्रवार सुबह से ही इलाके भर के मस्जिदों व इबादतगाहों के ईदगिर्द पुलिस की चौकसी को बढ़ा रखी थी। एसडीएम अभिषेक पाठक, सीओ रमेश चन्द्र पाण्डेय, एसएचओ बिन्देष्वरी मणि त्रिपाठी भ्रमण कर इसकी कड़ी निगरानी भी कर रहे थे। इसको लेकर कहीं पर भी किसी प्रकार के प्रदर्शन व माहौल बिगाड़ने जैसी बातें सामने नहीं आई। इसके बाद जाकर पुलिस प्रशासन के लोगों ने राहत की सांस ली।

## शांतिपूर्वक बीता जुमा

बांसी। बांसी क्षेत्र में जुमे की नमाज प्रशासन की मुस्तैदी से शांति पूर्वक अदा की गई। जुमे की नमाज को देखते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ देवी गुलाम सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र लगातार गश्त करते रहे। नगर क्षेत्र के कोतवाली मस्जिद, जामा मस्जिद, मंगल बाजार, नूरी मस्जिद, हरी मस्जिद, नरकटहा आदि स्थानों पर पुलिस और प्रशासन का सख्त पहरा रहा। पुलिस की मोबाइल टीम दिनभर गश्त करती देखी गई। इस दौरान शांति बनी रही। लोग मस्जिदों से नामज अदा करने के बाद अपने घरों को वापस चले गए।

# अवैध खनन में लगीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीज

सिद्धार्थनगर। अवैध खनन को लेकर प्रशासन नजर बनाए हुए। शुक्रवार को मोहाना थाना क्षेत्र में एक स्थान पर मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने पांच ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ कर सीज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ प्रदीप कुमार यादव को सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं। सूचना पर फोर्स के साथ पहुंचे अधिकारियों ने पांच ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। उनके पास खनन संबंधी कोई कागजात नहीं थे।

पकड़ी गई ट्रालियों को मोहाना थाना पर लाकर सीज कर दिया गया। इस दौरान मोहाना थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# 30 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में खामियां मिलने व यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 30 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 46500 रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की गई।

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com





शुक्रवार को शहर की आजाद नगर जामा मस्जिद से नमाज पढ़ कर बाहर निकलते नमाजी। • हिन्दुस्तान



डुमरियागंज में कमिश्नर, आईजी, डीएम और एसपी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। • हिन्दुस्तान

### डुमरियागंज में कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी कर रहे थे कैंप, जिले भर में रहे सुरक्षा के कड़े प्रबंध, ड्रोन से रखी जा रही थी नजर

# जुमे पर कायम रहा अमन, नहीं हुआ प्रदर्शन

**चौकसी**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। जिले में इस बार जुमा को नमाज अमन के माहौल में अदा की गई। कहीं से प्रदर्शन की खबर नहीं है। पिछले जुमा को डुमरियागंज व शोहरतगढ़ में नमाज के बाद प्रदर्शन करते हुए भाजपा नेत्री नुपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग की गई थी। सभी मस्जिदों पर सुरक्षा के चौकस इंतजाम रहे। कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी डुमरियागंज में कैंप कर रहे थे।

पिछले जुमा के दिन नमाज के बाद डुमरियागंज व शोहरतगढ़ में मोहम्मद साहब पर टिप्पणी को लेकर नमाजियों ने प्रदर्शन किया था। टिप्पणी करने वाली भाजपा नेत्री की गिरफ्तारी की मांग के साथ सख्त कार्रवाई की मांग करते रहे। प्रशासन को पिछले बार प्रदर्शन होने की खबर तक नहीं लगी थी। इस बार पुरानी स्थिति न होने पाए, प्रशासन ने पहले से ही तैयारी कर ली थी। पूरे जिले की मस्जिदों के बाहर फोर्स लगा दी गई थी। मस्जिद के बाहर ड्रोन की मदद ली जा रही थी। सभी मस्जिदों में जुमा को नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा करने के बाद लोग अपने घरों को चले गए। डुमरियागंज पूरी तरह से शांत रहा। इसबार कहीं पर प्रदर्शन नहीं हुआ। मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। ड्रोन से निगरानी की जा रही थी।

डुमरियागंज में कमिश्नर गोविंद एनएस राजू, आईजी राजेश मोदक, डीएम संजीव रंजन, एसपी डॉ. यशवीर सिंह कैंप किए हुए थे। नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।



शुक्रवार को डुमरियागंज में जुमे की नमाज अदा करते लोग। • हिन्दुस्तान

**शहर में बनी रही शांति, नमाज के बाद मांगी गई अमन की दुआ:** शहर की सभी मस्जिदों में पूर्व की तरह जुमा की नमाज में इस बार भी भीड़ रही। आम तौर पर शांत रहने वाला जिला मुख्यालय जुमा के दिन भी शांत रहा। शहर की [illegible] आजादनगर, बुद्धनगर, सोयरहवा, सोहांस रोड, बेलसड़, खजुरिया, बरौली आदि मस्जिदों में जुमा की नमाज के बाद देश व दुनिया में अमन की दुआ की गई। शहर की आजाद नगर जामा मस्जिद पर एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव, सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव, थानाध्यक्ष कैंप कर रहे थे।

**शोहरतगढ़ में इस बार रहा अमन:** शोहरतगढ़ की जामा मस्जिद पर पिछले जुमा के दिन नमाज के बाद प्रदर्शन किया गया था। इस बार जुमा पर पूर्व की तरह प्रदर्शन न होने पाए, प्रशासन ने [illegible] के इमामों से मिलकर उनसे शांति बनाए रखने की अपील करा चुकी थी। इमामों की अमन की अपील का असर भी दिखा। जुमा की नमाज के बाद दुआ मांग कर नमाजी अपने घरों को खामोशी के साथ वापस चले गए। मस्जिदों के बाहर फोर्स की तैनाती रही।

**उस्का बाजार में मांगी गई अमन की दुआ:** उस्का बाजार कस्बा की मस्जिदों में जुमा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज शुरू होने के आधा घंटा पहले ही मस्जिदों में [illegible] लोग अपने घरों को चले गए।



शहर के आजाद नगर मोहल्ले में जुमे की नमाज पढ़ कर बाहर निकले बच्चे से हाथ मिलाते सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव। पास खड़े एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव।

## जिले में बनाए गए थे पांच जोन, 21 सेक्टर

जुमा की नमाज को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिले को पांच जोन व 21 सेक्टर में बांट दिया था। प्रत्येक जोन की निगरानी एक एसडीएम व एक सीओ के जिम्मे थी। सेक्टरों के प्रभारी मजिस्ट्रेट थाना प्रभारियों को बनाया गया था। इसके अलावा 10 क्विक रिएक्शन टीम और प्रत्येक थाने पर [illegible] पुलिस कर्मियों की स्ट्राइकिंग टीम नजर रख रही थी।

## 42 स्थलों पर थे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पुलिस प्रशासन ने जुमे की नमाज को देखते हुए जिले में 42 अतिसंवेदनशील स्थलों का चयन किया था। इन स्थानों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। यहां पर पुलिस पिकेट लगाई गई थी। साथ ही अतिसंवेदनशील स्थानों के लिए सात कलस्टर पार्टियां बनाई गई थीं। कलस्टर पार्टी में वाहन के साथ चार-चार सशस्त्र जवान लगाए गए थे। [illegible] दस्ता भी लगाया गया था।

# वर्चस्व को लेकर प्रधान व पूर्व प्रधान में चलीं लाठियां

**जासं, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर** : शुक्रवार शाम पांच बजे शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महमुदवा ग्रांट में पुरानी रंजिश व वर्चस्व को लेकर प्रधान व पूर्व प्रधान के पक्षो में जम कर लाठियां चली हैं। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो भी वायरल है। दोनों तरफ से तहरीर दी गई है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रधान के पक्ष से मो. अली ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरा भाई उस्मानी गनी ग्राहक सेवा केंद्र पर रुपये निकालने गए थे। वापस आते समय पुरानी रंजिश को लेकर अबु शहमा, इशरार अहमद, शादाब अहमद, अब्दुल मतीन व लड्डन पहले से घात लगा कर बैठे हुए थे। सभी मिल कर मेरे भाई को घसीटते हुए दुकान के अंदर ले गए फिर लाठी डंडे से मारने लगे। जिससे काफी चोट आई। शोर शराबा सुनकर घर वाले भी वहां पहुंचे। तबतक सभी मेरे हम लोगों पर टूट पड़े और डंडे से मारने पीटने लगे। जिसमें मुझे, अब्दुल हई, अल्लाफुर रहमान भी घायल हुए हैं। दूसरे पक्ष के पूर्व प्रधान अबु शहमा ने प्रधान सिराज, अज्जू, लकी, इबरार, अब्दुल हई, अब्दुल गनी, अल्लाफुर रहमान, बासामा उर्फ मो. अली, अब्दुल शमी व छह अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर पीटने का आरोप लगाया है।

# थाने के कार्यों का जनता करेगी मूल्यांकन

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** थाना स्तर पर पुलिसकर्मियों के कार्यों की अब रेटिंग तय होगी। सबसे खराब काम करने वाले पुलिसकर्मियों को जीरो नंबर मिलेगा। जबकि अच्छा काम करने वालों को दस नंबर। यह आकलन फील्ड वर्क, विधि व्यवस्था संभालने, अनुसंधान और प्रबंधन के आधार पर तय होगी। इस रेटिंग में केस के निष्पादन और पेंडिंग कार्य भी आधार होगी। इसके लिए पुलिस विभाग इंटरनेट मीडिया पर लिंक उपलब्ध करा रहा है। इसे खोलकर प्रतिक्रिया दर्ज की जा सकेगी। आम जन सीधे भी directpoll.com पर वोट पोल कर सकेंगे। इस रेटिंग के लिए एक कालम भी बनाकर सभी थानों को भेजा गया है। इससे संबंधित कार्य थानों में शुरू कर दिए गए हैं। इस व्यवस्था से बेहतर कार्य करने वाले थाना स्तर के पुलिसकर्मियों में उत्साह है। इनका कहना है कि रेटिंग तय होने से उनकी छवि में सुधार होगा। यदि जनता की शिकायत मिलेगी तो सुधार का मौका भी मिलेगा।

**थानेदार और डीएसपी देंगे नंबर** : पुलिसकर्मियों की रेटिंग थानेदार स्तर पर देने के बाद संबंधित डीएसपी को भेजी जाएगी। थानेदार के दिए नंबर के अलावा डीएसपी अपने मंतव्य के आधार पर नंबर देंगे। यह नंबर शून्य से लेकर दस नंबर तक है। पुलिसकर्मियों के कार्यों के आधार पर डीएसपी और थानेदार अपने स्वविवेक से आकलन करेंगे।

## एक नजर में

### पांच ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ाया

**सिद्धार्थनगर :** मोहाना पुलिस ने शुक्रवार को कपिलवस्तु रोड पर अवैध खनन कर मिट्टी लदे पांच ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में मोहाना थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने अवैध खनन को लेकर निगरानी तेज कर दी है। शुक्रवार को अलीगढ़वा रोड पर खेत में अवैध खनन कर मिट्टी लदे ट्रैक्टर व ट्राली पकड़ा किसी के पास भी खनन आदि को सीज कर दिया गया है।

### शांतिभंग की आशंका में आठ लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में शुक्रवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, धनघटा पुलिस ने दो व बखिरा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कुछ लोग भूमि व कुछ लोग मामूली विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे।

# मस्जिदों के पास मुस्तैद रही पुलिस फोर्स

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : धार्मिक टिप्पणी को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बीते सप्ताह जुमे की नमाज के बाद उपद्रव हुआ। कुछ स्थानों पर पथराव भी हुए। इसे देखते हुए इस बार जुमे की नमाज से पहले पुलिस पूरी तरह से अलर्ट दिखी। शुक्रवार को नमाज से पहले लगभग सभी मस्जिद और ईदगाहों के आसपास फोर्स की तैनाती रही। कमिश्नर, आइजी, डीएम और एसपी भी डुमरियागंज पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। कस्बा स्थित सुन्नी अकबरी मस्जिद के बाहर दर्जनभर से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती कोतवाल सूर्यभान सिंह की उपस्थिति में रही। पुरानी बाजार स्थित जामा मस्जिद के बाहर भी पुलिसकर्मी तैनात रहे। ग्रामीण क्षेत्र की कुछ प्रमुख मस्जिदों के बाहर भी पुलिसकर्मी तैनात रहे। कहीं भी कोई विरोध प्रदर्शन या जुलूस नहीं निकला। कमिश्नर गोविंद राजू, आइजी राजेश मोडक ने लोक निर्माण डाक बंगले में पहुंचकर अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की।



अकबरी मस्जिद का निरीक्षण करने जाते आइजी राजेश मोडक, डीएम संजीव रंजन व एसपी डा.यशवीर सिंह ● जागरण

- पिछले सप्ताह विभिन्न जिलों में हुए उपद्रव पर दिखी मुस्तैदी
- कमिश्नर, आइजी के साथ डीएम और एसपी भी रहे मौजूद

डीएम संजीव रंजन व एसपी डा. यशवीर सिंह, एसडीएम विकास कश्यप व सीओ अजय कुमार श्रीवास्तव उक्त बैठक में मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि पूरे जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। शांति व्यवस्था के मद्देनजर पूरे जनपद को 21 सेक्टरों में बांटा गया था। एसडीएम व सीओ की अगुवाई में पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। कहीं भी जुलूस नहीं निकला न ही किसी प्रकार की नारेबाजी हुई। प्रशासन को किसी प्रकार का ज्ञापन भी आज नहीं मिला है। डुमरियागंज पर विशेष नजर थी, लेकिन यहां भी सब सामान्य रहा।

## शांतिपूर्ण तरीके से हुआ जुमे की नमाज

जासं, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर : मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से जुमे का नमाज पढ़ी गई।



जामा मस्जिद समेत क्षेत्र के सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। जगह-जगह चौराहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। उस दौरान सतर्कता को लेकर ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। शोहरतगढ़ जामा मस्जिद, चिल्हिया, मुसहरवा, गौरा बाज़ार, अतरी, खड़कुइया, मुहमुदवा ग्रांट, पल्टादेवी सहित आदि गांवो में जुमे की नमाज शांति व्यवस्था के नमाज अदा की। इस दौरान तहसीलदार धर्मवीर भारती, थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, एएसआई मनोज कुमार सिंह, रविकान्त मणि सहित भारी संख्या के पीएससी जवान व पुलिस जवान मौजूद रहे।

# उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को केंद्र सरकार के इशारे पर फर्जी मामले में पिछले कई दिनों से लगातार ईडी पूछताछ के लिए बुला रही है। इससे नाराज कांग्रेसियों ने पार्टी के जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद के नेतृत्व में आंदोलन किया। प्रधान डाकघर परिसर में धरना दिया। सरकार विरोधी नारे लगाए। राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र उप जिलाधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव को सौंपा। ईडी के दुरुपयोग को बंद करने की मांग की।



जिला मुख्यालय के पोस्ट आफिस कार्यालय परिसर में एसडीएम प्रदीप यादव को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी ● जागरण

कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय विगत कई दिनों से लगातार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को निराधार और मनगढ़ंत नेशनल हेराल्ड मामले में तलब कर रहा है। भाजपा सरकार बिना किसी सबूत और तथ्यों के व्यक्तिगत बदला लेने और राजनीतिक प्रतिशोध के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इसे पार्टी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। डा. चंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही पर उतर गई है। कांग्रेस मुख्यालय को किले में बदल दिया गया है। पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। देवेंद्र कुमार गुड्डू ने कहा कि पुलिस हमारे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट कर रही है। सच्चाई की इस लड़ाई को दबाने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शनों और एकजुटता को कुचलने के लिए केन्द्र सरकार क्रुरता के साथ पुलिस बल का प्रयोग करा रही है। अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष नादिर सलाम, सतीश त्रिपाठी, कृष्ण बहादुर सिंह, अनिल सिंह अन्नू, रंजना मिश्रा, राजन श्रीवास्तव, सादिक अहमद, रियाज मनिहार, होरी लाल श्रीवास्तव, रितेश त्रिपाठी, आसिफ़ रिज्वी, राजेश सिंह, डा. प्रमोद कुमार, इश्तियाक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**बर्डपुर।** एसडीएम और सीओ सदर की अगुवाई में बृहस्पतिवार रात मोहाना पुलिस ने बर्डपुर ब्लॉक में छापा मारकर मिट्टी खनन में लिप्त



पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया। एसडीएम सदर प्रदीप यादव और सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव बृहस्पतिवार रात गश्त पर थे। इसी दौरान अवैध खनन की जानकारी मिलने पर बर्डपुर ब्लॉक के पास पहुंचकर पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। इसके बाद मोहाना पुलिस को सुपुर्द करके उसे सीज कर दिया। इस दौरान एसओ मोहाना संतोष कुमार सिंह मय फोर्स मौजूद रहे। संवाद



शहर के आजाद नगर स्थित मस्जिद से जुमे की नमाज अदा करके बाहर निकलते मुस्लिम समाज के लोग। संवाद



डुमरियागंज में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते आईजी राजेश मोदक, डीएम संजीव रंजन और एसपी डॉ. यशवीर सिंह। संवाद

# अकीदतमंदों ने मांगी अमन की दुआ

## शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी गई जुमे की नमाज, हर जगह मुस्तैद रही पुलिस



जामा मस्जिद के आसपास ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** शहर समेत जिले की सभी मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। लोगों ने अमन और आपसी भाईचारा बरकरार रखने की अल्लाह से दुआ मांगी। वहीं, तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए सभी मस्जिदों के पास पुलिस बल तैनात रहे। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गई।

शहर के आजाद नगर मस्जिद, सिद्धार्थ तिराहा के पास जामा मस्जिद, बेडसर मस्जिद, खजुरिया रोड के पास बद्र मस्जिद समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में सुबह से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। यहां पर नमाजियों ने शांतिपूर्ण तरीके से मुल्क में अमन व आपसी भाईचारा बरकरार रखने की अल्लाह से दुआ मांगी। कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। एसडीएम नौगढ़ प्रदीप कुमार यादव, सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव व एसओ सदर तहसीलदार सिंह मय पुलिस फोर्स सभी मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

डुमरियागंज प्रतिनिधि के अनुसार नगर स्थित जामा मस्जिद, बैदौला स्थित गरीब नवाज मस्जिद, हल्लौर की शिया जामा मस्जिद, बेवा चौराहे की सुन्नी बड़ी मस्जिद, बयारा मस्जिद लटिया वासा टिकरिया विथरिया कादीराबाद औराताल, तरौना सहित क्षेत्र की सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। पेश इमाम मौलाना महफूज हुज्जत, मौलाना मकसूद अकरम तथा मौलाना एहसानूल्लाह कासमी, मौलाना कादिर, मौलाना तनवीर अहमद कासमी आदि ने खुत्बा और

### कई स्थानों पर ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी

तकरीर में लोगों से क्षेत्र में अमन और भाईचारे को बरकरार रखने की अपील की। साथ ही लोगों को अफवाहों से खबरदार रहने और सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट न करने की गुजारिश की। कानून का पालन करने की अपील की। इस दौरान सीओ अजय श्रीवास्तव, डुमरियागंज थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह, भवानीगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह आदि मौजूद रहे।

बांसी प्रतिनिधि के अनुसार नगर क्षेत्र के कोतवाली मस्जिद, जामा मस्जिद, मंगल बाजार, नूरी मस्जिद हरी मस्जिद, नरकटहा आदि में सकुशल जुमे की नमाज संपन्न हुई। एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ देवी गुलाम, कोतवाल संजय कुमार मिश्र लगातार गश्त करते रहे।

शोहरतगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के शोहरतगढ़ जामा मस्जिद, चिल्हिया कस्बे में स्थित मस्जिद, मुसहरवा, गौरा बाजार, अतरी, खड़कुइया, मुहमुदवा ग्रांट, पल्टादेवी सहित आदि गांवों में शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान तहसीलदार धर्मवीर भारती, शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, एएसआई मनोज कुमार सिंह, रविकान्त मणिमौजूद रहे, साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

बिस्कोहर प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा में तहसीलदार संजीव दीक्षित, प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर विद्याधर कुशवाहा, चौकी प्रभारी राम प्रकाश चंद्र की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा की गई।

### कमिश्नर व डीआईजी ने डुमरियागंज का किया दौरा

**डुमरियागंज।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए मंडलायुक्त गोविंद राजू एनएस व पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक ने जुमे की नमाज के मद्देनजर क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इनके अलावा डीएम संजीव रंजन एवं एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने भी डुमरियागंज क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज अदा की गई। पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाने के लिए अच्छी व्यवस्था बनाई थी। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-06-2022

**जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न**

# डीएम-एसपी ने भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा





जुमे की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग, खलीलाबाद शहर में भ्रमण करती डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार व अन्य अधिकारी

■ संतकबीरनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

जुमे की नमाज जिले में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सभी मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस बल तैनात रहा। वहीं जुमे की नमाज को लेकर संवेदनशीलता के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने मयफोर्स शहर में पैदल भ्रमण किया। दोनो वरिष्ठ अधिकारियों ने आमजन से संवाद स्थापित करते हुए आपसी सौहार्द बनाये रखने, आपस में मिल जुलकर रहने, किसी प्रकार की भी भ्रामक सूचना पर विश्वास नहीं करने और किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि करने वाले व्यक्तियों के संबंध में तत्काल सूचना पुलिस व प्रशासन को देने की बात कही।

अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ थाना दुधारा क्षेत्र में पैदल गश्त किया। शुक्रवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद के पुलिस चौकी गोला बाजार से जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने संयुक्त रूप से शहर में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सुरक्षा/शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पैदल गश्त/भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं व आमजन से संवाद स्थापित करते हुए सभी से जनपद में अमन, चैन, शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों को बताया कि बच्चों को समझाएं कि अफवाहों पर ध्यान न दें, कोई भी गलत खबर पोस्ट-शेयर न करें एवं कानून का साथ दें। जनपद पुलिस संवाद, सुरक्षा और शक्ति के माध्यम से जनपद में अमन, चैन, शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र, चौकी प्रभारी गोला बाजार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सभी मस्जिदों पर मजिस्ट्रेटों के साथ तैनात रही पुलिस बल**



सेमरियावां में भ्रमण करते एडीएम मनोज सिंह, एएसपी संतोष सिंह व अन्य।

**एडीएम, एएसपी व तहसीलदार ने किया भ्रमण :** सेमरियावा : शुक्रवार को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नायब तहसीलदार खलीलाबाद तथा थानाध्यक्ष की अगुवाई में मुकम्मी पुलिस मुस्तैद रही। क्षेत्र में अमन शांति व्यवस्था बनी रही। वहीं एडीएम मनोज सिंह और एएसपीसंतोष सिंह ने पहुंचकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। शुक्रवार को दुधारा पुलिस थानाध्यक्ष सर्वेश राय की अगुवाई में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे दिन मुस्तैद रही। क्षेत्र के बाघनगर, सेमरियावां, दुधारा, लोहरौली बाजार आदि मुख्य चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात रही। एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह ने सेमरियावां पहुंचकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय कुमार गुप्ता, राजस्व निरीक्षक राम अजोर, उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, शशिकांत तिवारी, मोतीलाल यादव, मक्का शम्सा परवीन, राजमणि सिंह, रीमा गौड़ सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज सम्पन्न, प्रशासन ने ली राहत की सांस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील क्षेत्र में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न हो गयी। सभी नमाजी शान्तिपूर्ण माहौल में मस्जिदों में पहुंचे और नमाज अदाकर शान्तिपूर्वक अपने-अपने घरों को रवाना हो गए।

विदित हो कि बीते जुमे की नमाज के दौरान प्रदेश में नमाज अदा करने के बाद जगह-जगह हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद जुमे की नमाज शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराना स्थानीय प्रशासन के लिए कठिन चुनौती बना हुआ था। शान्ति व्यवस्था की इस कठिन चुनौती से निपटने के लिए प्रशासन ने एक दिन पूर्व ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। एक दिन पूर्व ही एसडीएम धनघटा डा.रविन्द्र कुमार, सीओ धनघटा रामप्रकाश, तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह व प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह पुलिसबल के साथ धनघटा और महुली थानान्तर्गत संचालित सभी पुलिस चौकियों के प्रभारी उपनिरीक्षक साम्प्रदायिक लिहाज से क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थानों पर पहुंचे और मस्जिद के इमामों समेत धर्मगुरूओं एवं मुस्लिम समुदाय के जागरूक लोगों से संवाद किया और सभी से जुमे की नमाज शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने की अपील की थी। उसके बाद सभी इमामों एवं धर्मगुरूओं को थाने पर बुलाकर पीस कमेटी की बैठक भी की गई। उसके बाद गुरुवार की शाम को प्रशासन द्वारा भारी पुलिसबल के क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पहुंचकर फ्लैग मार्च भी किया गया। उसके बाद जुमे की नमाज के दौरान भी क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों पर भारी संख्या में पुलिसबल की तैनाती की गई थी।

**जुमे की नमाज के दौरान संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहीं भारी पुलिस सुरक्षा**

**छोटे-बड़े सभी मस्जिदों पर तैनात रहे सुरक्षा के जवान**

धनघटा थाना क्षेत्र में सवाधिक सुरक्षा व्यवस्था हैंसर और पौली में जुमे की नमाज के दौरान किया गया था। पौली में एसडीएम धनघटा डा. रविन्द्र कुमार की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक अपराध थाना धनघटा चन्दन कुमार व चौकी प्रभारी पौली उपनिरीक्षक राजेश मिश्र भारी पुलिसबल के साथ जुमे की नमाज के दौरान मुस्तैद रहे। जुमे की नमाज सम्पन्न होने के बाद जब सभी नमाजी अपने-अपने घर चले गए तब जाकर मुस्तैद पुलिसकर्मी मस्जिद से हटे।

इसी प्रकार थाना क्षेत्र के सवाधिक संवेदनशील हैंसर में जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी और प्रभारी निरीक्षक धनघटा के.डी. सिंह ने सम्भाली। भारी पुलिसबल के साथ दोनों अधिकारी मस्जिद के सामने जुमे की नमाज के दौरान मुस्तैद रहे। नमाज सम्पन्न होने के बाद जब सभी नमाजी अपने-अपने घरों को चले गए तब जाकर मस्जिद के सामने से पुलिसबल हटाया गया।

इसी प्रकार धनघटा थाना क्षेत्र के वण्डा बाजार, बकौली कला, नावन खुर्द, करमा, नेतवापुर, छपरामगर्वा, शनिचरा बाजार, डिहवा, दुलहापार, रामपुर-बारहकोनी, मझौरा, छपिया व चन्दौली आदि गांवों की मस्जिदों पर भी एहतियात के तौर पर जुमे की नमाज के दौरान पुलिसबल की तैनाती की गई थी। इसी प्रकार महुली थाना क्षेत्र में छितही, महुली, मड़हाराजा, वनरहिया, मानपुर,मुखलिसपुर, नाथनगर, महादेवा व दोकड़ा आदि गांवों की मस्जिदों पर भी सुरक्षा के लिहाज से जुमे की नमाज के दौरान पुलिसबल मुस्तैद रहा और प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह समेत थानान्तर्गत संचालित पुलिस चौकी मुखलिसपुर, शनिचरा बाबू, काली जगदीशपुर, हरिहरपुर व मोलनापुर के प्रभारी उपनिरीक्षक बारी-बारी से सभी मस्जिदों पर पहुंचकर जुमे की नमाज के दौरान शान्ति व्यवस्था का हाल जानने में जुटे रहे। जुमे की नमाज सकुशल समाप्त होने के बाद जब सभी नमाजी अपने-अपने घरों पर पहुंच गए तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# हादसे में घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 1484 को थाना धनघटा क्षेत्र से मार्ग दुर्घटना में दो व्यक्तियों के घायल होने की सूचना मिली। सूचना पर पीआरवी टीम दो मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई।

# सगे भाई व भाभी पर दर्ज कराया केस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर के रंगपाल नगर मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने महुली थाने में सगे भाई, भाभी समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गम्भीर चोट, तोड़फोड़ मारपीट की धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड नम्बर आठ रंगपाल नगर के हरिराम पुत्र राम लाल मौर्य ने बताया कि उसका सगा भाई शुक्रवार अपने परिवार के साथ पहुंचा तथा पूर्व में निर्मित दीवार को ढहा दिया। वादी के अनुसार जब उसने एतराज किया तो उसका भाई भड़क कर उसके ऊपर टूट पड़ा, मारने पीटने लगा। बीच बचाव करने पहुंची मां शांति देवी की पिटाई कर बाया हाथ फैक्चर कर दिया। इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह ने बताया कि हरिराम की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



शुक्रवार को मगहर कस्बे में मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते लोग। • हिन्दुस्तान



शुक्रवार को शांति व्यवस्था को लेकर खलीलाबाद में पैदल गश्त करते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

## डीएम, एसपी समेत तमाम अधिकारी करते रहे भ्रमण, चप्पे-चप्पे पर तैनात रही फोर्स, मजिस्ट्रेट करते रहे निगरानी

# शांति से हुई जुमे की नमाज, मुस्तैद रहा प्रशासन

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कानपुर हिंसा और ज्ञानव्यापी प्रकरण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पहले से ही सतर्कता बरती गई थी। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स के साथ ही मजिस्ट्रेट तैनात रहे। सख्ती के बीच जनपद में जुमे की नमाज पढ़ी गई।

डीएम दिव्या मित्तल एसपी सोनम कुमार खलीलाबाद और मगहर क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहे। एडीएम मनोज कुमार सिंह और एएसपी संतोष सिंह फोर्स के साथ सेमरियावां क्षेत्र में मुस्तैद रहे। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में सबसे अधिक सतर्कता देखने को मिली। नमाज के लिए मस्जिद पर आए लोगों से लगातार पुलिस टीमें अपील करती नजर आई। पुलिस, प्रशासन की सख्ती के चलते जनपद में शांति व्यवस्था के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। स्थानीय लोगों ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग किया।

खलीलाबाद शहर की नूर मस्जिद, ईदगाह, विधियानी मस्जिद सहित सभी नमाज स्थलों पर पुलिस फोर्स तैनात रही। इसके अलावा शहर के हर चौराहे, चौक और रास्तों पर फोर्स को तैनात किया गया था। डीएम, एसपी लगातार व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मस्जिदों में नमाज पढ़ने जा रहे लोगों से बात करते हुए उनसे शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंशुमान मिश्र के साथ ही कोतवाली पुलिस लगातार भ्रमण करती रही। दोपहर 12 बजे से दो बजे के बीच सभी जगह फोर्स और मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहे।

नमाज अदा होने के बाद जब लोग अपने घर चले गए तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस लिया। मोहल्ले के बुजुर्ग और संभ्रांत लोग स्वयं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आगे रहे। मस्जिद में नमाज के बाद सभी से अपील किया कि सभी यहां से निकलने के बाद अपने-अपने घर को जाएंगे।

मेंहदावल में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न: प्रशासन व पुलिस की सटीक रणनीति से जुमे की नमाज शुक्रवार को सकुशल पूर्वक सम्पन्न हो गई। जुमे से एक दिन पहले ही धर्मगुरुओं व जनता से संवाद कर शांति व्यवस्था की बहाली को लेकर होमवर्क पूरा कर लिया गया था। सरकार के निर्देश पर प्रशासन, पुलिस पहले से ही एलर्ट मोड था।

जुमे के दिन कस्बे के जामा मस्जिद, नई बाजार, बड़कौलिया आदि जगहों पर स्थित मस्जिदों के बाहर व आस-पास भारी पुलिस बल को तैनात कर पैनी नजर रखा जा रहा था। सेक्टर मजिस्ट्रेट ईओ प्रदीप कुमार शुक्ल, अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एडीओ पंचायत दीप श्रीवास्तव के साथ प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह पैदल गश्त करते रहे। नमाज के बाद कहीं भी भीड़ इकट्ठा नहीं होने दिया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। तय समय पर नमाज अदा की। सकुशल जुमे की नमाज सम्पन्न होने पर पुलिस व प्रशासन ने राहत की सांस लिया।

नाथनगर में जुमा की नमाज और अग्निपथ को लेकर अलर्ट रही महुली पुलिस: महुली क्षेत्र में पुलिस जुमे की नमाज और अग्निपथ के विरोध को पूरे दिन हाई अलर्ट रही। विभिन्न चौराहों पर पुलिस फोर्स लगाई गई और इंस्पेक्टर महुली तथा एसएसआई दयानाथ राम क्षेत्र का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था तथा शांति व्यवस्था कार्य में जुटे रहे।

क्षेत्र के नाथनगर, हरिहरपुर, मुखलिसपुर, काली जगदीशपुर, महुली, भीलनापुर, छितही, महादेवा, झिंगुरापार, भगौतीपुर, मानपुर आदि अल्पसंख्यक बाहुल्य गांवों में पुलिस की पैनी नजर बनी रही। पुलिस के जवान जुमा की नमाज शुरू होने से लेकर खत्म होने तक अपने सूत्रों से पल-पल की खबर लेते रहे। जुमा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जाने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली।



शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर महुली मस्जिद के बाहर लोगों से बात करते मजिस्ट्रेट और पुलिस के जवान। • हिन्दुस्तान

### मगहर नगर में तैनात थी भारी फोर्स

मगहर नगर के विभिन्न मस्जिदों की सुरक्षा के लिए भारी फोर्स तैनात रही। जिसे जुमे की नमाज पढ़ने मस्जिद में पहुंचे नमाजियों ने देखा तो इसे लेकर चर्चा करते रहे। सभी ने कहा कि यह कौमी एकता की धरती है, यहां पर किसी भी तरह का उपद्रव नहीं होने दिया जाएगा। हर जुमे की भांति लोगों ने नमाज अदाकर देश-दुनिया में अमन शांति के लिए दुआयें मांगी। इस दौरान कस्बे की शाही जामा मस्जिद, शीशा मस्जिद, मदीना मस्जिद, नूरी मस्जिद, अजान शहीद, करम कबीर, धोबी टोला काजीपुर की मस्जिद नमाजियों से भरी रही।

### सोशल मीडिया की होती रही मॉनिटरिंग

सोशल मीडिया की पूरी मॉनिटरिंग होती रही। मीडिया सेल के जिम्मेदार तो जुटे ही रहे, इसके अलावा एलआईयू की टीम की भी नजर रही। एक-एक व्यक्ति से संपर्क साधने में सभी जुटे रहे। हर गतिविधि पर नजर रखी गई। सभी थाना और चौकी पुलिस भी इस कार्य में जुटी रही। वहीं अधिकारियों की टीम पूरे जिले में अलर्ट रहे और क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

### धार्मिक स्थलों पर दिखी प्रशासन की सतर्कता, शांति से बीता जुमा

धौली में धार्मिक वाद-विवाद की घटना को देखते हुए जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात रहे। धौली क्षेत्र के धौली, दुल्हावर, बन्दौली, कुड़वा, रौसया बाजार, रामपुर, सोनहन, परसा, आदि मस्जिदों पर नमाजियों ने शांति पूर्वक नमाज अदा किया। पूरी सतर्कता से साथ पुलिस प्रशासन मस्जिदों के बाहर तैनात रहा।

# 36500 रुपये समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने शुक्रवार को सरकारी अस्पताल व बैंक परिसर के अलावा अन्य स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 50 वाहन चालकों से 36 हजार 500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। इस कार्रवाई से विशेषकर दो पहिया वाहन चालकों में खलबली मची रही।

# शांतिभंग की आशंका में आठ लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में शुक्रवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, धनघटा पुलिस ने दो व बखिरा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कुछ लोग भूमि व कुछ लोग मामूली विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत इनके गांवों में पहुंच कर यह कार्रवाई की। (जासं)

# पुलिस ने दंगा नियंत्रण के लिए किया पूर्वाभ्यास





पुलिस लाइन परिसर मे दंगा नियंत्रण के तहत पूर्वाभ्यास करते पुलिसकर्मी ● जागरण

**जागरण संवाददाता,संतकबीर नगर:** एसपी सोनम कुमार ने कहा कि पुलिस हर स्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। किसी को भी कानून हाथ में लेने का प्रयास नहीं करना चाहिए। भ्रामक बयानों से लोगों को भड़काने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण के तहत पूर्वाभ्यास "बलवा ड्रिल" किया। दंगा निरोधक उपकरणों के संचालन का परीक्षण हुआ।

भीड़ से निपटने के लिए विभिन्न तरीके सिखाए गए। पूर्वाभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, रबर की गोली, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, मिर्ची बम, अमिट छाप बम आदि का प्रयोग किया गया। एसपी ने कहा कि सभी लोग शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार रहें। पुलिस टीम चौराहों व धार्मिक स्थलों के आसपास ही गश्त करे।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, सीओ राजीव कुमार यादव, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा समेत अनेक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# जिले में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की जुमे की नमाज



जुमे की नमाज पर मेंहदावल कस्बे के जामा मस्जिद के पास मौजूद नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह, दीप श्रीवास्तव व अन्य लोग • जागरण



पुलिस चौकी बाघनगर पर सुरक्षा का जायजा लेते एडीएम मनोज कुमार सिंह • जागरण

- सेक्टर व सब सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे अलर्ट, भ्रमण कर लिया जायजा
- पल-पल की गतिविधियों पर प्रशासन व पुलिस महकमे की रही नजर

**जागरण टीम, संतकबीर नगर :** जिले में शांतिपूर्ण माहौल में शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा की गई। सेक्टर व सब सेक्टर मजिस्ट्रेट सतर्क रहे। सभी अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण कर जायजा लेते रहे। जिला प्रशासन व पुलिस महकमे के अधिकारियों की पल-पल की गतिविधियों पर नजर रही। इसके कारण कहीं कोई अप्रिय स्थिति नहीं आई। खलीलाबाद के उपजिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिकारियों और पुलिस की टीम ने पूरे क्षेत्र में लगातार भ्रमण करती रही। लोगों से शांति और प्रेम से नमाज अदा करने की अपील की गई। लोगों ने भी सहयोग देने का आश्वासन देते हुए मस्जिदों से शांति की अपील की। मेंहदावल तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। मेंहदावल कस्बे में सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार शुक्ल, थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह, सहायक विकास अधिकारी दीप श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ जामा मस्जिद के आसपास तैनात रहे। यहां पर तय समय पर लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। इसी के साथ ही पुलिस कर्मी लगातार कस्बे में पैदल गशत कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराये। वहीं धर्मसिंहवा, सांथा, बेलहर, दुधारा सहित अन्य स्थानों पर भी जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन सक्रिय रहा। मेंहदावल के उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव थानाध्यक्षों के साथ सक्रिय रहे। समूचे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज अदा की गई। इसके अलावा बखिरा के विभिन्न मस्जिदों कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज अदा की गई। मस्जिदों और प्रमुख स्थानों पर काफी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात रहे। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में जुमे को नमाज अदा की गई। एडीएम वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह व एएसपी संतोष कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ बाघनगर, उसरा शहीद, सेमरियावां मे पैदल मार्च किया। इस दौराना थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश राय, चौकी इंचार्ज-बाघनगर विनोद कुमार यादव,राजस्व निरीक्षक रामअजोर, शशिकांत, बृजमोहन, अमरनाथ, वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



सेमरियावां मे जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा मे लगे पुलिस के जवान • जागरण

# उपद्रव फैलाने वाले से सख्ती से निपटे पुलिसकर्मी

## संदिग्ध गतिविधि करने वालों व्यक्तियों के संबंध में पुलिस को दें सूचना, सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के नेतृत्व में एसडीएम अजय कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र के साथ बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन के लोग सड़कों पर उतरकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। डीएम ने कहा कि उपद्रव फैलाने वालों से पुलिसकर्मी सख्ती से निपटेंगे। कबीर की धरती सौहार्द और शांति का संदेश देती है, इसलिए यहां किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

अधिकारियों के साथ शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलिस को देखकर लोग सजग हो गए। अधिकारी भी सड़कों पर मौजूद लोगों को मिल-जुलकर रहने को कहा। डीएम ने कहा कि अशांति फैलाने वाले शहर से गांव तक लोगों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। किसी प्रकार की भ्रामक सूचना पर विश्वास नहीं करने तथा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि करने वालों व्यक्तियों के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा। संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं व आमजन से संवाद स्थापित कर जिले में अमन, चैन, शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। इस समय देश में युवाओं के आक्रोश को देखते हुए भी लोगों को सजग किया गया। उन्होंने युवाओं से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। गलत खबर, पोस्ट शेयर न करते हुए कानून का साथ देने के साथ ही कहा कि शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह कटिबद्ध है।



खलीलाबाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, सीओ अंशुमान मिश्र • जागरण

- अमन, चैन, शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की
- गलत खबर, पोस्ट शेयर न करते हुए कानून का साथ दें आप सभी

**बाढ़ से बचाव के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित** :संतकबीर नगर: बाढ़ से बचाव के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। तीन पालियों में कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त करने और उस पर त्वरित पहल करने के लिए जनपद के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। 15 सितंबर 2022 तक पहली पाली-सुबह छह बजे से दोपहर के दो बजे तक, दूसरी पाली-दोपहर के दो बजे से रात के 10 बजे तक तथा तीसरी पाली-रात के 10 बजे से सुबह छह बजे तक के लिए निर्धारित की गई है। एडीएम वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसमें लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### शांति बनाए रखने के लिए अधिकारियों को मिली जिम्मेदारियां

जासं, संतकबीर नगर: डीएम दिव्या मित्तल ने जिले की शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी है। इसकी वह स्वयं मानीटरिंग कर रही है। जिले की कानून-व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए लोगों से अपील कर रही है। उनसे सहयोग प्राप्त करने में लगी है। डीएम ने प्रत्येक पुलिस चौकी के आसपास के ब्लाकों के सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) को सब सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया है। इसमें पुलिस चौकी पौली के प्रभारी को बीडीओ-पौली, पुलिस चौकी मुखलिसपुर के प्रभारी को एडीओ-नाथनगर, पुलिस चौकी लोहरैया के प्रभारी को एडीओ-हैंसर बाजार के साथ नियमित रूप से भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेंगे। जबकि पुलिस चौकी राजेडीहा के प्रभारी को एडीओ-सांथा, पुलिस चौकी बाघनगर के प्रभारी को एडीओ-सेमरियावां, पुलिस चौकी बखिरा के प्रभारी को एडीओ-बघौली, पुलिस चौकी मेंहदावल के प्रभारी को एडीओ-मेंहदावल व पुलिस चौकी नवीन मंडी के प्रभारी को एडीओ खलीलाबाद के साथ नियमित रूप से भ्रमण कर स्थिति की जांच करने के लिए निर्देश दिया गया है। किसी तरह की कोई समस्या आने पर इन्हें अपने क्षेत्र के सीओ व एसडीएम से निर्देश लेने के लिए कहा गया है। प्रत्येक तहसील के एसडीएम व सीओ क्षेत्र के चौकी प्रभारियों के गतिविधियों की मानीटरिंग करेंगे। वहीं जनपद के प्रत्येक थानाध्यक्ष के साथ सैक्टर मजिस्ट्रेट नामित किए गए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। डीएम ने कहा कि शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक बिंदु पर ध्यान दिया जा रहा है।

# जुमे की नमाज में मुल्क में अमन व खुशहाली की दुआ मांगी

## शहर से लेकर गांव तक सुरक्षा मुस्तैद रही पुलिस, डीएम, एसपी, एडीएम और एएसपी ने भ्रमण कर लिया स्थिति का जायजा

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। लोगों ने मुल्क की तरक्की, खुशहाली व आपसी सौहार्द, अमन चैन व भाईचारे के लिए दुआ की। सुरक्षा को लेकर पुलिस चौकन्नी रही।

खलीलाबाद शहर के मोती [illegible] टोला, [illegible] मस्जिद, नूर मस्जिद आदि [illegible] में लोगों ने नमाज अदा की। सुरक्षा के दृष्टिकोण से डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार, एसडीएम अजय कुमार तिवारी, सीओ अंशुमान मिश्र, कोतवाल [illegible] कुमार ने शहर में मार्च किया। जगह-जगह सुरक्षा कर्मी मुस्तैद नजर आए।

डीएम-एसपी ने भ्रमण के दौरान जनमानस से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। किसी प्रकार की भ्रामक सूचना पर विश्वास नहीं करने तथा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि करने वाले व्यक्तियों के संबंध में तत्काल सूचना पुलिस व प्रशासन को देने की बात कही। भ्रमण के दौरान संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं व आमजन से संवाद भी स्थापित किया।

[illegible]



जुमे की नमाज को लेकर शहर में मार्च करती डीएम और एसपी। संवाद

[illegible] क्षेत्र के [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] आदि गांव की मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। शांति व्यवस्था के लिए एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी [illegible] कुमार सिंह, सीओ अंशुमान मिश्र, एसओ [illegible], इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह क्षेत्र में घूमते नजर आए।

[illegible]

जिले में अमन, चैन, शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई। लोगों को बताया गया कि [illegible] कोई भी [illegible] पोस्ट/वीडियो न करें और कानून का साथ दें। जनपद पुलिस [illegible], सुरक्षा और [illegible] के माध्यम से जनपद में अमन, चैन, शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है।
- दिव्या मित्तल, डीएम

[illegible]



मोतीनगर मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते अकीदतमंद। संवाद



मेंहदावल नगर पंचायत स्थित जामा मस्जिद के पास तैनात पुलिस। संवाद

[illegible]



सेमरियावां कस्बे में पैदल करते एडीएम और एएसपी। संवाद



लोहरसन में पैदल मार्च करती [illegible] और [illegible] एसडीओ [illegible] मिश्रा। संवाद

# बगैर शेड बनवाए कर दिया मजदूरी का भुगतान

## प्रधान, सेक्रेटरी और अकाउंटेंट पर दर्ज हुआ जालसाजी-गबन का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। विकास खंड हैंसर बाजार के नटवाबर गांव में बगैर पशु शेड का निर्माण कराए ही मजदूरी का भुगतान कराए जाने का मामला जांच में पाया गया। डीएम के निर्देश पर बीडीओ ने शुक्रवार को ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी और तत्कालीन अकाउंटेंट के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया। हालांकि, जांच में मामला सत्य पाए जाने के बाद निकाली गई धनराशि को आरोपियों ने सरकारी खजाने में जमा कर दिया था।



बगैर पशु शेड बनवाए ही लाभार्थियों को मजदूरी देने का विधायक ने उठाया मुद्दा

दिशा की बैठक में विधायक धनघटा ने गिना दिए चार लाभार्थियों के नाम

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

**अमर उजाला इंपैक्ट**

22 अप्रैल को जिले पर सांसद प्रवीण निषाद, डीएम दिव्या मित्तल और सीडीओ सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव की मौजूदगी में चल रही दिशा की बैठक में क्षेत्रीय विधायक गणेश चंद चौहान ने नटवाबर गांव में चार लोगों के नाम से पशु शेड का बगैर निर्माण कराए ही मजदूरी भुगतान किए जाने का मामला उठाया था। जिसे अमर उजाला ने 23 अप्रैल के अंक में बगैर पशु शेड बनवाए ही लाभार्थियों को मजदूरी देने का विधायक ने उठाया मुद्दा नामक शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए डीएम मित्तल ने जांच के निर्देश दिए थे। बीडीओ अमरेश सिंह चौहान ने बताया कि जांच में उजागर हुआ की नटवाबर निवासी गंगा प्रसाद, रमेश राजभर, राम ललित और राधेश्याम के पशु शेड का निर्माण कार्य शुरू हुई नहीं हुआ है और मजदूरी के नाम पर 26,928 रुपये निकाल लिया गया है। बीडीओ ने बताया कि ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव के जरिए 26,928 रुपये की रिकवरी की रकम मनरेगा रिकवरी खाता भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ की शाखा में जमा कर दी गई है। एसओ केडी सिंह ने बताया कि इस मामले में ग्राम प्रधान रामनयन यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी अवनीश गौड़, तत्कालीन लेखाकार अखिलेश शर्मा पर जालसाजी और गबन का मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, वैसी कार्रवाई की जाएगी।

# टेंपो चालक के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज

संतकबीरनगर। पांच दिन पूर्व मगहर दुर्गा मंदिर के पास टेंपो की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया था। घायल का खलीलाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस मामले में शुक्रवार को घायल के भाई ने कोतवाली में टेंपो चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया।

गोरखपुर जिले के सहजनवा क्षेत्र के भरपई निवासी लालजी पुत्र दुर्बल ने बताया कि 12 जून को उनके भाई रामजी बाइक से खलीलाबाद गए थे। शाम को भाई घर लौट रहे थे।

दुर्गा मंदिर मगहर के पास पहुंचे ही थे कि तेज गति से टेंपो चालक गुजरा और उनके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भाई घायल हो गए। घायल भाई का उपचार खलीलाबाद में एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि टेंपो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। ब्यूरो

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-06-2022

# नौकरी के नाम पर पांच लाख ठगे, कई पर केस

खरगूपुर, संवाददाता। महिला से नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने पांच लाख ठग लिए। एसपी के हस्ताक्षेप के बाद एक नामजद व छह अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

ग्राम पंचायत विशुनापुर बेलभरिया निवासी सावित्री देवी पुत्री कंधई लाल का आरोप है कि वह एक प्राइवेट मेडिकल कालेज में काम करती है। 14 फरवरी को भिनगा, जनपद श्रावस्ती निवासी अवधेश पांडे पुत्र राम समुझ पाण्डे वहां पर किसी को प्रवेश दिलाने आए थे। पानी पिलाने के दौरान बातचीत में नौकरी दिलाने की बात कहकर उसने शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ लखनऊ में एक पार्टी कार्यालय में मिलने के लिए बुलाया। वहां उसने 5 लाख रुपये इंटरव्यू से पहले व 5लाख नौकरी मिलने के बाद देने के लिए कहा। पीड़िता ने 21 अप्रैल को उसके खाते में एक लाख रुपए स्थानांतरित कर दिया और 4 लाख उनके कार्यालय लखनऊ में नकद दिया। शिकायत पर पुलिस ने मकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस ने परेशान परिवार की मदद की

अलावल देवरिया। धानेपुर पुलिस ने शुक्रवार को भूख प्यास से परेशान भटकते एक परिवार को खाने पीने की व्यवस्था की और आर्थिक मदद कर उन्हें उनके गंतव्य को रवाना कर दिया।

लखीमपुर जिले के सिसैया धौराहरा निवासी सोनू लोध अपनी पत्नी किरण देवी और अपने तीन छोटे बच्चों के साथ थाना मोतीगंज क्षेत्र के करौंदा गांव में मजदूरी करने आया था। काम खत्म हो जाने के बाद लोगों ने उन्हें काम पर रखने से मना कर दिया। ऐसी स्थिति में यह पूरा परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया। सोनू लोध अपने परिवार के साथ भूख प्यास से परेशान देवरिया अलावल के बग्गी रोड पर बैठा मिला। पेट्रोलिंग पर निकले पुलिस कर्मियों ने परेशान देखकर हालचाल पूछा और जलपान कराकर मदद की।

## शहर में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिस के जवान, अफसर भी लेते रहे सुरक्षा का जायजा

# कड़ी निगरानी में जुमे की नमाज

### सतर्कता

गोण्डा, नवाबगंज। जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली। पूरे दिन पुलिस संवेदनशील स्थानों पर तैनात रही, वहीं अफसर निगहबानी में जुटे रहे। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।

शहर के मनाईया मस्जिद, डिप्टी मस्जिद, मनिहारान मस्जिद, चौक मस्जिद, खजूर वाली मस्जिद, जलाली मस्जिद, तकिया मस्जिद सहित ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में लोगों ने जुमें की नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद लोग शांतिपूर्वक अपने अपने घरों व काम धंधो में लग गए। कहीं भी किसी प्रकार की दुश्वारी नही हुई। हालांकि इस दौरान पुलिस प्रशासन काफी अलर्ट रहा। शहर की कई मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा, सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, सीओ सहित पुलिस फोर्स नगर में गश्त पर रही। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस फोर्स की संवेदनशील स्थानों सहित शहर के चप्पे चप्पे पर नजर रही।




शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी संतोष कुमार मिश्रा। • हिन्दुस्तान

**खोरहंसा संवाद** के अनुसार क्षेत्र के सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जुमा की नमाज के बाद कोई जुलूस या प्रदर्शन न निकले इसके लिए कोतवाल देहात कमलाकांत त्रिपाठी खुद मोर्चा संभाले हुए थे। वे पूरे क्षेत्र में हमराही पुलिस कर्मियों के साथ भ्रमण करते रहे। पूरेतिवारी गांव, जमुनियाबाग बाजार, खोरहंसा, मुगलजोत, चिशतीपुर के सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस के जवान तैनात रहे। शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा की गयी।

इस दौरान चौकी प्रभारी केके सिंह, एसआई राजकिशोर, राहुल यादव, रोहित मौर्य, नागेन्द्र यादव रहे।

### ड्रोन कैमरे से लगातार होती रही निगरानी

नमाज के दौरान कोई विवाद न उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन दिनभर अलर्ट रहा। शुक्रवार को ड्रोन कैमरे की मदद से पूरे शहर की निगरानी की गई। इस दौरान कई मोहल्ले और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर लगातार ड्रोन की निगरानी रही।

### भाईचारा बनाए रखने का पैगाम दिया

शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन ने मुस्लिम धर्मगुरुओं, समाजिक, लोगों के साथ बैठक की। जिसका शहर में खासा असर देखने को मिला है। शुक्रवार को मुस्लिम उलेमाओं ने स्वयं आगे आकर जिले के लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। शहर में कानून, सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों को शांति का पैगाम दिया।

# अग्निपथ को लेकर युवाओं से संवाद

## सतर्कता

- एसपी ने रेलवे स्टेशन पर परखी सुरक्षा-व्यवस्था
- दफ्तर में युवाओं के साथ संवाद करके समझाया

गोण्डा, प्रमुख संवाददाता। देश के कई राज्यों में अग्निपथ पर मचे बवाल के बीच जिले की पुलिस खासी सतर्कता बरत रही है। शुक्रवार को एसपी संतोष कुमार मिश्र कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

गुरुवार को अग्निपथ के विरोध में शहर में भी युवाओं ने प्रदर्शन किया था। इसके बाद युवाओं ने डीएम को ज्ञापन भी सौंपा था। बाद में एसपी ने भी बात करके युवाओं की बात ध्यानपूर्वक सुनी और उनसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। गुरुवार को भी एसपी ने अपने दफ्तर में युवाओं को बुलाकर उनकी पीड़ा सुनी। इस दौरान एसपी ने युवाओं से कहा कि कानूनी दायर में रहकर युवा कोई काम करें, नहीं तो बाद में उन्हें बहुत पछताना पड़ेगा। उधर, एसपी ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों, बच्चो, छात्रों व युवाओं से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी ने सेना भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं से अपील की है वे शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए उपद्रव न फैलाएं। उन्होंने गोंडा जंक्शन के सीसीटीवी कक्ष का निरीक्षण कर सुरक्षा एजेंसियों को कड़ी निगरानी करने को कहा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे आरपीएफ और जीआरपी के अफसरों व कर्मियों को जरूरी हिदायत दी।

योजना से युवाओं का भविष्य अंधकारमयः सेना भर्ती की अग्निपथ योजना पर मचे बवाल के बीच परसपुर विकास मंच के संस्थापक अरुण सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने मांग की केंद्र सरकार इस स्कीम पर तत्काल रोक लगाए।

उन्होंने लिखा है कि सेना में चार वर्षों की भर्ती स्कीम से युवाओं ने जबरदस्त निराशा है। जो युवा कई सालों से सेना में भर्ती का सपना संजोए थे, उन्हें इससे जबरदस्त धक्का लगा है। साथ ही भविष्य में बेरोजगारों की फौज बढ़ने की आशंका है। इसलिए सरकार इस पर फिर से विचार करके योजना निरस्त करे। जिससे देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके और उनका आक्रोश खत्म हो। पत्र पर अरुण सिंह, राममनोहर तिवारी और हर्षित सिंह के नाम है। फिलहाल राष्ट्र की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने को लेकर भी चिंता जताई गई और संवाद स्थापित करने की पहल को बताया।

# शांतिपूर्ण माहौल में हुई जुमे की नमाज

संसू, गोंडा: जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में हुई। प्रशासन ने जिले को पांच जोन में बांटकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने भ्रमण करके व्यवस्था का जायजा लिया।

कानपुर व प्रयागराज में जुमे की नमाज के बाद हुए विवाद को देखते हुए प्रशासन काफी सतर्क था। शुक्रवार की सुबह से ही शहर में जगह-जगह सुरक्षा कर्मियों को तैनात कर दिया गया था। डेढ़ बजे जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में होने के बाद लोग अपने-अपने घरों को चले गए। जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन की नजर इंटरनेट मीडिया पर रही। वाट्सएप, फेसबुक से लेकर अन्य गतिविधियों पर पुलिस व साइबर सेल की टीमें सक्रिय रही। एसपी संतोष कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ ड्रोन कैमरे से निगरानी करते दिखे।

# अग्निपथ को लेकर सतर्कता, रोक-रोक कर चलाई गईं ट्रेनें

संसू, गोंडा: अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। शुक्रवार को लखनऊ-गोरखपुर रेल मार्ग पर सतर्कता बरतते हुए कई ट्रेनों को रोक-रोक कर चलाया गया। हर स्टेशन पर प्रशासनिक अधिकारियों ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ मिलकर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।

अग्निपथ को लेकर गुरुवार को नगर में युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसको लेकर शुक्रवार को प्रशासन काफी सजग दिखा। एक दिन पहले आंदोलन में शामिल रहे युवाओं की गतिविधियों पर प्रशासन की नजर रही। खुफिया इकाइयों को विशेष चौकसी के लिए लगाया गया था। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस कार्यालय में कोचिंग संचालकों के साथ बैठक की। उनसे जानकारी हासिल की। इसके बाद एसपी ने गोंडा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर एनपी सिंह व जीआरपी इंस्पेक्टर एमपी चतुर्वेदी से सुरक्षा प्रबंधों के बारे में जानकारी ली। सीसी कैमरे से हो रही निगरानी के बारे में कर्मियों से जानकारी ली। यात्रियों से भी संवाद किया। एसडीएम कुलदीप सिंह व नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने भी स्टेशन की व्यवस्था का जायजा लिया। मनकापुर में एसडीएम कीर्ति प्रकाश भारती ने रेलवे अधिकारियों से किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी ली।



अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर गोंडा रेलवे स्टेशन पर सीसी कैमरे के बारे में जानकारी लेते एसपी संतोष कुमार मिश्र बाएं से दूसरे • जागरण

**यात्रियों को हुई परेशानी :** हालांकि गोंडा में कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ लेकिन, अन्य शहरों में हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए रेल प्रशासन ने कई ट्रेनों को रोक-रोककर चलाया। इससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस को मसकनवा, आनंद विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस को मनकापुर, लखनऊ पाटलिपुत्र एक्सप्रेस को गोंडा व बांद्रा टर्मिनस बरौनी एक्सप्रेस को गोंडा कचहरी स्टेशन पर डेढ़ घंटे के लिए रोका गया।

## नशीली दवा के साथ गिरफ्तार

कटरा बाजार : पुलिस ने मलौना भगत पुरवा कर्नलगंज निवासी हसीब को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने कहा कि आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा किया गया है। (संसू)

## पंप चोरी

कटरा बाजार : ग्राम पंचायत शाहजोत के प्रधान धनीराम ने दी गई तहरीर में कहा कि गांव में स्थित सामुदायिक शौचालय का चोर दरवाजा तोडकर टुल्लू पंप व अन्य सामान उठा ले गए। एसओ चितवन कुमार ने कहा कि तहरीर मिली है। (संसू)

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

इटियाथोक : बैजपुर गांव में विद्युत पोल व केबल लगवाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मुहम्मद रमजान ने दी गई तहरीर में कहा कि गांव के कुछ लोग उसकी जमीन पर बिजली का पोल लगवा रहे थे। विरोध करने पर मारपीट की। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने कहा कि आरोपित रिजवान सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# बलवा से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण का किया अभ्यास

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस लाइन में दंगाइयों ने किया पथराव पुलिस ने दौड़ाया

**गोंडा।** पुलिस लाइन ग्राउंड में शुक्रवार को पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। इस दौरान दंगाइयों ने पुलिस टीम पर पथराव किया। पुलिस ने दंगाइयों को दौड़ाया। पुलिसकर्मियों को बलवाइयों से निपटने के बारे में विस्तार से बताया गया।

पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में कर्मियों की सेहत दुरूस्त रखने को परेड की गई। एसपी ने परेड की सलामी ली। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों को हर स्थिति से निपटने के लिए फिटनेस बनाए रखने के गुण बताए गए। इसके बाद दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया।

दो टीमें बनाई गईं। टीम प्रथम में पुलिसकर्मियों को बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट के साथ ही लाठी, अश्रु गैस, ग्रेनेड, रबड़ बुलेट, मिर्ची बम व अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ तैयार कर परेड ग्राउंड के एक भाग में तैयार रहने के निर्देश दिए गए।

## पीड़िता को धमका रहे आरोपी

**गोंडा।** खरगूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि 20 अप्रैल को उसने चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आज तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। आरोपी आए दिन घर पर डराते धमकाते हैं। उसके पति को आरोपी रास्ते में रोककर जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं। कहना है कि एक आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी कभी गवाहों, उसके पति व बेटे की हत्या कर सकते हैं। उसने आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। (संवाद)

## मारपीट में चार घायल, केस दर्ज

**परसपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुए विवाद में मां-बेटी व पुत्र सहित चार लोगों को चोटें आई हैं। दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को पहली घटना ग्राम दुरौनी लोनियन तिवारी गांव की है। यहां की निवासिनी शांती पत्नी रामबिलास ने तहरीर में कहा कि घर के सामने भैंस चराने व हांकने को लेकर शुक्रवार की दोपहर में एक व्यक्ति घर आकर उससे अभद्रता की और लाठी से पिटाई कर दिया। बचाने आए उसके पुत्र रामगोपाल व पुत्री नीलू को भी मारापीटा। शांती ने सकरौर शंकरपुरवा निवासी विनोद शुक्ला के खिलाफ रिपोर्ट थाना में दर्ज कराया है। दूसरी घटना नगर पंचायत परसपुर नौशहरा का है। यहां के निवासी राजू तिवारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि धनलाल पांडेय ने उससे अभद्रता कर मारा। राजू की तहरीर पर धनलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों प्रकरणों में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-06-2022

# जुमे की नमाज शांति से संपन्न

बलरामपुर। जुमे की नमाज़ शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। जिले में सांप्रदायिक सौहार्द कभी नहीं बिगड़ा। यहां सभी धर्म के लोग अमन पसंद है। अन्य जिलों में पिछले जुम्मे को बवाल हुआ था जिसे लेकर यहां की पुलिस सतर्क रही।

पुलिस पिछले एक सप्ताह से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रही थी। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी इस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना को इस बात का आश्वासन दिया कि जिले में कोई अराजकता नहीं हो सकती। डीएम श्रुति, एसपी राजेश कुमार सक्सेना, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव व अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष सभी सक्रिय थे।

# अराजक तत्वों से कठोरता से निपटें

बलरामपुर। सेना में भर्ती के लिए जारी नये निर्देशों के विरोध में कई राज्यों में छात्रों की ओर से किए गए उग्र प्रदर्शन के मद्देनजर बलरामपुर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत चौराहों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ने दी है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने विभिन्न स्थानों सहित कस्बा व अन्य संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। साथ ही जीआरपी एवं आरपीएफ अधिकारियों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# गुमशुदा व्यक्ति बरामद हुआ

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने गुमशुदा व्यक्ति को बरामद कर परिवारी जनों को सौंप दिया है। यह जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी उदय राज सिंह ने बताया कि पारिवारीजनों की सूचना पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस टीम ने गुमशुदा व्यक्ति प्रभु दयाल वर्मा पुत्र हरिहर वर्मा निवासी सेमरा को बरामद करके उनके परिवारी जनों को सौंप दिया है।

# पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्वक अदा की गई जुमे की नमाज

**जासं, बलरामपुर :** नूपुर शर्मा के बयान के बाद पिछले कुछ दिनों से देश के विभिन्न शहरों में चल रहे प्रदर्शनों को देखते हुए शुक्रवार को जिले में प्रशासन सतर्क रहा। जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। पुलिस प्रशासन ने इंटरनेट मीडिया पर पैनी नजर रखने के साथ संवेदनशील मुहल्लों व स्थानों पर ड्रोन से निगरानी की। मस्जिदों के पास पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जिलाधिकारी श्रुति और पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। बाजारों में चहल-पहल रही।

पिछले शुक्रवार को नमाज के बाद कुछ शहरों में उग्र प्रदर्शन हुए थे। उसी के मद्देनजर इस बार पहले से ही चौकसी बरती जा रही थी। पुलिस ने दो दिन पहले से ही ड्रोन से छतों की निगरानी शुरू कर दी थी।

785 मुहल्ला व गांव सुरक्षा समितियों का गठन कर उनको शांति व्यवस्था कायम रखने की जिम्मेदारी दी गई थी। पूरे जिले को 15 सेक्टर में बांटकर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई थी। मिश्रित आबादी वाले मुहल्लों पर विशेष सतर्कता बरती गई। इंटरनेट मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने वालों की पहचान कर उनके फेसबुक, ट्विटर, इंसटाग्राम, वाट्सएप पर थानावार नजर रखी गई।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में नमाज पढ़ाने के लिए पहले से तैयारी की गई थी। 150 संवेदनशील व अतिसंवेदनशील चिन्हित किए गए थे। सभी स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहीं।





बलरामपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था देखते एसडीएम राजेंद्र बहादुर बाएं व सीओ वरुण मिश्र दाएं, जरवा के बालापुर बाजार में जुमा की नमाज के दौरान मस्जिद के बाहर तैनात तहसीलदार परमेश कुमार, साथ में प्रभारी निरीक्षक पवन कनौजिया • जागरण

### रेलवे स्टेशन का लिया जायजा

अग्निपथ योजना को लेकर अन्य जिलों में चल रहे विरोध को देखते हुए जिले में भी सतर्कता बरती गई। एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर व सीओ सिटी वरुण मिश्र की अगुवाई में रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों से जानकारी ली।

### सड़क पर भ्रमण करती रही अधिकारियों की गाड़ी

**उतरौला :** जुमे की नमाज के दृष्टिगत पूरे नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तैनात रही। सफाईकर्मियों ने सफाई के दौरान घरों के सामने जमा कूड़ों के साथ ईंट, रोड़ा व मकानों का मलबा तक गाड़ियों में भर लिया था। पूरे दिन पुलिस की गाड़ियां सड़कों पर भ्रमण करती रहीं। नमाज खत्म होने के बाद लोगों को सीधे घर जाने की अपील मस्जिदों से इमामों ने की। लोगों की भीड़ छंटने के बाद प्रशासन ने चैन की सांस ली।

# दो आरोपित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा:** पुलिस ने जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेमरी सोनपुर गांव निवासी आरोपित सहजराम व शेखावत को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# मुंबई से आए दो परदेसियों समेत तीन मिले संक्रमित

- **17 दिन पहले भी आए तीन लोग मिले थे पाजिटिव**
- **गुरुवार को गुजरात से लौटा प्रवासी निकला था संक्रमित**

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** संक्रमण ने एक बार फिर तेजी पकड़ ली है। गुरुवार को गुजरात से आए एक प्रवासी के संक्रमित मिलने के बाद शुक्रवार को मुंबई से लौटे दो परदेसियों समेत तीन की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। 17 दिन पहले भी मुंबई से ही तीन पाजिटिव आए थे। जो अब स्वस्थ्य हैं।



मुंबई से लौट शिवपुरा बाजार व उतरौला के महुआ बाजार के दो परदेसियों की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है। इनकी जांच गोंडा रेलवे स्टेशन पर हुई जिसमें यह संक्रमित पाए गए। इनके अलावा खमौवा विशुनीपुर का एक व्यक्ति लखनऊ के विवेकानंद हास्पिटल में इलाज कराने गया था। यहां इसकी जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है। कल गुजरात से लौटा उतरौला के बक्सरिया गांव का एक युवक पाजिटिव पाया गया था। 17 दिन पूर्व भी मुंबई से लौटे तीन लोग संक्रमित मिले थे जो अब स्वस्थ हो गए। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुशील कुमार ने बताया कि वर्तमान में पांच केस एक्टिव हैं। संक्रमितों के आवासीय क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर कोविड प्रोटोकाल का पालन कराया जा रहा है। अब तक 8269 संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें 139 की मौत हो गई। 8125 लोग स्वस्थ हो गए। बताया कि संक्रमण की आहट को देखते हुए सभी को शारीरिक दूरी के पालन को लेकर गंभीर होना होगा।

# अतिक्रमण हटाने की दी नोटिस, कब्जे बरकरार

**संसू, श्रीदत्तगंज :** बाजार में आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रशासन ने दुकानदारों को नोटिस देकर चेतावनी दी, लेकिन कब्जा नहीं हटा।

पटरियों पर दुकान सजाने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ब्लाक कार्यालय की दीवार के किनारे तक अतिक्रमण करके लकड़ी चीरने की मशीन, ट्राली, डाबली रखकर कब्जा कर लिया है। सुरेश कुमार, पवन ने बताया कि बाजार में तीन बैंक, अस्पताल समेत ब्लाक कार्यालय है। आसपास के गांव के लोगों की आवाजाही अधिक है। सड़क का चौड़ीकरण कराकर फुटपाथ भी बना दिया गया है। बावजूद इसके दुकानदार कब्जा हटाने को तैयार नहीं है। खंड विकास अधिकारी सागर सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों सूचना दी गई है। शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने का अभियान चलेगा।

# ड्रोन की निगरानी में अदा की गई जुमे की नमाज

संवाद न्यूज एजेंसी

## डीएम, एसपी सहित सभी अधिकारी रहे भ्रमणशील

**बलरामपुर।** बीते दिनों जुमे की नमाज के बाद नूपुर शर्मा के बयान पर आक्रोश के कारण कई जिलों में हुई पत्थरबाजी को लेकर स्थानीय प्रशासन शुक्रवार को पूरी तरह से सतर्क नजर आया। कई दिनों से लोगों के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इसके साथ ही लोगों से कानून हाथ में न लेने की बात कही गई थी।

शुक्रवार की दोपहर में होने वाली जुमे की नमाज को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया। इबादतगाहों के आस पास भारी फोर्स तैनात की गई थी। संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरों से अराजकतत्वों पर नजर रखी गई। डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना भारी फोर्स के साथ भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा ले रहे थे। सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर, सीओ वरूण मिश्र, सीओ राधारमन, तुलसीपुर तहसील के एसडीएम मंगलेश दूबे व सीओ कुंवर प्रभात सिंह और उतरौला तहसील के एसडीएम संतोष ओझा व सीओ उदयराज सिंह अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर नमाज के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने का प्रयास करते रहे।

जिले में कहीं से भी किसी तरह के प्रदर्शन व नारेबाजी की सूचना नहीं है। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने पहले ही लोगों से कानून हाथ में न लेने, शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।



बलरामपुर में शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भ्रमण करतीं डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना। -संवाद

## सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी अराजकतत्वों पर नजर

**बलरामपुर।** नगर में हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस नगर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों लगवा रही है। इसकी शुरुआत कर दी गई है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट करने वालों की कुंडली खंगालने के बाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर विवादित बयान व भड़काऊ भाषण देने वालों पर भी शिकंजा कसने का प्लान तैयार कर लिया है। नगर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। यह काम एसपी राजेश कुमार सक्सेना के आदेश पर नगर कोतवाल संजय कुमार दूबे देख रहे हैं। नगर कोतवाल ने बताया कि नगर में 13 स्थानों को सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए चिह्नित किया गया है। इन स्थानों में सरायफाटक, झारखंडी मंदिर के सामने, मेजर चौराहा, चौक बाजार, बड़ा पुल, डॉ. मस्जिद मोड़, गर्ल्स कालेज चौराहा, मेवालाल पुलिस चौकी, मोहल्ला झंझड़ा स्थित चौराहा, वीर विनय चौराहा, भगवतीगंज तिराहा, भगवतीगंज बड़ी मस्जिद तथा बलुहा मोहल्ला स्थित कालिया मस्जिद शामिल है। साथ ही नगर के सभी व्यापारियों से अपील की गई है कि वह अपनी दुकान के बाहर सड़क की ओर सीसीटीवी कैमरा लगवाए और इसे 24 घंटे ऑन रखें।



# बाढ़ से निपटने के लिए चौकियां और राहत केंद्र

## कार्ययोजना तैयार कर विभागीय अफसरों को सौंपी जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन ने कार्ययोजना तैयार कर विभागीय अफसरों को जिम्मा सौंप दिया है। राजस्व, स्वास्थ्य व पुलिस समेत अन्य विभागीय कर्मचारियों का ड्यूटी चार्ट तैयार कर अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। जिले के तीनों तहसीलों में 31 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। इसके अलावा 19 राहत केंद्र भी बनाए गए हैं।

डीएम श्रुति ने शुक्रवार को बताया कि बाढ़ आपदा से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। सदर तहसील में 12, तुलसीपुर तहसील में छह व उतरौला तहसील में 13 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। सदर तहसील में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सात, उतरौला में पांच व तुलसीपुर में सात राहत केंद्र भी बनाए गए हैं। बाढ़ की स्थिति में राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, पंचायती राज, खाद्य व रसद, आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा और बाढ़ खंड के अधिकारियों व कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगा दी गई है।

बताया कि सदर तहसील में आठ, उतरौला में 10 व तुलसीपुर में आठ निजी नावों की व्यवस्था करा दी गई है। नावों को चलाने के लिए तीनों तहसीलों में 48 नाविकों को सूचीबद्ध किया गया है, जोकि आपात स्थिति में बचाव कार्य में लगाए जाएंगे। दो गोताखोर भी सूचीबद्ध किए गए हैं।

**आपदा मित्रों को किया गया प्रशिक्षित :** जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने बताया कि बाढ़ के दौरान मदद लेने के लिए 14 स्वयं सेवी संस्थाओं से संपर्क किया गया है। 300 से अधिक आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया गया है। पीडब्ल्यूडी, विद्युत, वन, परिवहन, जल निगम, दूर संचार व पशु चिकित्सा विभाग सहयोग करेंगे। नालों के सफाई का कार्य कराया जा रहा है, जिससे शहरों में जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो। 92 चिकित्सक, 118 पैरामेडिकल स्टॉफ, 357 एएनएम, 1916 आशा सहित 10 मोबाइल चिकित्सा दल बनाए गए हैं।

इसमें 18 चिकित्सकों, 64 पैरामेडिकल स्टॉफ और 64 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। 1398 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भी ड्यूटी लगाई गई है। सात जुलाई को जिले में चिन्हित पांच स्थानों पर मॉक एक्सरसाइज की जाएगी।

### तटबंध सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश

बलरामपुर-भड़रिया तटबंध, एमएलटीजी तटबंध, करमहना तटबंध, करमहना रिटायर्ड तटबंध, चौहत्तरखुर्द सुरक्षा तटबंध, पिपरहिया जमुनी तटबंध, खरझार तटबंध, इमिलिया खादर तटबंध, फरूहवा तटबंध, रामनगर तटबंध, बिलोहा बनकसिया तटबंध, करमहना भोजपुर तटबंध, भगवानपुर तटबंध, बेलहा चरनगहिया तटबंध, कोड़री घाट तटबंध, बायां-दायां गाइड बांध, अफलक्स बांध व निर्माणाधीन भोजपुर-शाहपुर तटबंध की सुरक्षा के लिए बाढ़ खंड के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। 11 बाढ़ परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से तटबंधों पर 17 स्थल, नदी के किनारे तटबंध नहीं हैं, वहां 13 स्थल और पहाड़ी नालों के पांच कटान वाले स्थलों को चिह्नित किया गया है। सदर तहसील के कल्यानपुर गांव के बाढ़ प्रभावित 66 व्यक्तियों को विस्थापित किए जाने की कार्ययोजना बनाई गई है।

# बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर सभी कोतवाली व थानों की पुलिस खनन माफियाओं के खिलाफ धर पकड़ का अभियान चला रही है। एसआई श्याम निवास राय ने शुक्रवार को बताया कि देहात कोतवाली के कल्यानपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद को बालू लदी ट्राली के साथ गिरफ्तार किया है। संवाद

# उतरौला में संपूर्ण समाधान दिवस आज

## तीनों तहसीलों में फरियादियों के शिकायतों की आज होगी सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** जिले के तीनों तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस कराया जाएगा। इस दौरान आने वाली फरियादियों के शिकायतों की सुनवाई होगी। मौके पर मामलों का निस्तारण कराने के साथ बाकी बचे मामलों का पुलिस और राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाएगा।

शुक्रवार को डीएम श्रुति ने बताया कि 18 जून को उतरौला तहसील सभागार में एसपी राजेश कुमार सक्सेना के साथ जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनेंगी। उतरौला तहसील सभागार के संपूर्ण समाधान दिवस में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह से सदर तहसील सभागार में आने वाले फरियादियों की शिकायतें सीडीओ संजीव कुमार मौर्य सुनेंगे। तुलसीपुर तहसील सभागार में एडीएम राम अभिलाष व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव फरियादियों की शिकायतें सुनेंगी।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-06-2022

# पांच डग्गामार टैम्पो, बस और ट्रैक्टर ट्राली सीज

- यातायात पुलिस ने 42 वाहनों का किया ई- चालान
- अवैध डग्गामार वाहनों के विरुद्ध मुहिम में आई तेजी

बहराइच, संवाददाता। सीएम के डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पांच डग्गामार बसें, आटो व ट्रैक्टर-ट्रालियां सीज की गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर शुक्रवार को यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान की शुरुआत की।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के मार्गदर्शन व सीओ यातायात विनय कुमार द्विवेदी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आनेंद्र यादव व उनकी टीम ने शहर के विभिन्न चौराहों- तिराहों पर सघन वाहन चेकिंग की। जिसमें तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट व वाहन का संचालन करते समय मोबाइल फोन या हेडफोन का इस्तेमाल करने वाले वाहनों का चालान किया गया। गुरुवार को पूरे दिन चले इस चेकिंग अभियान में 42 वाहनों से 1.61 लाख रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया। पांच अवैध डग्गामार बस, टैम्पो, ट्रैक्टर ट्राली सीज की गई। प्रचार वाहन के माध्यम से आम जनमानस को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व किसी भी वाहन का संचालन करते समय मोबाइल फोन व हेड फोन का प्रयोग न करने की हिदायत दी गई। ई-रिक्शा चालकों को सूर्यास्त होने के बाद हेड लाइट का प्रयोग करने की सलाह दी।

# कच्ची शराब बना रहे दो गिरफ्तार, शराब मिली

- पांच हजार किलो लहन, भट्ठी व उपकरणों को नष्ट किया
- पांच हजार किग्रा लहन व उपकरणों को नष्ट कराया

बहराइच, संवाददाता। मोतीपुर थाने की पुलिस ने कच्ची शराब के विरुद्ध चलाई गई मुहिम में गुरुवार की देर शाम दो लोगों को कच्ची शराब बनाते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। मौके पर भारी मात्रा में शराब मिली है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि एसएचओ मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह को भनक लगी कि राजापुर कतर्निया में गुपचुप तरीके से बड़े पैमाने पर मिलावटी शराब बनाकर तस्करी की जा रही है। उन्होंने तत्काल अफसरों को जानकारी दी। एसएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ नानपारा डा.जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम आशीष यादव, मुख्य सिपाही राम आशीष वर्मा, सिपाही मनोज चौधरी, विशाल सिंह ने राजापुर कतर्निया में दबिश दी। पुलिस ने कच्ची शराब बना रहे इसी गांव निवासी रंगी लाल, जर्नादन को गिरफ्तार किया गया।

मौके पर 149 लीटर कच्ची शराब, एक किग्रा यूरिया, एक किग्रा नौशादर बरामद किया गया। लगभग पांच हजार किग्रा लहन, भट्ठी व उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आबकारी व अपमिश्रण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया।

# शांतिपूर्ण नमाज के बाद प्रशासन ने ली राहत की सांस

## सतर्कता

**बहराइच, संवाददाता।** भारत- नेपाल सरहद से लगे अति संवेदनशील जिले में शुक्रवार को सभी जगहों पर शांतिपूर्ण तरीके से जुमा की नमाज पढ़ी गई। कहीं से भी कोई अप्रिय समाचार नहीं है। नमाज होने के बाद प्रशासनिक अमले ने राहत की सांस ली है। अभी भी एहतियात के तौर पर कड़ी चौकसी बरकरार है। सेना के अग्नि पथ को लेकर कुछ जिलों में विरोध के मद्देनजर भी जिले में सुरक्षा बल अलर्ट पर है।

पिछले दो सप्ताह कानपुर सहित कई जिलों में शुक्रवार की नमाज के बाद बवाल के मद्देनजर प्रशासन लगातार चौकसी बनाए हुए है। डीएम डॉ.दिनेश चंद्र व एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने गुरुवार शाम सुरक्षा बल के साथ रूट मार्च किया ही था। शुक्रवार सुबह भी डीएम एसएसपी ने रूट मार्च कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से नमाज पढ़ने की अपील की। इसके बाद डीएम व एसएसपी, एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एडीएम मनोज, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, सीओ सिटी विनय कुमार द्विवेदी आदि अफसरों ने घंटाघर चौक पुलिस चौकी पर कैम्प कर पूरे जनपद की पल पल की जानकारी लेते रहे।



शहर में शुक्रवार को रूटमार्च के दौरान शांति व सुरक्षा की अपील करते डीएम।

भारी सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच शहर में सन्नाटा पसरा रहा। दूसरी ओर शहर में दरगाह जेठ मेला इलाके में एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है।

रविवार को दरगाह के जेठ मेला की अंतिम चौथी की वजह से दरगाह इलाके में भीड़ बनी रहने की सम्भावना है। अग्नि पथ को लेकर विभिन्न जिलों में विरोध के मद्देनजर प्रशासन की चौकसी लगातार चल रही है।

**मिहींपुरवा में भी बरती गई कड़ी सतर्कता :** बहराइच । शुक्रवार को मोतीपुर थाने के इलाके में एसडीएम व सीओ के नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस बल एवं पीएसी के साथ रूट मार्च किया गया।

लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई नमाज

नवाबगंज। जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज पढ़ी गई। नमाज को लेकर हज्जिन मस्जिद बाजार वाली मस्जिद, जामा मस्जिद सहित ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही। राजस्व विभाग से राजस्व कर्मी राकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस इलाके का भ्रमण करती रही।

# दहेज उत्पीड़न में छह पर केस

बलहा। नानपारा कोतवाली के मैना नैवरिया गांव के मजरे कहारनपुरवा निवासिनी बसंती को उसके पति गब्बर शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर आए दिन मारपीट कर उत्पीड़न कर रहे थे। उसका मायका व ससुराल एक ही गांव में है। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे पति व अन्य ससुरालीजनों ने 25 मई को जमकर मारा पीटा। पीड़िता को घर से भगा दिया। मायके वालों ने ससुराल वालों को काफी समझाने की कोशिश की। कोई असर न होते देख पीड़िता ने पति सहित छह लोगों के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न की तहरीर दी। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाल शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तीसरे शनिवार 18 जून को तहसील सदर में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# महिला से मारपीट का केस दर्ज

बलहा। नानपारा कोतवाली के गुलालपुरवा में आपसी रंजिश को लेकर अफसाना बानों पत्नी जमींदार पर 15 जून को गांव के ही गुलाम पुत्र महबूब ने हमला कर मारपीट की थी। पीड़िता को कोतवाली लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल को भेज दिया। पीड़िता की तहरीर पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# दरगाह में छापेमारी के दौरान छह किलो नकली चाय सीज

बहराइच, संवाददाता। मिलावट खोरी पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को खाद एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दरगाह में छापेमारी की। इस दौरान एक होटल से छह किलो नकली चाय बरामद की। दो नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

जिला अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की शाम दरगाह मेले में छापेमारी की गई। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने जम जम होटल में सूजी हलवा का एक नमूना संग्रहित किया। इसके अलावा सोनू होटल में छह किलो नकली चाय पकड़ी गई, जिसे टीम ने सीज कर दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकिता श्रीवास्तव ने गार्डन फ्रेश टी का नमूना लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजा है।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या के अफसरों की टीम ने निरीक्षण के दौरान की कार्रवाई

# कार्रवाईः रायल्टी जमा न करने पर पांच ईंट-भट्ठे सीज किए गए

## सख्ती

बहराइच, संवाददाता। डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र की ओर से कई बार की बैठकों में दी गई हिदायतों के बाद भी ईंट-भट्ठों पर शासन के निर्देशों के मुताबिक मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के अफसरों की टीम बहराइच पहुंची। टीम ने नानपारा तहसील इलाके में निरीक्षण के दौरान पांच अवैध रूप से चल रहे ईंट-भट्ठों को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से ईंट-भट्ठा संचालकों में हड़कम्प की स्थिति है।

अफसरों के निरीक्षण दल में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या के वैज्ञानिक सहायक राजेन्द्र चौबे व अनुश्रवण सहायक दिनेश चन्द्र मिश्रा, तहसीलदार नानपारा व खनन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मौर्य शामिल रहे। कार्रवाई की जद में आए ईंट-भट्ठों पर कई अनियमितताएं मिलीं। खनन अधिकारी ने बताया कि संचालकों की ओर से रायल्टी नहीं जमा की जा रही थी। जीएसटी आदि कागजात भी मुकम्मल नहीं पाए गए। जिसके बाद टीम की ओर से यह कार्रवाई की गई है।



नानपारा में ईंट-भट्ठों का निरीक्षण करने अयोध्या से पहुंची टीम।

**इन ईंट भट्ठों के विरुद्ध हुई कार्रवाई**

बहराइच। औचक निरीक्षण के दौरान अवैध संचालन मिलने पर गुरुघुट्टा के मजरे अमवा हुसैनपुर स्थित मेसर्स अपना ब्रिक फील्ड के संचालक नानपारा के माधी सरैया निवासी इलियास अहमद, यही स्थित मेसर्स आदर्श ब्रिक फील्ड के संचालक आम्बा पोखर निवासी गुलाम सैय्यद खान, मेसर्स न्यू खान ब्रिक फील्ड अमवा हुसैनपुर के संचालक अकबर अली पुत्र नसीर अहमद व मेसर्स न्यू चौधरी ब्रिक फील्ड अमवा हुसैनपुर के संचालक जगन्नाथपुर पूरे बेचईपुरवा निवासी विनोद चौधरी पुत्र यमुना प्रसाद, व मेसर्स लाला ब्रिक फील्ड बंजारन टाड़ा के संचालक मोतीपुर बस अड्डा

## डीएम ने ईंट-भट्ठा संचालकों संग बैठक में निर्देश दिए थे

बहराइच। हाल ही में डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र की ओर से ईंट-भट्ठों उद्योग समिति के पदाधिकारियों संग बैठक कर विभिन्न मुद्दों व समस्याओं पर चर्चा की थी। इस दौरान समिति की ओर से उद्योग संचालन को लेकर रियायत व विभिन्न सुझाव दिए गए थे। जबकि जिलाधिकारी ने सभी संचालकों से समय से रायल्टी, जीएसटी आदि को समय से जमा करने को कहा गया था। इसके अलावा शासन के नियमों के अनुकूल ही ईंट-भट्ठों के संचालन की हिदायत दी गई थी। बावजूद भी शुक्रवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या से पहुंची टीम को निरीक्षण के दौरान तमाम अनियमितताएं देखने को मिलीं। जिस पर पांच पर कार्रवाई के साथ अन्य को व्यवस्था सुधारने की हिदायत भी दी गई है।

# लेखपाल ने ली रिश्वत, निलंबित

## वायरल वीडियो में लेखपाल खुलेआम पैसे गिनते नजर आ रहा

**जासं, बहराइचः** लेखपाल के जमीन की पैमाइश के लिए रिश्वत लेने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पीड़ित ग्रामीण ने लेखपाल की इस करतूत की वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की चर्चा है। वायरल वीडियो महसी तहसील के कनेरा के लेखपाल मूलचंद पांडेय का बताया जा रहा है, जो 'दैनिक जागरण' के पास भी है।

वायरल वीडियो में लेखपाल की ओर से एक ग्रामीण की जमीन पैमाइश के लिए बाकायदा पैसे की मांग सामने आ रही है। पीड़ित ग्रामीण बाइक से लेखपाल के पास पहुंचता दिखाई दे रहा है। वीडियो में पीड़ित ग्रामीण के सामने तख्त पर बैठे लेखपाल के पैमाइश कर साढ़े पांच बिस्वा जमीन देने की बात सामने आ रही है।

ग्रामीण की ओर से दिए गए पैसे को लेखपाल गिनते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो महसी तहसील के ग्राम पंचायत कोदही कनेरा के निकट किसी स्थान का बताया जा रहा है। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद राजस्व अमला हलकान है।

- **भ्रष्टाचार का दंश जमीन की पैमाइश के लिए ले रहे थे धन**
- **कहा-पैसा मिला था, लेकिन कर दिया था वापस**
- **लेखपाल के पैमाइश कर साढ़े पांच बिस्वा जमीन देने की बात सामने आ रही है**
- **वीडियो लेखपाल मूलचंद का है**



### जमीन की पैमाइश करने के बदले ली थी रिश्वत

ग्रामीण की जमीन के पैमाइश करने के बदले रिश्वत लेने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर आने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आया। प्राथमिक छानबीन के बाद लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल मूलचंद पांड्य को निलंबित कर दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है।

लेखपाल मूलचंद पांडेय का कहना है ग्रामीण धनीराम ने उन्हें पैसा दिया था, जिसे हमने उन्हें वापस कर दिया था।

# पुलिस रही सतर्क, शांतिपूर्ण ढंग से हुई नमाज

## डीएम-एसपी लेते रहे हालात का जायजा उपद्रव की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल रहा तैनात

**जासं, बहराइच :** जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। शहर को पूरी तरह सुरक्षा की बंदिशों में जकड़ा गया था। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर पुलिस व पीएससी के जवान मुस्तैद रहे। ड्रोन कैमरे के माध्यम से पूरे शहर पर आसमान से निगरानी की जाती रही। डीएम व एसपी भ्रमण करने के साथ पूरे जिले का पल-पल का जायजा लेते रहे।

कानपुर में हुए विरोध की आड़ में हुए उपद्रव को देखते हुए घंटाघर पुलिस चौकी पर एसपी शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय, सीओ विनय कुमार द्विवेदी, नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने सुरक्षा की कमान संभाली। जुमे की नमाज के बाद जब लोग अपने-अपने घरों को वापस चले गए, तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान बाजार पूरी तरह गुलजार रहे।

जुमे की नमाज के बाद जिले में उपद्रव की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने पूरे जिले में मजिस्ट्रेट की तैनाती की थी। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने जिले के संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की थी। एसपी पल-पल अधिकारियों से पूरे जिले की रिपोर्ट लेते रहे। घंटाघर चौराहे की तरफ आने वाले भारी वाहनों को प्रतिबंधित कर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिस के जवानों को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया था।

सुजौली, बिछिया, शिवपुर, इमामगंज, नानपारा, मिहींपुरवा, रुपईडीहा, महसी, नवाबगंज में एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार पुलिस बल के साथ चप्पे-चप्पे का जायजा लेते रहे। कैसरगंज में सीओ कमलेश सिंह, एसओ दद्दन सिंह, मोतीपुर में एसओ मुकेश सिंह, हरदी में अमनमणि त्रिपाठी सक्रिय रहे।

जरवलरोड, फखरपुर, गंगवल, पयागपुर, विशेश्वरगंज, हुजूरपुर में पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर मोर्चा संभाल रखा था। दोपहर को जब नमाज का समय हुआ तो पुलिस पूरी तरह अलर्ट नजर आई। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात रहे। पुलिस की मुस्तैदी का नतीजा रहा कि भाईचारा व सद्भाव कायम रहा।



शहर के घंटाघर चौक पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी केशव कुमार चौधरी ● जागरण



कैसरगंज क्षेत्र में जुमे की नमाज से पहले लोगों के साथ मौजूद एसओ दद्दन सिंह (दाएं से दूसरे) ● जागरण



घंटाघर चौक बाजार में खुली दुकानें ● जागरण



नानपारा में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ● जागरण



घंटाघर चौक बाजार में खुली दुकानों के बाहर तैनात पैरामिलिट्री फोर्स ● जागरण

# लेखपाल का घूस लेते वीडियो वायरल निलंबित

**महसी(बहराइच)।** सोशल मीडिया पर एक लेखपाल का घूस लेते वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लेखपाल जमीन संबंधी किसी मामले में रकम की मांग करता दिख रहा है। पूरी रकम न मिलने पर गुस्से में भी दिख रहा है। वीडियो महसी तहसील के लेखपाल मूलचंद पांडे का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। वीडियो में सामने आया है कि बातचीत के दौरान लेखपाल संबंधित व्यक्ति से किसी मामले के एवज में पैसों की मांग करता दिख रहा है। व्यक्ति की ओर से पूरा पैसा न मिलने पर लेखपाल गुस्से में काफी कुछ कहता भी है। वायरल वीडियो महसी तहसील के एक लेखपाल का होने का दावा किया जा रहा है। वीडियो के संबंध में जब प्रभारी तहसीलदार विपुल कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया तो जांच के लिए राजस्व निरीक्षक को लगाया गया। मामला सही पाया गया तो लेखपाल को निलंबित कर दिया गया। संवाद

# डीएम ने संभाली कमान, ड्रोन से निगरानी

## छावनी में तब्दील रहा जिला, शांतिपूर्ण माहौल में हुई जुमे की नमाज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** कानपुर व प्रयागराज समेत अन्य जिलों में बीते दिनों जुमे के बाद काफी बवाल हुआ था। इसी को देखते हुए जिले में इस बार जुमे की नमाज के दौरान काफी सतर्कता बरती गई। शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा कराने की जिम्मेदारी डीएम व एसपी ने बखूबी निभाई।

नमाज शुरू होने से पहले ही डीएम व एसपी ने कमान संभाल ली और पूरे जिले की मॉनीटरिंग की। शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा होने के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली। इस दौरान ड्रोन कैमरों से निगरानी होती रही। शुक्रवार को सुबह से ही डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी केशव चौधरी सड़कों पर गश्त करते नजर आए। शहर के घंटाघर चौराहे के आसपास फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके बाद डीएम व एसपी फखरपुर व जवरलरोड होते हुए अन्य स्थानों पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा की गई। सुरक्षा के मद्देनजर पीएसी व पुलिस के जवान तैनात रहे। सभी थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र में गश्त कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे। लोगों ने भी पूरा सहयोग किया और बिना किसी के बहकावे में आए नमाज पढ़कर घर चले गये।





बहराइच में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान घंटाघर चौराहे पर तैनात पुलिस के जवान। बहराइच में शुक्रवार को शहर में गश्त करते डीएम व एसपी। -संवाद

### बुजुर्ग महिला को भेंट किए फल

फ्लैग मार्च के दौरान घंटाघर के पास तेज धूप से परेशान बुजुर्ग महिला को देखकर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की मानवीय संवेदना जाग उठी। उन्होंने वृद्धा के पास पहुंचकर कुशलक्षेम पूछते हुए जानकारी ली कि उन्हें किन-किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। डीएम ने फल खरीदकर उन्हें समर्पित किया। नकद देकर भी मदद की। डीएम-एसपी थाना फखरपुर पहुंचे तो स्वच्छता के लिए प्राइवेट फॉलोवर की सराहना करते हुए नकद पुरस्कार दिया। फॉलोवर संदीप कश्यप ने उन्हें काफी सफाई के साथ चाय परोसी थी।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-06-2022

# महिलाओं को किया गया जागरूक

**मिशन शक्ति**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल की ओर से महिलाओं, युवतियों को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को टीम की ओर से भीड़ भाड़ वाले स्थानों में पर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा जागरूक किया गया।

पुलिस विभाग की ओर से मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देश पर थाना स्तर पर गठित शक्ति मोबाइल, महिला बीट पुलिस अधिकारी की टीम की ओर से



महिलाओं को पत्रक देकर समझाती महिला सिपाही

विभिन्न कस्बों, क्षेत्रों, बाजारों, मॉल व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जांच अभियान चलाया गया। जिसके तहत टीम में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

टीम ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। महिलाओं को इसका सदैव अहसास होना चाहिए। कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें।

# जनता से स्थापित करें मधुर व्यवहार : एसपी

**जासं, श्रावस्ती :** शुक्रवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस लाइन ग्राउंड में पहुंचकर परेड की सलामी ली। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। जनता से मधुर व्यवहार स्थापित रखने के निर्देश दिए। एसपी ने यूपी- 112 के दोपहिया व चारपहिया वाहनों का निरीक्षण किया। कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी को निर्देश दिए।

# 85 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 85 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर एक लाख 38 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# एसपी ने थाने का निरीक्षण किया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने शुक्रवार को सिरसिया थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक, मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने थाना कार्यालय में रजिस्टरों को चेक किया तथा उनके रख रखाव व उनमें पायी गई कमियों को सुधारने का निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिया।

# कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण अदा हुई नमाज

**श्रावस्ती, संवाददाता।** विभिन्न जिलों में उग्र प्रदर्शन के मद्देनजर प्रशासनिक अमला शुक्रवार की नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर रहा। जिले की सभी मस्जिदों पर भारी पुलिस बल तैनात रही। जिसके चलते शांति व्यवस्था के साथ नमाज अदा हुई और कहीं से भी किसी घटना की खबर नहीं मिली।

बीते दिनों कानपुर में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल को देखते हुए जिले को अलर्ट मोड पर रखा गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर जिले को सात जोन में बांटा गया। सुरक्षा की कमान एसपी खुद संभाले रहे। पूरा जिला छावनी में तब्दील रहा।

बोतल में पेट्रोल देने पर पाबंदी रही और सड़क किनारे पड़े पत्थर हटवा दिए गये। अमन-चैन के बीच जुमे की नमाज संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। पूरे जिले में पुलिस के अलावा पीएसी बल भी मोर्चा संभाले रहा। एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने गुरुवार को ही पूरे जिले में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास करा दिया था। शुक्रवार सुबह से ही सड़कों पर पुलिस नजर आने लगी। दोपहर 12 बजे तक पूरे जिले को छावनी में तब्दील कर दिया गया। भिनगा के ईदगाह पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। जुमे की नमाज के दौरान कोई अराजक तत्व अराजकता न फैलाने पाए इसके लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाती रही।

# मंदबुद्धि महिला को परिजनों से मिलाया

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शुक्रवार को एक मंदबुद्धि महिला को उसके परिजनों से मिलाया। 13 जून को थाना गिलौला क्षेत्र में एक विक्षिप्त महिला गिलौला नहर किनारे लोगों को मिली थी। लोगों ने पुलिस को बुलाकर महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। महिला को गिलौला थाने में महिला आरक्षी के सुपुर्दगी में रखा गया था। पुलिस की ओर से महिला की फोटो शेयर कर पूछताछ की जा रही थी।

# कमियों को करें दूर

**श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने भिनगा कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक, मेस के साफ-सफाई देखी। कार्यालय के अभिलेखों की जांच की। रखरखाव व उनमें मिलीं कमियों को सुधारने के निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों से समस्याए जानी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे। (वि.)

## शांतिभंग में 11 पाबंद

**श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान जारी है। दो दिन में विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। (वि.)

## 85 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती :** जिले में यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराने के लिए यातायात पुलिस की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों को जांच की गई। (वि.)

# शांतिपूर्ण तरीके से निपटी जुमे की नमाज

## नगर भ्रमण कर की शांति की अपील, प्रशासन ने ली राहत की सांस

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले में शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया था। इसके लिए गुरुवार डीएम व एसपी ने पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों के साथ नगर भ्रमण कर लोगों से अमन-चैन बनाए रखने की अपील की थी। शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जुमे की नमाज व जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कस्बा भिनगा व सिरसिया पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहाकि जनता में विश्वास की भावना सुदृढ़ करने के लिए पैदल गश्त करते रहे। सभी संवेदनशील स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी महत्वपूर्ण व संवेदनशील स्थलों पर वीडियो कैमरे व ड्रोन से निगरानी कराई जा रही है। सुदृढ़ पुलिसिंग के लिए सेक्टर योजना लागू की गई है। सभी वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी संवेदनशील क्षेत्र में भ्रमणशील हैं। इस दौरान जिले के सभी प्रमुख मसजिदों व संवेदनशील क्षेत्रों पर भारी संख्या में पुलिस व पैरामिलिट्री के जवान तैनात रहे।



भिनगा में ईदगाह के सामने मौजूद एसपी व अन्य पुलिस कर्मी। -संवाद

## सात जोन व 39 सेक्टर में बंटा जिला

**श्रावस्ती।** जुम की नमाज व बकरीद के त्योहार को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ में है। इसे सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा जिले को सात जोन व 39 सेक्टर में बांटा गया है। इसके लिए अधिकारियों की भी तैनाती की गई है।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि जुमे की नमाज व बकरीद त्योहार को सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए जिले को 7 जोन व 39 सेक्टर में बांटा गया है, जहां अधिकारियों की तैनाती की गई है। जिले में जोनल व सेक्टर व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल व सेक्टर स्कीम लागू की गई है। साथ ही पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि जोनल व सेक्टर की टीम अपने अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द को बनाये रखेंगे। संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी सेक्टर एवं जोनल टीम को अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे। संवाद

# लंबित विवेचनाएं जल्द करें निस्तारित

## एसपी ने सिरसिया थाने का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाने का गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं को एक सप्ताह में निस्तारित करने का निर्देश दिया।

सिरसिया थाने का गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने औचक निरीक्षण किया। थाना स्तर पर कई विवेचनाएं लंबित मिलीं। जिसे एक सप्ताह में निस्तारित करने, वांछित व वारंटियों की गिरफ्तारी करने तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से यथाशीघ्र निस्तारण करने के लिए प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया। उन्होंने थाना परिसर, आगंतुक कक्ष, हवालात, बैरक, मालखाना, भोजनालय, थाना कार्यालय में रजिस्टरों व शस्त्रों की जांच की। बीट आरक्षियों के साथ बैठक कर बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संवाद

# महिलाओं को हक के प्रति किया जागरूक

**श्रावस्ती।** ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला पुलिस मिशन शक्ति अभियान चला रही है। इसी के तहत शुक्रवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी व शक्ति मोबाइल प्रभारी ने बेतौनी व कटौतिया में चौपाल लगाई।

टीम में शामिल महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को बाल विवाह, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि को लेकर जागरूक किया। वहीं, सोनी देवी व अर्जिता यादव ने वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चिकित्सकीय सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 आदि के बारे में जागरूक करते हुए पंफलेट भी वितरित किए। साथ ही यह भी बताया कि किसी प्रकार की समस्या होती है तो हेल्पलाइन पर फोन कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। संवाद



महिलाओं व युवतियों को जागरूक करती शक्ति मोबाइल की टीम। -संवाद

# एसपी ने ली रैतिक परेड की सलामी

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन, भिनगा के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को रैतिक परेड का आयोजन हुआ। एसपी ने पहुंचकर सलामी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर खामियां दुरुस्त करने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश भी दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक विनोद सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस अपराधियों के विरुद्ध अभियान चला रही है। बृहस्पतिवार रात छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, जिला पुलिस ने विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 85 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही पुलिस ने 138000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद